दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 311 | जयपुर | रविवार, 15 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



## जलझुलनी एकादशी, गोविंददेवजी को लगाया 1100 किलो फलों का भोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भाद्रपद शुक्ल एकादशी शनिवार को जलझूलनी एकादशी पर्व के रूप में मनाया। जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर समेत प्रमुख मंदिरों में आयोजन किए जा रहे है। कृष्ण मंदिरों में एकादशी के तहत बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी । जयपुर के समीप स्थित धार्मिक नगरी गोनेर के आराध्य देव भगवान लक्ष्मी जगदीश शनिवार को जगन्नाथ सरोवर में विभिन्न झांकियों के साथ जलविहार किया। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक एकादशी तिथि शुक्रवार रात 10.31 से शुरू होकर शनिवार रात 8.42 बजे तक रहेगी। इस दिन वैष्णव संप्रदाय के लोग एकादशी का व्रत रखते है। इस दिन को जलझूलनी, परिवर्तनी, पदमा एकादशी, डोल ग्यारस और वामन जयंती एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु करवट बदलते हैं। दो महीने बाद देवउठनी एकादशी (12 नवंबर) को भगवान विष्णु का शयन समय यानि चातुर्मास समापन होगा।

### पंचामृत अभिषेक कर नवीन नटवर वेश पोशाक धारण करवाई

गोविंददेवजी मंदिर में मंगला झांकी के बाद जलझूलनी पूजन किया गया। इस दौरान ठाकुर श्रीजी के दर्शन पट बंद रहे। भगवान का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। ठाकुर श्री जी को नवीन नटवर वेश पोशाक धारण करवाई गई और विशेष अलंकार श्रृंगार किया गया। एकादशी के अवसर पर भगवान को 1100 किलो फलों जिसमें सेब, नाशपाती, पपीता, अनार, अन्नानस और अंगूर का भोग लगाया गया।

महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्री शालिग्रामजी भगवान (नारायण जी) को विशेष छोटी चांदी के खाट पर विराजमान कर मंदिर के दक्षिण पश्चिमी चौक तुलसी मंच पर ले जाया जाएगा। यहां वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर चंदन श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद आरती की जाएगी और भोग अर्पण किया जाएगा । हरिनाम संकीर्तन की स्वर लहरियों के साथ तुलसी मंच की चार परिक्रमा कराकर फिर से ठाकुर श्री शालिग्राम जी को खाट पर विराजमान किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर को 3 खानदानों ने बर्बाद किया : मोदी

## ये हैं पीडीपी, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस; यह चुनाव नौजवानों और इनके बीच



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (14 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए डोडा पहुंचे। यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम में मोदी ने 45 मिनट की स्पीच दी। इस दौरान पीएम मोदी ने परिवारवाद, आतंकवाद, पत्थरबाजी, कश्मीरी पंडित और आर्टिकल 370 जैसे मुद्दों पर जनता को संबोधित किया। पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर को कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी खानदान ने बर्बाद किया। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया, वो किसी पाप से कम नहीं है। तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बर्बादी देने के जिम्मेदार हैं। हम और आप मिलकर एक सुरक्षित कश्मीर का निर्माण करेंगे, ये मोदी की गारंटी है।

वहीं मोदी ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा- ये कहते हैं अगर 20 सीटें और आतीं तो मोदी समेत सभी नेता जेल में होते। आपको नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनानी है, या लोगों के भले के लिए।

### डोडा में पीएम मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

**परिवारवाद पर:** मोदी बोले- एक तरफ तीन खानदान, उनके सामने कश्मीर के नौजवान पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर कहा- जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव 3 खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। एक तरफ तीन खानदान हैं, दूसरी तरफ सपने लेकर निकल पड़े नौजवान हैं। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया, वो किसी पाप से कम नहीं है। तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बर्बादी देने के जिम्मेदार हैं। इन तीन खानदानों ने यहां करप्शन को बढ़ावा दिया। जमीन कब्जा करने वाले गिरोहों को बढ़ावा दिया। छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए आपको तरसाया गया।

**कश्मीरी पंडितों पर:** मोदी बोले- भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई कश्मीरी पंडितों पर पीएम ने कहा- तीन दशक से ज्यादा हो गए, इसी दिन हमारे कश्मीरी पंडित टीका लाल टपलू को आतंकवादियों ने शहीद किया था। उनकी हत्या के बाद कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार का अंतहीन सिलिसिला चला है। भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई, उनका साथ दिया।

यहां मंच पर हमारी बेटी शगुन बैठी है। इनके पिता और चाचा दोनों को आतंकवादियों ने मार डाला था। अब भाजपा ने आतंकवाद पीड़ित इस बिटिया को टिकट दिया है। बेटी शगुन सिर्फ कैंडिडेट हैं, ऐसा नहीं है।

## मोदी बोले- भाजपा ही आपको पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएगी

जम्मू-कश्मीर का हर आदमी भले वो किसी मजहब, आस्था या वर्ग का हो, भाजपा की प्राथमिकता है आपके हर अधिकार की रक्षा की गारंटी मोदी ने दी है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। ये लोग 370 को वापस लाना चाहते हैं। आपके लिए इसका मतलब क्या होगा। इसका मतलब होगा कि तीन खानदान मिलकर पहाड़ी समाज का आरक्षण फिर छीन लेंगे, वोटिंग का हक छीन लिया जाएगा।

**संविधान पर: मोदी बोले- ये संविधान को अपनी जेब में रखते हैं, ये कोई सामान नहीं**

आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं, संविधान की किताब कोई सामान नहीं है। ये दिखावा अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हकीकत क्या है, ये जम्मू-कश्मीर का बच्चा बच्चा जानता है। क्या कारण था कि हमारे जम्मू-कश्मीर में 2 संविधान चलते थे। क्यों यहां के लोगों को वो हक नहीं मिलता था, जो बाकी देश में मिलता था। हमारे पहाड़ी भाई-बहन, क्या कारण है कि इतने साल वोट डालने का हक नहीं था। संविधान हर किसी को वोट का अधिकार देता है। 75 साल तक आपका ये अधिकार छीन लिया था।

**विपक्ष पर:** मोदी बोले- ये लोग नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनाना चाहते हैं कांग्रेस की सोच क्या है, नीयत क्या है, उनके अध्यक्ष की बातों से साफ हो जाता है। मैं यहां आकर काम के बारों में बात करता हूं। उन्होंने क्या कहा कि अगर 20 सीटें ज्यादा आतीं तो मोदी समेत सारे नेता जेल में होते। नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनानी है, या लोगों के भले के लिए। 3 बार देश की जनता



ने हमें देश की सेवा का मौका दिया है। हम सरकार लोगों को जेल में डालने के लिए चलाते हैं? हम भ्रष्टाचार खत्म करने, लोगों की भलाई के लिए सरकार चलाते हैं।

जब कोई पॉजिटिव सोच ही ना हो, तब जेल में बंद करने के सिवाय कोई एजेंडा नहीं होता है।

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू और कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं।

90 सीटों के लिए तीन फेज में वोटिंग होगी। 18 सितंबर पहले फेज, 25 सितंबर को दूसरे फेज और 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88 .06 लाख वोटर हैं।

## आतंकवाद पर: मोदी बोले- पुरानी सरकारों में गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे

पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर में तीन खानदानों ने यहां अलगाववाद और आतंकवाद के लिए जमीन तैयार की। इसका फायदा किसने उठाया, देश के दुश्मनों ने। ये लोग आतंकवाद को इसलिए पालपोस रहे थे ताकि इनकी अरबों-खरबों की दुकान चलती रहे। इनके गुनाहों की वजह से हमारे बच्चों की जान चली गई। ये चंद्रभागा घाटी, ये सालों साल चले आतंकवाद के दौर की गवाह रही है। याद करिए वो समय, जब दिन ढलते ही यहां अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। सारी दुकानदारी ठप, सारा कामकाज ठप। तब केंद्र सरकार के गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे।

**पत्थरबाजों पर:** मोदी बोले- जो पत्थर फेंके जाते थे, उन्हीं पत्थरों से आज का कश्मीर बना यहां आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर में जो बदलाव आया है, वो किसी सपने से कम नहीं है। जो पत्थर पहले पुलिस और फोर्स पर फेंकने के लिए उठते थे, उन पत्थरों से नया जम्मू-कश्मीर बन रहा है। ये सब कुछ किसने किया है ये मोदी ने नहीं किया, ये जम्मू-कश्मीर के आप लोगों ने किया है। आपके इसी विश्वास को आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा ने आपके लिए एक से बढ़कर एक संकल्प लिए हैं।

**पर्यटन पर:** मोदी बोले- जम्मू-कश्मीर फिर से फिल्मों में छाएगा, 10 सालों में यहां हालात बदले जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने पर मोदी ने कहा- पुराने दिनों में यहां के लोग बड़े गर्व से कहते थे कि मोदीजी यहां इस फिल्म की शूटिंग होती थी। लेकिन आतंकवाद बढ़ने के बाद यहां फिल्मवालों का आना बंद हो गया। 10 वर्षों की मेहनत के बाद ये हालात भी बदलते नजर आ रहे हैं। देश ही नहीं, दुनियाभर से फिल्मवाले शूटिंग के लिए आएं, ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण से कारोबारी ने माफी मांगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से रेस्टोरेंट मालिक के माफी मांगने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। 11 सितंबर को कोयंबटूर में एक प्रोग्राम में होटल मालिक श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से जीएसटी की वजह से आ रही दिक्कतों पर सवाल किया था। साथ ही उन्होंने मिठाई और नमकीन पर एक समान जीएसटी लगाने की अपील की थी। इसके कुछ देर बाद एक वीडियो सामने आया, जिसमें वित्त मंत्री से होटल मालिक माफी मांग रहे थे। श्रीनिवासन को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया कि मुझे मेरी बातों के लिए माफ कर दीजिए। मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं हूं। इस मामले में विपक्षी नेता वित्त मंत्री की आलोचना कर रहे हैं।

### जीएसटी पर सवाल पूछा था, बीजेपी ने हाथ जोड़े हुए वीडियो पोस्ट किया, राहुल बोले- यह अपमान



जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री से होटल मालिक का सवाल तमिलनाडु के कोयंबटूर में 11 सितंबर को वित्त मंत्री ने होटल व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मशहूर होटल चेन श्री अन्नपूर्णा के मालिक श्रीनिवासन भी शामिल हुए थे।

उन्होंने वित्त मंत्री से खाने वाले सामानों पर लग रही अलग-अलग जीएसटी दरों पर चिंता जताई। श्रीनिवासन ने कहा कि क्रीम से भरे बन पर 18% टैक्स लगता है, जबकि सादे बन पर जीएसटी नहीं लगता है।

## बम धमाके से दहल उठा बंगाल, उड़ गया हाथ, प्रदेश बीजेपी चीफ ने अमित शाह को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कोलकाता के एसएन बनर्जी रोड इलाके में जबरदस्त धमाका हुआ। दोपहर के तकरीबन पौने दो बजे ये धमाका हुआ है और इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। धमाका कैसे हुआ इसकी जांच में कोलकाता पुलिस जुटी हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब कूड़ा बीनने वाला शख्स ब्लोचमैन स्ट्रीट और एसएन बनर्जी रोड के चौराहे पर 'प्लास्टिक के एक बैग के पास' खड़ा था। अब पूरे मामले को लेकर बीजेपी के नेता और केंद्रीय मंत्री ने अमित शाह से संपर्क किया है। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मध्य कोलकाता में हुए विस्फोट की घटना की गहन जांच का अनुरोध किया है। मंत्री ने अपने पत्र में कहा गया है कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि घटना से संबंधित सभी संभावित कोणों की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए एनआईए या किसी अन्य केंद्रीय एजेंसी द्वारा विस्तृत जांच पर विचार करें।

## प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, 17 तक नहीं होगी बारिश

### जयपुर-जोधपुर समेत आधे राजस्थान में खिली धूप; अब तक 61 फीसदी ज्यादा बरसात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में लम्बे समय से चला आ रहा भारी बारिश का दौर अब थम गया। शुक्रवार को भी पूर्वी राजस्थान के कुछ जिलों को छोड़कर शेष जिलों में आसमान साफ रहा, धूप निकली। अलवर, झुंझुनूं, भीलवाड़ा के कुछ एरिया में हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि राजस्थान में अगले 4 दिन यानी 17 सितंबर तक इसी तरह का मौसम रहने और बारिश बहुत कम होने की संभावना जताई है।

राजस्थान में इस सीजन मानसून की रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई। इस सीजन में 1 जून से 13 सितंबर तक औसत बारिश 414.5एम एम होती है, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 668.3एमएम बरसात हो चुकी है। केवल झालावाड़ को छोड़कर शेष सभी 32 जिलों में बारिश औसत से ज्यादा हुई है। टोंक, सवाई माधोपुर, करौली, जैसलमेर में तो औसत से दोगुनी से भी ज्यादा बरसात हो गई।



### अलवर के टपूकड़ा में सबसे ज्यादा बारिश

पिछले 24 घंटे के दौरान अलवर के टपूकड़ा एरिया में 7एमएम बारिश हुई। झुंझुनूं के गुढ़ा गौड़ जी में 4एम एम बारिश हुई और भीलवाड़ा के एरिया में हल्की बूंदाबांदी हुई। शेष राजस्थान में मौसम शुष्क रहा और धूप रही। जैसलमेर, जोधपुर, गंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर जिलों में शुक्रवार को पूरे दिन आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। जयपुर, अजमेर, सीकर, दौसा, सवाई माधोपुर, उदयपुर, कोटा समेत दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में आसमान में हल्की बादल रहे और धूप भी रही। जयपुर में बादलों के आवाजाही रही और हल्की धूप रही। दिन का अधिकतम तापमान कल 31 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 34 .7, जोधपुर में 32 .4, बाड़मेर में 33 .6, अजमेर में 30 .2 और उदयपुर में 30 .1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान कल गंगानगर में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।




## ममता से बांग्लादेश के कट्टरपंथी की अपील : बंगाल को भारत से आजाद करने का करें ऐलान



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश कट्टरपंथी और चरमपंथियों का गढ़ बनता जा रहा है। जहां से भारत विरोधी भावनाएं लगातार उबाल मार रही है। हिंदुओं को वहां लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उनके घरों, मकानों, दुकानों को जलाया जा रहा है। वहीं नोबेल पुरस्कार विजेता और वर्तमान सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस भले ही स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हों लेकिन भारत को लेकर कभी जमात को कभी कट्टरपंथी, आतंकवादी संगठन की तरफ से लगातार बयान जारी किए जा रहे हैं। अब एक इस्लामिक नेता ने अब भारत को तोड़ने का आह्वान तक कर डाला है। बांग्लादेश में अल-कायदा से जुड़े आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के प्रमुख ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बंगाल को मोदी के चंगुल से मुक्त कराने और स्वतंत्रता की घोषणा करने को कहा है। आतंकी गुट के प्रमुख ने भारत को धमकी देते हुए उसे अपने पड़ोसी बांग्लादेश के साथ किसी भी तरह के झगड़े से बचने के लिए कहा। एबीटी प्रमुख जशीमुद्दीन रहमानी को हाल ही में बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने जेल से रिहा कर दिया था।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## खाद्य विभाग टीम को यूनिवर्सिटी की मेस में मिली गंदगी और कीड़ों वाली खाद्य सामग्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चाकसू के निकट स्थित जगनाथ यूनिवर्सिटी की मेस में कुछ छात्रों द्वारा भोजन ग्रहण करने के बाद हुई फूड पॉइजनिंग के संबंध में खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूनिवर्सिटी में निरीक्षण एवं खाद्य नमूनीकरण की कार्रवाई की गई। जहां निरीक्षण के दौरान टीम को मेस में गंदगी और कीड़ों वाली खाद्य सामग्री मिली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि चाकसू के निकट स्थित जगनाथ यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करने पर टीम को यहां कच्ची खाद्य सामग्री को बिना भंडारगृह के ही असुरक्षित जगह में स्टोर किया जाना पाया गया और काजू,राइस आदि में कीड़े पाए गए। मेस की रसोई का स्ट्रक्चर खाद्य निर्माण के पूर्ण अनुकूल नहीं मिला। कच्ची सब्जी के भंडारण की जगह गंदगी मिली। इसके अलावा दीवारें और छत बदरंग मिले। फूड हैंडलर्स ने उचित पोशाक नहीं पहनी थी और प्रयुक्त हो रहे पानी की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट और स्टाफ के स्वस्थता प्रमाण पत्र तथा फोस्टेक ट्रेनिंग के प्रमाण नहीं मिले। साथ ही रसोई में मक्खी, मच्छर, चूहे का सीधा प्रवेश होता पाया गया। काजू, दाल, चावल, सूजी, मसालों, सब्जी की ग्रेवी, तैयार दाल, दही आदि का नमूना लिया गया। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मेस की रसोई में निम्न गुणवत्ता की सामग्री मिलने और फूड व्यवसाय नियमों की अवहेलना के कारण एफएसएसएए की धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा।

# जेडीसी के निर्देश पर नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त एवं उपायुक्तों हेतु किया अनुस्थापन कार्यशाला का आयोजन

## सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए करेंगे आमजन के कार्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी के निर्देशन में शनिवार को मंथन सभागार में एक अनुस्थापन कार्यशाला का आयोजन किया गया। अनुस्थापन कार्यशाला में सचिव डॉ0 निशांत जैन की उपस्थिति में नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त एवं उपायुक्तों को जविप्रा में विभिन्न प्रकोष्ठों में होने वाले कार्यों के बारे में पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। जेडीसी ने एक नई पहल की शुरूआत करते हुए जविप्रा में नव पदस्थापित अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्तों को कार्य करने में कोई असुविधा ना हो इसके लिए अनुस्थापन कार्यशाला आयोजित करवाई गई।

कार्यशाला में सभी प्रकोष्ठों में होने वाले कार्यो के बारे में बारीकी से बताया गया जिससे जेडीए में होने वाले आमजन के कार्यों में कोई कठिनाई ना हो। जेडीसी ने अनुस्थापन कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने कार्यों से संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर आमजन के कार्य तीव्र गति से किये जाये। कार्यशाला में जविप्रा में पहले से कार्यरत अधिकारियों द्वारा जोन स्तर पर दी जाने वाली सेवाऐं एवं अन्य कार्य-लीजडीड, नाम




हस्तान्तरण, 90ए, उप विभाजन आदि के बारे में उपायुक्त जोन-7, उपायुक्त जोन-9, एवं उपायुक्त जोन-10 द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में वित्त शाखा से संबंधित कार्य, ई-नीलामी, राजस्व अर्जित करने के बारे में निदेशक (वित्त) एवं जविप्रा की ई-सेवाओं के बारे में सिस्टम एनालिस्ट द्वारा पी.पी.टी.प्रजेन्टेशन के माध्यम नवआगन्तुत अधिकारियों को अवगत करवाया गया। बैठक में नगर आयोजना शाखा में होने वाले कार्यों के बारे में निदेशक (आयोजना) एवं अभियांत्रिकी शाखा से संबंधित कार्य एवं समन्वय हेतु निदेशक (अभियांत्रिकी-प्रथम व द्वितीय) द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई बैठक में न्यायालयों में न्यायिक वादों की स्थिति, प्रभावी पैरवी, समन्वय एवं लाईट्स के बारे में संयुक्त निदेशक (विधि) व उप निदेशक (विधि) द्वारा बारीकी से जानकारी दी। जविप्रा में गृह निर्माण सहकारी समितियों की योजनाओं के बारे में उप रजिस्ट्रार (सहकारिता) द्वारा जानकारी दी गई। इसी प्रकार उद्यानिकी संबंधी कार्य एवं समन्वय हेतु वरिष्ठ उद्यानविज्ञ एवं अतिक्रमण संबंधी मामलों में कार्यवाही व समन्वय के बारे में मुख्य नियंत्रक प्रर्वतन द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

# अर्शिया सिक्का अध्यक्ष निर्वाचित, सिद्धि न्याति समेत 6 स्टूडेंट बने महासचिव

## जेकेएलयू छात्रसंघ चुनाव 2024 संपन्न, यूनिवर्सिटी के इतिहास में पहला छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने किया मताधिकार का उपयोग, बैलेट पेपर से हुए मतदान

बढ़ता राजस्थान









**जयपुर ( का.स. )।** अजमेर रोड स्थित जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में सत्र 2024 -25 के लिए आयोजित छात्र संघ चुनाव में अर्शिया सिक्का अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई। इसके साथ ही 6 महासचिव के पदों पर भी चुनाव संपन्न हुए। इनमे सिद्धि न्याति कल्चरल, वैभव चौहान टेक्निकल, आदित्य कक्कड़ कैंपस लाइफ, वंशिका सिंह पीआर, दिव्यांश शर्मा स्पोर्ट्स और हिमांगी चतुर्वेदी एकेडमिक अफेयर्स वर्टिकल के लिए महासचिव चुनी गई। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स अफेयर्स हेड दीपक सोगानी ने रिजल्ट की औपचारिक घोषणा की। सोगानी ने बताया कि यूनिवर्सिटी के इतिहास में बैलेट पेपर पर ये पहला छात्र संघ चुनाव आयोजित किया गया, जिसमे स्टूडेंट्स ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि विभिन्न वर्टिकल में महासचिव की नियुक्ति उन वर्टिकल को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। चुनावो से स्टूडेंट्स में सर्वांगीण विकास होता है। सोगानी इस इलेक्शन कैंपेन में सहयोग करने के लिए वीसी धीरज सांघी को धन्यवाद दिया, उन्होंने बताया कि वीसी के मार्गदर्शन एवम उनके अनुभव के लाभ के चलते चुनाव सुगमता से संपन्न हुए। सोगानी ने यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स अफेयर्स ऑफिस की साथी प्रिया कौशिक के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही चुनाव कमिटी के स्टूडेंट्स पूर्णा भाटी, अंशिता कांठेड़, मनन पांडे का चुनाव में सक्रिय योगदान देने पर उनके कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो धीरज सांघी ने नव निर्वाचित स्टूडेंट पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर साल 2024 में आयोजित होने वाले सबरंग आयोजन का पोस्टर भी लॉन्च किया गया।

# जेडीए ने छः बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## सरकारी भूमि को किया अतिक्रमण मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब छः बीघा कृषि भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को प्रारम्भिक स्तर पर ही पूर्णत ध्वस्त किया गया। साथ ही ग्राम जिलोई में करीब 0.5 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रतर्वन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नींदड़ में हरमाड़ा घाटी के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''विनायक विहार'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नींदड़ में हरमाड़ा थाने के पास, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''पार्वती नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेनाड़, दौलतपुरा, जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जालसू के आगे ग्राम जिलोई, पटवार हल्का महसावास कलां, जिला जयपुर में के खसरा नं. 23/469 में करीब 0.5 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर तारबंदी कर पत्थर, मलवा डालकर किये गये कब्जे-अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# एमजेआरपी यूनिवर्सिटी की 'व्यवहार का न्यूरोलॉजिकल दृष्टिकोण' पर कार्यशाला आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय जयपुर और आरसीई के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर झालाना डूंगरी में एक दिवसीय सीआरई कार्यशाला होगी। एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक 'व्यवहार का न्यूरोलॉजिकल दृष्टिकोण' विषय कार्यशाला पर होगी। कार्यशाला के विशेष अतिथि राजस्थान राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त महेंद्र कुमार पारख होंगे। कार्यशाला में न्यूरोलॉजी, मनोरोग, और मनोविज्ञान के क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि वक्ताओं में इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज, दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. निमेष जी देसाई, एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के न्यूरोलॉजिकल यूनिट के प्रमुख डॉ. आर.एस. जैन, आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज की पुनर्वास मनोवैज्ञानिक और सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना पाटिल और दिल्ली यूनिवर्सिटी के डॉ मनोज कुमार बजाज शामिल होंगे। कार्यशाला में ईईजी, ईपी, ईआरपी, पीईटी, एसपीईसीटी, और एफएमआरआई जैसी उन्नत मस्तिष्क मानचित्रण तकनीकों में नवीनतम प्रगति का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला में कॉर्टिकल और सबकॉर्टिकल डिमेंशिया की न्यूरोसाइकोलॉजिकल प्रोफाइल, प्रमुख मानसिक विकारों के निदान और उपचार, मस्तिष्क की चोट और जैविक मस्तिष्क विकारों के लिए न्यूरो-रिहैबिलिटेशन की नवीनतम विधियों जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी।

# राजस्थान पुलिस को मिला राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड

## कम्युनिटी पुलिसिंग में बेहतर कार्यों के लिए राजस्थान पुलिस को मिली बड़ी उपलब्धि

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड हासिल किया है। कम्युनिटी पुलिसिंग में नवाचार एवं बेहतर कार्यों के लिए डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड 2024 में राजस्थान पुलिस का विजेता के रूप में चयन हुआ है। आगामी 16 से 18 अक्टूबर को नई दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित गाला नाइट के दौरान यह पुरस्कार कम्युनिटी पुलिसिंग के एसपी श्री पंकज चौधरी प्राप्त करेंगे। एसपी चौधरी ने बताया कि डूइंग गुड फॉर भारत अवार्ड 2024 की श्रेणी जी में यह अवार्ड शासन और सार्वजनिक सेवाओं के माध्यम से अच्छा कार्य करने के फलस्वरूप राजस्थान पुलिस को हासिल हुआ है। 16 अक्टूबर को नई दिल्ली के होटल पुलमैन में आयोजित सीएसआर बॉक्स वार्षिक गाला नाइट और पुरस्कार समारोह में वे यह सम्मान ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह समारोह 16 से 18 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित किया गया है। यह समारोह सीएसआर और ईएसजी शिखर सम्मेलन 2024 का 11वां संस्करण होगा जिसमें कॉर्पोरेट लीडर, गैर सरकारी संगठन, सोशल इन्नोवेटर्स और सरकारी एजेंसियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के 2300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# शौक के लिए अपने पास हथियार रखने वाला बदमाश गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मालपुरा गेट थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को अवैध हथियार सहित पकडकर उसके पास से एक देशी पिस्टल भी बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मालपुरा गेट थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से हथियार रखने वाले एक आरोपित राकेश सिंह निवासी उद्योग नगर जिला भरतपुर हाल मालपुरा गेट जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित अपने शौक के लिए हथियार रखना सामने आया है और यह हथियार भरतपुर से लेकर आया था । पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

# धर्म परिवर्तन करवाने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

## पुलिस ने किया न्यायालय में पेश, दोनों जमानत पर रिहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में स्थित झालाना डूंगरी में धर्म परिवर्तन की बात को लेकर स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने धर्म परिवर्तन करवाने वाले पति-पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शनिवार को दोनो को न्यायालय में पेश किया । जहां से न्यायालय ने दोनो को जमानत पर रिहा कर दिया। गौरतलब है कि झालाना डूंगरी निवासी सुमित्रा देवी (39) के यहां जमवारामगढ निवासी मुकेश रैगर (45) व उसकी धर्म पत्नी सुप्यारी (42) पहुंचे और ईसा मसीह के बारे में बताकर उससे प्रार्थना करने और घर में लगी सभी देवी-देवाओं की तस्वीर हटाने के लिए कहा। सनातन धर्म को दोनो ने ढ़कोसला बताते हुए ईसा मसीह पर विश्वास करने की बात कहते हुए धर्म परिवर्तन करने पर जोर डाला। आरोपी पति-पत्नी ने जबरन सुमित्रा के गले में क्रॉस का लोकेट डाल दिया।

**आर्थिक स्थिति अच्छी करने का दिया आश्वासन :** मुकेश रैगर और उसकी पत्नी ने सुमित्रा पर मानसिक व शारीरिक दबाव डालते हुए कहा कि ईसाई समाज आपके साथ है। ईसा मसीह से प्रार्थना करने पर तुम्हारे सारे कष्ट दूर हो जाएंगे और आर्थिक स्थिति काफी अच्छी हो जाएंगी ।तुम ईसाई धर्म अपना लो । पैसे की तंगी भी खत्म हो जाएगी।

**बेटे ने दी कॉलोनिवासियों को धर्म परिवर्तन की सूचना :** सुमित्रा पर मानसिक व शारीरिक दबाव को देखते हुए उसके बेटे आकाश ने मामले की जानकारी अपने पड़ौसियों को दी। जैसे ही मुकेश रैगर व उसकी धर्म पत्नी प्रार्थना करवा कर घर से निकले पड़ौसियों ने पति-पत्नी को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

**पुलिस पूछताछ में नाम,पता बताया गलत :** थाने का घेराव होने के बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनो से पूछताछ की तो दोनो ने अपना नाम पत्ता गलत बताया। लेकिन पुलिस सत्यापन में दोनो की पोल खुल गई। पूछताछ में मुकेश ने बताया कि वो सुमित्रा को काफी पहले से जानता है ईसा मसीह की प्रार्थना करवाने के लिए आया था। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# हिट एंड रन में महिला की मौत, युवक घायल

## रोड किनारे बस का इंतजार कर रहे थे, ओवर स्पीड स्कॉर्पियो ने टक्कर मारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में शुक्रवार रात हिट एंड रन में बुजुर्ग महिला की मौत होने के साथ एक युवक घायल हो गया। रोड किनारे खड़े होकर दोनों घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। ओवर स्पीड स्कॉर्पियो गाड़ी दोनों को टक्कर मारकर फरार हो गई। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर स्कॉर्पियो और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) के हेड कॉन्स्टेबल भगवान सिंह ने बताया- हादसे में लक्ष्मीनारायणपुरी रामगंज निवासी चौथी देवी (60) पत्नी लक्ष्मीनारायण सैनी की मौत हो गई।

घायल रवि बंजारा (18) निवासी लक्ष्मीनारायणपुरी रामगंज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटनाक्रम के मुताबिक, राजापार्क स्थित परनामी मंदिर में चौथी देवी फूल की दुकान करती थी। उनकी दुकान पर रवि बंजारा काम करता था। रात करीब 9.30 बजे दुकान बंद कर दोनों घर जाने के लिए परनामी चौराहे पर रोड किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर की ओर जा रही ओवर स्पीड स्कॉर्पियो ने दोनों को चपेट में ले लिया। दोनों को टक्कर मारकर स्कॉर्पियो को ड्राइवर लेकर फरार हो गया। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान चौथी देवी की मौत हो गई।

# दो सिलेंडर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बजाज नगर थाना इलाके में सिलेंडर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो सिलेंडर चोरों को पकड़ा है और उनके पास से बारह चोरी के सिलेंडर एवं वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अरशद अली ने बताया कि सीएसटी ने बजाज नगर थाना इलाके में सिलेण्डर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिलेंडर चोर चंचल उर्फ सोनू (23) निवासी गौश्रम नगर बजाज नगर जयपुर और महेश वर्मा (23) निवासी गांधीपथ थाना बजाज नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने बारह चोरी के सिलेंडर एवं वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है।

अर्पित गैस सिलेंडर अपने शौक एवं खर्चा चलाने के लिए चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपितों ने अभी जयपुर शहर में 50 चोरी की वारदात करने का खुलासा किया है। आरोपितों से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है जिससे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 1 की मौत 8 घायल

# मजूदरी के लिए जा रहे थे, अचानक ब्रेक लगाने से बेकाबू हुई



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बूंदी के केशवरायपाटन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 8 लोग घायल हो गए। जबकि की एक महिला की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचा। 18-20 मजदूर रेलवे ट्रैक पर मजदूरी के लिए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली तेज रफ्तार में थी। टोल से निकलने के बाद सामने से आ रहे ट्रक के कारण ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। ट्रैक्टर ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर एमपी के रहने वाले हैं। जो केशवरायपाटन रेलवे ट्रैक पर गिट्टी डालने का काम करते हैं। शनिवार सुबह 18-20 मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर गुड़ला से केशवरायपाटन की तरफ जा रहे थे। टोल पार करने के बाद सामने से एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। ट्रक तो आगे निकल गया उसके पीछे से एक तेज रफ्तार वाहन ओर आ रहा था। एक्सीडेंट से बचने के लिए ट्रैक्टर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई।केशवरायपाटन डीएसपी आशीष भार्गव के अनुसार घटना सुबह 9 बजे के करीब गुड़ला के आसपास की। सभी ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर गुड़ला से केशवरायपाटन रेलवे ट्रैक के आगे मजदूरी के लिए जा रहे थे। ये ठेकेदार के पास काम करते है। गुड़ला के पास ट्रैक्टर ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में कुछ मजदूर दब गए। जिन्हें स्थानीय लोगों बाहर निकाला। घटना में 7-8 लोग घायल हुए। जिन्हें इलाज के लिए कोटा एमबीएस हॉस्पिटल ले जाया गया। एक महिला शांति बाई पत्नी मुन्ना बंजारा निवासी मंडी चंदेरी एमपी की मौत हो गई।

# माहेश्वरी महिला गौरव की सदस्याओं ने किया वन भ्रमण



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** माहेश्वरी महिला गौरव की सदस्याओं ने आज ईको पार्क में वन भ्रमण कार्यक्रम संरक्षक कौशल्या गट्टानी व अध्यक्ष आशा नरानीवाल के सानिध्य में आयोजित किया गया। सचिव सीमा लाहोटी ने बताया कि बड़ी तालाब के झरनें,फतहसागर व बाहुबली हिल्स का भी अवलोकन किया। वहां पर सदस्याओं ने फिल्मी गानों की प्रस्तुति दे कर उसका पूर्ण आनन्द लिया। कविता बल्दवा, रेखा असावाकला गट्टानी ने हाउजी गेम्स खेलायें। सदस्याओं ने प्राकृतिक सौन्दर्य की फोटोग्राफी कर उन्हें अपने कैमरों में कैद किया। सरिता न्याती,निर्मला काबरा,रेणु मुन्दड़ा,इन्द्रा मून्दड़ा,अंकिता सहित अेनक सदस्याएं मौजूद थी। विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया।

# अग्रसेन जयन्ती 3 को, सेवा कार्यो के साथ मनाएंगे अग्रसेन जयन्ती

## कुलदेवी माता महालक्ष्मी की पालकी यात्रा निकलेगी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप कोटा संभाग महामंत्री परमानन्द गर्ग ने बताया कि अग्रसेन जयंती से पूर्व अग्र पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसके पोस्टर का विमोचन चेयरमैन संजय गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक, बौद्धिक, शारीरिक मानसिक विकास के लिए बच्चों, युवाओं, महिलाओं के हित में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित होंगे। संस्था के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि 24 सितम्बर को भगवान अग्रसेनजी का दुग्धाभिषेक होगा। वहीं 25 सितम्बर को आंगनबाड़ी में पंखे वितरण, 28 सितम्बर को अनुराग मित्तल द्वारा महाराजा श्रीअग्रसेन महाराज के सुमधुर भजनों की प्रस्तुति गीता भवन पर दी जाएगी। चेयरपर्सन पुष्पा गर्ग एवं सुनीता गोयल द्वारा चिकित्सीय दर्द निवारक कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ब्लडप्रेशर, ब्लड शुगर की निशुल्क जांच होगी। सभांगीय महिला अध्यक्ष रेणु गोयल द्वारा फ्लेमलेस वेजिटेरियन नाश्ता, खड़े मसालों के गहने, मेवा के गणेश, जिलाध्यक्षा द्वारा फैंसी ड्रेस, मेहंदी रचाओ माधवी बनाओ, नृत्य- एकल, युगल, फैशन शो मनभावक ड्रेसेज शो का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभांगीय महामंत्री सपना गोयल को संयोजक बनाया गया है। जिलाध्यक्ष वर्षा गोयल, धर्मवती, उषा अग्रवाल, ज्योति, प्रीती, अनिता अग्रवाल के साथ जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, राजेश गोयल, मुकेश, विष्णु अग्रवाल को कार्यक्रम का सह सयोंजक बनाया गया है। संजय गोयल ने बताया कि 3 अक्टूबर को शोभायात्रा के दौरान पालकी में कुलदेवी महालक्ष्मी की सवारी निकलेगी। इस दौरान भाग्यशाली सिक्के बांटें जाएंगे। सारी व्यवस्था मातृशक्ति संभालेगी।

# कराटे में उदयपुर मार्शल आर्ट्स के 5 स्वर्ण समेत कुल 14 पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उदयपुर द्वारा संपन्न 68 वी जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में परशुराम चौराहा स्थित उदयपुर मार्शल आर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 5 रजत व 4 कांस्य पदक समेत कुल 14 पदक जीते। एकेडमी के संस्थापक व मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई पंकज चौधरी ने बताया कि पदक विजेता खिलाड़ियों में पुनीत मेनारिया, भव्य श्रीमाली, प्रियांशी कुंवर, दिशा मेनारिया, सूर्यवीर सिंह ने स्वर्ण, नेत्रा श्रीमाली, जानवी मेनारिया, निश्चय चौहान, दिशान खण्डेलवाल व विशाखा रेगर ने रजत और चार्वी अग्रवाल, कनिष्क पालीवाल, पार्थ प्रताप व गगन अग्रवाल ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में एकेडमी के 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाडी दिनांक 16 से जयपुर में होने जा रही राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# बैक ऑफ रिटायर्ड स्टाफ सोसायटी का एक्स ग्रेसिया- फेमिली पेंशन अपडेशन के लिये जयपुर मे धरना- प्रदर्शन






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** बैंक ऑफ़ राजस्थान रिटायर्ड स्टाफ सोसायटी के सैकड़ों बुजुर्ग पेंशनर्स ने 'शहीद स्मारक' पुलिस कमिश्नरेट के सामने अपने नियोक्ता पूर्ववर्ती बैंक ऑफ राजस्थान अब आईसीआईसीआई बैंक से अपनी पेंशन व फैमिली पेंशन अपडेशन,आजीवन मेडिकल सुविधा,एक्स ग्रेशिया भुगतान एवं सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी, व अवकाश नकदीकरण के सही भुगतान व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए धरना-प्रदर्शन किया तथा प्रबंधन को ज्ञापन भेज कर मांग की है कि बैंक अपने 'रिटायर्ड, पेंशनर्स' जिन्होंने इस बैंक की तरक्की के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर किया को उनका जायज व संवैधानिक हक जल्द प्रदान करें। इस अवसर पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरसिंह गुप्ता, महामंत्री विजय गर्ग, जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष श्री महेंद्र बैराठी, भीलवाड़ा के राधेश्याम अग्रवाल व ऑल इंडिया बैंक रिटायरीज फेडरेशन के अध्यक्ष एस सी जैन व संयोजक मित्रा वसु ने संबोधित किया तथा बताया कि जब पूरी बैंकिंग इंडस्ट्री में एक्स ग्रेशिया, फैमिली पेंशन,आजीवन मेडिकल सुविधा लागू है तो बैंक आफ राजस्थान के रिटायरीज पेंशनर्स को भी यह सुविधा बैंक द्वारा अवश्य दी जानी चाहिए। हमे इन मामलों मे पूर्व पेंशन समझोते के बावजूद वृद्धावस्था मे जनता के समक्ष आने व धरना प्रदर्शन के लिये मजबूर किया जा रहा है।

देश की सबसे बड़ी व मजबूत प्राइवेट सेक्टर बैंक के प्रबंधन द्वारा हर साल 30-40 हजार करोड़ रुपए के प्रॉफिट होने तथा पेंशनर्स के करीब 1800 करोड़ के रिजर्व फंड के बावजूद अपने मुट्ठी भर रिटायरी पेंशनर्स के प्रति दमनकारी नीति कतई उचित नहीं। आईसीआईसीआई बैन्क, पेंशनर्स को पूर्व समझौतो के अनुसार आइबीआई की तर्ज पर देय वाजिब राशि का भुगतान न कर कोर्पोरेट सोसियल उत्तरदायित्व के संवैधानिक अवेहलना का भी दोषी है । एक ओर बैंक अपने करीब चार हजार पेंशनर्स का जायज हक नहीं दे रहा है, दूसरी ओर बैंक प्रबंधन की मिली भगत से करोड़ो रुपये के घोटाले प्रकाश मे आ रहे हैं। सोसाइटी ने अपने रिटायरीज सदस्यों के हक बाबत वित्त मंत्रालय- भारत सरकार , रिजर्व बैंक , आईबीए और लोकसभा अध्यक्ष व विभिन्न सांसदो को भी प्रतिवेदन भेज कर शीघ्र समाधान किये जाने बाबत निवेदन किया है।

## होटल में खुला शहर का पहला वीगन रेस्टोरेंट

# पर्यटकों का स्वागत करने के लिये सर्व सुविधायुक्त सीता रॉयल लेक साइड शैले होटल का उद्घाटन कल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर में होटलों की श्रृखंला में शीघ्र ही आमजन एवं पर्यटकों को सर्वसुविधा उपलब्ध करानें हेतु नगर विकास प्राधिकरण के पास स्थित सीता रॉयल लेक साइड शैले होटल तैयार है। जिसका सोमवार 16 सितम्बर को विधिवत उद्घाटन होगा। जिसका उद्घाटन महाराष्ट्र के केमेक्सिन कंपनी के वाइस चेयरमैन डॉ.सतीश डब्ल्यू वाघ करेंगे।

होटल के सह निदेशक गुरूदास वर्मा ने बताया कि आधुनिक लक्जरी बुटीक होटल की श्रेणी में तैयार इस होटल में शांति और परिष्कार का वातावरण उपलब्ध होगा। चाहे आप एक शांत छुट्टी की तलाश में हो या अपने सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए किसी गंतव्य की तलाश में हों, सीता रॉयल लेक साइड शैले एक अविस्मरणीय अनुभव का वादा करता है। उन्होंने बताया कि सीता रॉयल लेक साइड शैले की स्थापना मेहमानों को पारंपरिक आतिथ्य और समकालीन आराम का सही मिश्रण प्रदान करने की दृष्टि से की गई। उदयपुर की समृद्ध संस्कृति से प्रेरित होटल आज के समझदार पर्यटकों की जरूरतों को पूरा करते हुए एक शाही आकर्षण का प्रतीक है। देश में 10 प्रतिशत लोग वीगन खाने को पसन्द करने लगे है। ऐसे में उनके लिये वीगन खाना उपलब्ध होना मुश्किल हो जाता है। कंपनी प्रबन्धकों ने वीगन खाना खाने वालों के लिये पूर्णतया वीगन मेन्यू उपलब्ध करानें का निर्णय लिया है।

होटल के सह निदेशक संजय प्रभु ने बताया कि बुटीक होटल पर्यटकों के प्रवास को बेहतर बनाने के लिए शीर्ष स्तरीय सुविधाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है। जिसमें लक्जरी आवास के उत्कृष्ट रूप से डिज़ाइन किए गए कमरों और सुइट्स के हमारे चयन में से चुनें, प्रत्येक आराम,



गोपनीयता और शैली प्रदान करता है। होटल में स्थापित स्पा और वेलनेस में तरोताजा हो जाएं, जहां समग्र स्वास्थ्य अनुभव प्रदान करने के लिए प्राचीन तकनीकें आधुनिक उपचारों से मिलती हैं।

हॉस्पीटेलिटी मेनेजमेन्ट एक्सपर्ट राहुल शर्मा ने बताया कि सीता रॉयल लेक साइड शैलेट के कैफे में एक आरामदायक और स्टाइलिश स्थान उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो शानदार कॉफी, पारंपरिक व्यंजनों और आरामदायक माहौल के सही मिश्रण की अपेक्षा करते है। चाहे आप सुबह की त्वरित एस्प्रेसो, आराम से दोपहर की छुट्टी, या एक आकस्मिक बैठक के लिए रुक रहे हों, यह कैफे एकदम सही स्थान प्रदान करता है।

# इनरव्हील क्लब उदयपुर द्वारा हिन्दी दिवस स्वरचित काव्यपाठ कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** इनरव्हील क्लब उदयपुर द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष में विद्या निकेतन स्कूल अशोकनगर में सीनियर व जूनियर अलग अलग क्लास के बच्चों से रेखा जैन द्वारा कविता प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें कई बच्चों ने काफ़ी उत्साह से भाग लिया।क्लब अध्यक्ष चन्द्रकला कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को उनका उत्साह बढ़ाने के लिए उपहार प्रदान दिए गए। हिन्दी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व और प्रसार को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट चंद्रकला कोठारी, रेखा जैन,बेला जैन ,निधि जैन, रीना सोजतिया,सुनंदा जैन ,बबिता जैन ,अंजु महेश्वरी ,निशा अग्रवाल, विजया सरूपरिया उपस्थित थी।

# शांति नाथ चंद्र प्रभु पार्श्व नाथ भगवान पर हुआ पंचामृत अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उत्तम तप धर्म पर प्रभु कामधेनु शांति नाथ चंद्र प्रभु पार्श्व नाथ भगवान पर बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ पर विशेष पंचामृत अभिषेक एवं विश्व शांति हेतु विशेष महा शांति धारा की गई। सुप्रकाश ज्योति मंच के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि जिसके पुण्य लाभार्थी नीतू विनोद कीकावत, चंद्र प्रभु पर शांति धारा का सोभाग्य विपिन दिलीप कांति लाल जैन एवं पार्श्व नाथ पर शांतिधारा का लाभ अशोक आशा भदावत को प्राप्त हुआ। दश लक्षण महापर्व पर चल रहे विशेष विधान के तप धर्म के 22अर्ग श्रीफल मंडप पर अर्पित किये गए। इस पर सम्मेद शिखर से लाइव गुरु माँ सुप्रकाशमति माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि जैन धर्म तपस्या प्रधान धर्म है लेकिन इस मे अलग अलग नियम वृत्त सयम आप पाल कर तपस्या कर सकते है जिससे आप के आत्मा की शुद्धि एवं शरीर की शुद्धि होती है।

तीर्थ के चेयरमैन ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि 17 सितम्बर पूर्णिमा को ध्यानोदय तीर्थ पर मुलनायक शांतिनाथ प्रतिमा पर 'सर्व प्रकार की ओशोधी' के '108कलश का अभिषेक' होगा एवं उस दिन मंगल नगर भर्मण शोभा यात्रा दोपहर 12.30बजे निकली जायगी। प्रभु को ले जा कर क्षिर सागर के समान कुए के जल को मंगल कलश मे ला कर प्रभु को पाण्डुक शिला पर बिठा कर विशेष शांति धारा की जायेगी और सूखड़ी प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

# एमडीएस पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय सीबीएसई वेस्ट जोन इंटर स्कूल चेस टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ में पहली बार आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन इंटर स्कूल चेस टूर्नामेंट का शनिवार को एमडीएस पब्लिक स्कूल, प्रतापनगर शाखा में भव्य और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर से 16 सितंबर तक किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के 150 स्कूलों से आए 1243 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मन्नालाल रावत, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्तसिंह चौहान, जनार्दनराय नागर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, टेक्नो एनजेआर के निदेशक प्रो. आर.एस. व्यास, और धीरेन्द्र सच्चान ने शतरंज की बिसात पर प्रतीकात्मक चाल चलकर टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडीएस की फाउंडर न्यासी डा रमेश चन्द्र सोमानी ने की।

मुख्य अतिथि सांसद मन्नालाल रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परंपरा में खेलों का हमेशा से विशेष स्थान रहा है, और शतरंज भी उनमें से एक महत्वपूर्ण खेल है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके




उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक शैलेन्द्र सोमानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ श्रेणियों में लड़के और लड़कियों के अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17, और अंडर-19 वर्गों में मुकाबले हो रहे हैं। प्रत्येक श्रेणी के पहले दो स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल जालंधर में होने वाली नेशनल इंटर स्कूल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में निदेशक शैलेन्द्र सोमानी ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई और मशाल प्रज्वलित कर टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत की। विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत भवई नृत्य, कालबेलिया नृत्य और रंग-बिरंगे परिधानों में विभिन्न गीतों पर दी गई आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। यह दक्षिणी राजस्थान में आयोजित पहली सीबीएसई शतरंज प्रतियोगिता है, जिसकी संपूर्ण व्यवस्था एमडीएस पब्लिक स्कूल द्वारा की जा रही है, जिसमें खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की पूरी व्यवस्था शामिल है। प्रतियोगिता का समापन 16 सितंबर को होगा, जिसमें पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। टूर्नामेंट के सीबीएसई ऑब्जर्वर के रूप में शतरंज विशेषज्ञ विकास साहू इस प्रतियोगिता का निरीक्षण कर रहे हैं।

# खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को सिद्धि विनायक मंडल प्रांगण में खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमे जीतू धौरा एण्ड म्यूजिक पार्टी रतलाम के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु खुद को रोक न सके और जमकर नृत्य किया।गायकों द्वारा एक से एक बढ़ कर भजन सुनाए गए।हारा हुं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है...मेरा भोला है भण्डारी करे नंदी की सवारी शम्भू नाथ रे...बांस की बांसुरीया पर घनो इतरावे,सोना चांदी की होती तो जानें काई करतो....सिर पर पगड़ी बांधे नीले नैनो वाला,कितना सुन्दर लागे बिहारी कितना लागे प्यारा...आदि भजनों की प्रस्तुति से शुक्रवार रात्रि को कस्बा का वातावरण धर्ममय हो उठा।

कीर्तन के दौरान बाबा श्याम की आकर्षक झांकी सजाई गई।भक्ति में श्रद्धालु देर रात्रि तक जमे रहे।जिससे माहौल भक्तिमय हो गया था।शाम होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पहुंचे। भजन संध्या के पूर्व झुले मै बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया था तथा छप्पन भोग लगाया गया।जिसमें खाटू श्याम मन्दिर पुजारी श्याम बैरागी व श्याम प्रेमी राधेश्याम टेलर की अहम भूमिका रही।गणेश जी की आरती व महाप्रसादी का



लाभ ओम प्रकाश तिवारी,राहुल तिवारी परिवार ने लिया। आयोजक समिति द्वारा महिला एवं पुरुष के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था के साथ पेयजल की व्यवस्था सुचारू की गई थी।मंच संचालन सीताराम वर्मा व रवि मालवीय ने किया।

# मन्नत वाला राजा गणपति प्रतिमा पर आज होगा 51 लाख 51 हजार 551 रूपयें का श्रृगांर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** धानमण्डी क्षेत्र में रविवार को मन्नत वाला राजा के यहाँ गणपति जी की प्रतिमा को 51 लाख 51 हज़ार 551 रुपये के नोटों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। मण्डल के संचालक विशाल जैन ने बताया कि पिछले साल उदयपुर की सबसे भव्य आंगी 44 लाख 44 हज़ार 444 रुपए की नोटों से आंगी की गई थी। इसीलिए इस बार भी अधिक राशि जुटाने की चुनौती थी,लेकिन भक्ति और आस्था से इस बार 51 लाख 51 हज़ार 551 रुपए की आएँगी धराई जाएगी,साथ ही महाआरती और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा,साथ ही सोशल मीडिया पदेजंहतंउ /उंददंज ूसं तंरं पर लाइव आरती दिखाई जाएगी।

## सम्पादकीय

# भारत-चीन 'जटिल' रिश्ते

2020 में पैंगोंग झील क्षेत्र में भारत और चीन के जवानों में हिंसक झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था, जो अब तक कायम है। गतिरोध सुलझाने के लिए कोर कमांडर स्तर की वार्ताओं के दौर जारी हैं लेकिन अभी तक गतिरोध को पूरी तरह सुलझाया नहीं जा सका है। 2013 में देपसांग, 2014 में चुमार, 2017 में डोकलाम, 2020 में गलवान और 2022 में तवांग में हुई सैन्य झड़पों को दोनों देशों की रणनीतिक वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है। दोनों देशों के संबंधों का विश्लेषण किया जाए तो संबंधों में उतार-चढ़ाव हमेशा आता-जाता रहा है। दोनों देशों का व्यापार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। इसके बावजूद दोनों को एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्व व्यवस्था के दो बड़े राष्ट्र सीमा विवाद के कारण आपस में उलझे हुए हैं। भारत और चीन दोनों ने लगभग एक साथ साम्राज्यवादी शासन से मुक्ति पाई। भारत ने सच्चे अर्थों में लोकतंत्र के मूल्यों को अपनाया, तो वहीं चीन ने छद्म लोकतंत्र को अपनाया। भारत-चीन संबंधों की इस गाथा में कई स्याह मोड़ आए। हिन्दी-चीनी भाई-भाई के नारे से लेकर 1962 के भारत-चीन युद्ध से होते हुए दोनों देशों के संबंध उस दौर में हैं कि भारत और चीन विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे की मुखालफत करते नजर आ रहे हैं। पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध को दूर करने के लिए दोनों पक्ष गलवान घाटी पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा से अपने सैनिक पीछे हटाने पर सहमत हुए हैं। भारत चाहता है कि चीन की सेनाएं देपसांग और डैमचौक से हटकर पूर्व की स्थिति को बहाल करें। भारत लगातार स्पष्ट करता आ रहा है कि सीमाओं पर स्थिति असामान्य रहते दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

पिछले कुछ महीनों से चीन की सेना के पूर्वी लद्दाख में हथियार और ईंधन के भंडारण के लिए बंकर बनाने की रिपोर्टें और वहां सैन्य बेस और सुरंगे बनाने की रिपोर्टें आती रही हैं। पैंगोंग झील के पास सिरजैप में चीनी सैनिकों का बेस है। इस बेस में बख्तरबंद गाड़ियों की आवाजाही भी देखी गई। कई एजेंसियों ने उपग्रह तस्वीरों से पूर्वी लद्दाख सीमा पर चीन की बढ़ती गतिविधियों की तस्वीरें भी जारी की थीं। इसमें कोई संदेह नहीं कि चीन ने सीमा पर बुनियादी ढांचे का विकास किया है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के सेंट पिटसबर्ग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की और सीमा गतिरोध को हल करने के लिए बातचीत की। दोनों पक्षों ने तय किया कि सीमा पर सैन्य तनाव जल्द कम करने और आमने-सामने की मोर्चाबंदी खत्म करने के प्रयास दोगुने किए जाएंगे। बीते एक महीने के दौरान चीन के विदेश मंत्री के साथ भारत की यह तीसरी उच्च स्तरीय बैठक थी। इससे पहले कजाखिस्तान के अस्ताना में और फिर लाओस के विएनियाना में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की उनसे मुलाकात हुई थी। सेंट पीटर्सबर्ग में एलएसी तनाव घटाने पर एनएसए डोभाल और वांग यी की बातचीत के बीच ही एक अहम बयान विदेश मंत्री जयशंकर का भी आया जिसमें उन्होंने कहा कि लद्दाख में आमने-सामने की मोर्चाबंदी को करीब 75 प्रतिशत तक सुलझा लिया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार जारी बातचीत और प्रयासों से हालात को सामान्य बनाने की कोशिशें चल रही हैं।

# कृषि निर्यात बढ़ाने का मार्ग

**2020 में केन्द्र सरकार ने एक ट्रिलियन रुपये के कृषि ढांचागत फंड की घोषणा की थी ताकि कोल्ड चेन श्रृंखला - तथा फसल कटाई के बाद प्रबंधन ढांचा खेतों तथा फसल संग्रह केन्द्रों पर बनाने के लिए मध्यम से दीर्घकालीन अवधि की कर्ज फाइनेंसिंग की जा सके। तमिलनाडु द्वारा हाल ही में घोषित नई खाद्य प्रसंस्करण नीति में एक कदम आगे बढ़ कर बरबादी रोकने तथा कृषि उत्पाद का मूल्य बढ़ाने के कदम उठाए गए हैं। इस नीति में कृषि उत्पादक संगठनों एफपीओ तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा के लिए वित्तीय सहायता तथा केन्द्रीय योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं।**

विजय गर्ग

खेत से खाने की मेज तक सप्लाई श्रृंखला को गतिदेकर, वैश्विक व भारतीय खाद्य क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा दे कर तथा खेतों पर ही खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा दे कर किसानों को बेहतर मुनाफा सुनिश्चित करने के साथ ही फसल कटने के बाद होने वाले नुकसानों से बचा जा सकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका अदा करते हुए नई दिल्ली में 19-22 सितंबर तक 'वर्ड फूड इंडिया' का आयोजन कर रहा है। इसके साथ ही 2024-25 के केन्द्रीय बजट में कृषि क्षेत्र विकास के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इस फंडिंग के माध्यम से जलवायु समस्याओं से निपटने तथा उत्पादकता, खोज एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्याता को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।



यह कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए जरूरी है जिसमें 8 प्रतिशत गिरावट आई है। यह 2022-23 में 53.52 बिलियन डालर से घट कर 2023-24 में 48.9 बिलियन डालर रह गया। 2014-23 के बीच कृषि निर्यात औसतन केवल 2 प्रतिशत वार्षिक की गति से बढ़े। उल्लेखनीय है कि पांच उत्पाद चावल, गेहूं, मांस, मसाले, चीनी तथ चाय काफी का हिस्सा कुल कृषि उत्पाद निर्यात में 50 प्रतिशत से अधिक है। कभी-कभी घरेलू मांग पूरी करने तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए निर्यात पर नियंत्रण लगाना पड़ता है। हमारे कृषि निर्यातों का केवल प्रतिशत प्रसंस्कृत या मूल्य- संवर्धित है। पिछले दशक में इस आंकड़े में लगभग कोई परिवर्तन नहीं आया है। हालांकि, ज्यादा टेक-आधारित आपरेशनल आकार और उत्पादन क्षमता तथा विश्व बाजार में अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा करने को देखते हुए यह काफी है। लेकिन 111 बिलियन प्रसंस्कृत खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्यातक स्विटजरलैंड की 'नेस्ले' जैसी कंपनियों की सफलता को देखते हुए स्पष्ट होता है कि तकनीक और शोध के प्रयोग से क्या संभव हो सकता है। 9 बिलियन डालर टर्नओवर वाली उल्लेखनीय भारतीय घरेलू प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद बेचने वाली 'अमूल' आपरेशनल क्षमता, उत्पादन क्षमता तथा अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा करने के मामले में नेस्ले से बहुत पीछे है। इसके बावजूद समुचित समर्थन और दृष्टिकोण के चलते वह भी ऐसी ही सफलता प्राप्त कर सकती है। प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों का निर्यात लगभग 1 ट्रिलियन डालर वार्षिक है जिसमें 63 बिलियन डालर के साथ जर्मनी सर्वोच्च स्थान पर है। इसके बाद 58 बिलियन डालर के साथ अमेरिका, 57 बिलियन डालर के साथ नीदरलैंड, 53 बिलियन डालर के साथ चीन तथा 50 बिलियन डालर के साथ फ्रांस का स्थान है। दक्षिणपूर्व एशिया में इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के बड़े निर्यातक हैं। हालांकि, मूल्य संवर्धित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली कृषि-निर्यात नीति लागू होने के बाद पिछले पांच साल में भारत के मूल्य-संवर्धित निर्यात में 6.5 बिलियन डालर की वृद्धि हुई है और यह कुल 15 बिलियन डालर तक पहुंच गया है। लेकिन इसके बावजूद इससे वैश्विक रैंक में मामूली सुधार ही हुआ है और हम 21वें स्थान से ऊपर उठ कर 17वें स्थान पर पहुंच सके हैं। इस स्थिति में निश्चित रूप से सुधार हो सकता है। 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। 300 मिलियन टन उत्पादन के साथ यह चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। लेकिन भारत में प्रसंस्करण स्तर बहुत कम है। यह फलों के लिए 4.5 प्रतिशत, सब्जियों के लिए 2.7 प्रतिशत, दूध लिए 21.1 प्रतिशत, मांस के लिए 34.2 प्रतिशत और मछलियों के लिए 15.4 प्रतिशत है। इसकी तुलना में चीन में प्रसंस्करण 25-30 प्रतिशत तथा पश्चिमी देशों में 60-80 प्रतिशत है। प्रसंस्करण क्षमता में इस कमी के कारण भारत में उत्पाद का काफी हिस्सा बेकार चला जाता है। अनुमान है कि देश में फसल कटाई के बाद बरबादी का स्तर पूरी सप्लाई श्रृंखला में 18 से 25 प्रतिशत के बीच है, हालांकि फलों और सब्जियों के मामले में यह लगभग 45 प्रतिशत है नीति आयोग का अनुमान है कि फसल कटाई के बाद लगभग 90,000 करोड़ रुपये की बरबादी होती है। इस स्थिति में सुधार के लिए खेतों पर ही समुचित छंटाई और ग्रेडिंग तथा प्रसंस्करण बढ़ाने की आवश्यकता अनुभव की जाती है। कृषि प्रोत्साहनों में परिवर्तन कर किसानों को इस बात के लिए प्रेरित करना जरूरी हैं कि वे खेतों तथा उसके निकट बरबादी रोकने के प्रयास करें। लेकिन यह उल्लेखनीय है कि पंजाब ने अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है, जबकि पड़ोसी राज्य हरियाणा में प्रतिबद्ध एग्रीबिजनेस खाद्य प्रसंस्करण नीति बनाई गई हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव स्कीम-पीएलआईएसएफआई के लिए 2021-22 से 2026-27 के बीच 10,900 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इसका उद्देश्य वैश्विक रूप से प्रतियोगी फर्मों को भारत में उत्पाद व कृषि निर्यात क्षेत्र में आकर्षित करना है। इस योजना का लक्ष्य प्रसंस्करण क्षमता में सुधार, भारतीय ब्रांडों को मजबूत करना, विश्व बाजार में उपस्थिति बढ़ाना, रोजगार सृजन तथा किसानों की आमदनी बढ़ाना है। मई, 2024 तक पीएलएसएफआई के 90 प्रतिशत धन का प्रयोग नहीं हुआ था। सरकार ने 158 एसएमई लाभार्थियों को केवल 1,073 करोड़ रुपये दिए थे और इस प्रकार योजना का आधा समय बीत जाने के बावजूद उसका केवल 10 प्रतिशत धन प्रयोग हुआ था। इस प्रकार पैसे के बहुत कम प्रयोग से ज्यादा केन्द्रित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता उजागर होती है। पीएलआई योजना का लक्ष्य वैश्वक प्रतियोगिता क्षमता तथा निर्यात बढ़ाना है। इसे देखते हुए एसएमई को वैश्विक स्तर पर स्थापित एंकर% फर्मों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने चाहिए। पिछले दशक में भारत ने शत प्रतिशत एफडीआई अनुमति के बाद 500 बिलियन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एफडीआई प्राप्त किया। इसे देखते हुए खाद्य प्रसंस्करण को भारत का %सनराइज उद्योग% समझा जाना चाहिए जो किसानों को प्रभावी रूप से लाभ दिलाने, एमएसपी के प्रति बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने तथा मूल्य संवर्धन और उद्योग में समन्वय स्थापित करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। कृषि के विकास के लिए खाद्य पसंस्करण को रणनीतिक महत्व देना जरूरी है। दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश देश के नाते हम धरती पर पर्यावरण दबाव का अनुभव कर रहे हैं। इसके कारण मृदा क्षरण, जैवविविधता में कमी तथा जल संकट जैसे परिस्थितिकी मुद्दे सामने आ रहे हैं। व्यापक खाद्य व्यवस्थाओं में बरबादी रोकना जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए बहुत जरूरी है। इससे खेतों से लेकर खाने की मेज तक खाद्य सप्लाई बेहतर करने में सहायता मिलेगी तथा हानिकारक उत्सर्जन घटेगा। खाद्य प्रसंस्करण की अद्यतन तकनीकों के प्रयोग, वैश्विक स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता मानकों को मंजूर करने तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच खोलने के माध्यम से यह केन्द्रित रणनीति बड़ी वैश्विक फर्मों को आकर्षित कर हमारे लक्ष्य पूरे कर सकती है। इलेक्ट्रानिक क्षेत्र में एपल लक्षित दृष्टिकोण की सफलता का एक माडल है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। दूर रहने वाले मित्रों और सम्बंधियों के साथ संदेश का आदान-प्रदान होगा। आपकी आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। गुस्से के कारण आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। हेल्थ को लेकर सतर्क रहें।

### वृष
आज आपका वैवाहिक जीवन अधिक मधुर बनेगा। आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। ऐसा न करने से आपको काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की आशंका है।

### मिथुन
आपकी वाणी की मधुरता नए सम्बंध विकसित करने तथा कई जगहों पर लाभ कराने में सहायक होगी। आपके विचार अधिक समृद्ध होंगे। अच्छा लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। प्रियजनों और मित्रों से मिलकर आनंद अनुभव होगा।

### कर्क
आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से काफी लाभदायक रहने की उम्मीद है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होने का योग बन रहा है। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन बेहद खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

### सिंह
आज आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव होगा। आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

### कन्या
भाग्य आपके पक्ष में है। आपको हर काम में सफलता मिलेगी। ऑफिस में आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहेंगे। इसलिए सावधानी बरतें। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

### तुला
मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। पानी तथा अन्य तरल पदार्थों से सावधानी रखें। परिवार या जमीन-जायदाद से संबंधित विषयों को लेकर चर्चा और प्रवास टालने की सलाह दी जाती है।

### वृश्चिक
अपने काम में सफलता प्राप्त करने के कारण आपके आनंद और उत्साह में बहुत अधिक वृद्धि होगी। ताजगी और स्फूर्ति का अहसास होगा। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से मिलना हो सकता है। कहीं यात्रा पर जाना हो सकता है।

### धनु
आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में मदद करेगी। शुभ काम करने की प्रेरणा मिलेगी। पठन तथा लेखन की प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी।

### मकर
मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा तथा पत्नी से लाभ होगा। बुजुर्ग भी आपके लाभ में निमित्त बनेंगे। मित्रों की तरफ से भेंट या सौगात मिल सकती है।

### कुंभ
परिश्रम का अपेक्षित परिणाम न मिलने पर भी हिम्मत और बुद्धिमानी से अपने काम में प्रगति करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात होने की संभावना है। पेट की तकलीफ परेशान करेगी।

### मीन
आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आप स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। आध्यात्मिक बातों में आपका मन लगेगा। नौकरी-धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। आर्थिक आयोजन अच्छी तरह संपन्न होंगे।

## शख्सियत



डॉ.विकास कुमार आर्य
( वरिष्ठ पशुपालन विशेषज्ञ )

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जीवांत व्यक्तित्व के धनी और कृषि और किसानों के लिए अपने जीवन खपाने वाले डॉ.विकास कुमार आर्य। 21 जून सन 1965 को उदयपुर में जन्में डॉ.विकास कुमार आर्य की शुरूआती शिक्षा दिक्षा उदयपुर से ही हुई बीएससी कृषि महाविद्यालय, जोबनेर से सन 1989 में हुई उसके बाद एमएससी एग्री०राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर से सन 1991 में की। पीएचडी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर से पशुधन उत्पादन विषय में की और 2010 सरकारी सेवा में आए 1996 में कृषि विज्ञान केन्द्र, वनस्थली विद्यापीठ में पशुपालन विशेषज्ञ, 1997 राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अंतर्गत पशुधन अनुसंधान केंद्र, नोहर पर जहां राठी नस्ल की गायों पर अनुसंधान का कार्य 15 साल तक किया, इसी दौरान 2 वर्ष तक राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर बनने के बाद वहीं पर प्रभारी अधिकारी तथा नए शुरू हुए पशुपालन डिप्लोमा कॉलेज,नोहर के प्रिंसिपल का कार्य भी सम्भाला। 2012 से कृषि विज्ञान केन्द्र, नौगांवा,अलवर जो की श्री करन नरेंद कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत आता है पर पशुपालन विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत है। इन10 सालो में अलवर जिले के किसानों,कृषक महिलाओं तथा ग्रामीण युवाओ को पशुपालन के क्षेत्र में प्रशिक्षण द्वारा नई तकनीकों से परिचित कराया। युवाओं को डेयरी,बकरी एवं मुर्गीपालन में प्रशिक्षित कर रोजगार शुरू करने के लिये प्रेरित किया। वर्तमान मे रामगढ व किशनगढ के साथ अन्य क्षेत्रों मे बकरी पालन में 1.5 से 3.0 लाख तथा मुर्गीपालन में 6.0 से 8.0 लाख रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर अपने परिवार का पालन अच्छे तरीके से कर रहे इसी के साथ कृषि महाविद्यालय नौगांव तथा किशनगढबास में विद्यार्थियों को टीचिंग का कार्य भी करते रहे हैं। पशुपालन के क्षेत्र मे आकाशवाणी अलवर से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों मे नियमित रूप से भाग लेकर तथा डीडी किसान,नई दिल्ली, दूरदर्शन जयपुर से प्रसारित कार्यक्रमों के द्वारा पशुपालन की नई विधाओ को प्रचारित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पशुधन के अहार प्रबंधन में हारे चारे की कमी के मद्देनजर कई सालों तक चलने वाले चारे हाथी घांस पशुपालकों के बीच लोकप्रिय किया है। किसानों को प्रत्यक्ष रूप से समझाने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर मे बकरी, मुर्गीपालन, गिर गाय की जिवंत इकाइयों के साथ हरे चारे, केंचुआ खाद की प्रदर्शन इकाइयों स्थापित की गयी है। इन्हे किसान व कृषि के हित में उत्कृष्ट कार्यो के लिए 2011 में 26 जनवरी पर उत्कृष्ट कार्यो के लिए राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान, विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 15 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- नेपोलियन के नेतृत्व में 1812 को फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।
- प्योंगयांग की लड़ाई में 1894 को जापान ने चीन को करारी मात दी।
- गांधी-इरविन समझौता 1931 हुआ।
- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटेन की वायुसेना ने 1940 में दावा किया कि इसने हिटलर की जर्मन वायुसेना को शिकस्त दे दी है।
- स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस 1948 में दिल्ली बंबई (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
- रूसी नेता निकिता ख्रुश्चेव 1959 में अमेरिका की यात्रा करने वाले सोवियत संघ के पहले नेता बने।
- हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना 1971 में की गई।
- वानुअतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य 1981 में बना।
- लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही 1982 को बम बिस्फोट में हत्या।
- अमेरिकी सीनेट ने 2001 में राष्ट्रपति को अफगानिस्तान पर सैनिक कार्यवाही की मंजूरी दी।
- न्यूयार्क में 2002 को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित, थाईलैंड के सट्टाहिम में श्रीलंका सरकार व लिट्टे के बीच सीधी वार्ता शुरू।
- सिंगापुर के मुद्दे पर 2003 में विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल।
- ब्रिटिश नागरिक गुरिंदर चड्ढा को 2004 में 'वूमैन आफ द ईयर' सम्मान।
- क्राम्पटन गीब्स ने 2008 में अमेरिका की एमएसआई ग्रुप कंपनी का अधिग्रहण किया।
- अमरीका के सबसे बड़े बैंकों में से एक लीमैन ब्रदर्स ने 2008 में अपने आप को दिवालिया घोषित कर दिया। यह अब तक की अमरीकी इतिहास कि दिवालिया होने की सबसे बड़ी घटना थी।
- बंगलूर के मुंदिर शिवराजी ने 2009 में सब जूनियर बिलियर्ड्स का खिताब जीता। पेनसुला फाउंडेशन के चेयरमैन सुब्रतो चटोपाध्याय 2009-10 के लिए 'आडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन' के अध्यक्ष चुने गये।

### 15 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

- फ़ारसी विद्वान् लेखक, वैज्ञानिक, धर्मज्ञ तथा विचारक अलबेरूनी का जन्म 973 को हुआ था।
- इंजीनियर, वैज्ञानिक और निर्माता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म 1861 को हुआ था।
- बंगाली उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म भी आज ही दिन 17 सितम्बर 1876 को हुआ था।
- हरक्यूल पॉयरॉट, मिस मार्पल और पार्क पाइन जैसे जासूसी किरदारों में जान डालने वाली अगाथा क्रिस्टी का जन्म 1890 में हुआ था।

## विशेष आलेख

# बुढ़ापे का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनाने की सराहनीय पहल

ललित गर्ग

केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य कदम है। अपने देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार के छह करोड़ बुजुर्ग इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। इस योजना से हम एक ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सकेंगे। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी जनकल्याणकारी सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पारिवारिक एवं सामाजिक घोर उपेक्षा एवं उदासीनता के कारण बुढ़ापा अपने आप में एक रोग ही बनता गया है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार की नयी पहल का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हुआ तो यह फैसला इस आयुवर्ग के बुजुर्गों की सेहत को लेकर सुरक्षा कवच का काम करेगा। यह जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही थी क्योंकि आने वाले बीस वर्ष में भारत की बुजुर्ग आबादी तीन गुना होने की संभावना है।

नये भारत-विकसित भारत की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण एवं उचित स्वास्थ्य-सेवाओं को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर तो काला दाग है ही, शासन-व्यवस्थाओं के लिये भी लज्जाजनक है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने एवं उनके स्वास्थ्य विषयक खर्चों एवं चिन्ताओं को दूर करने के लिये केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया है, वह सराहनीय एवं प्रासंगिक निर्णय है। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत बहुत पीछे है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का स्वास्थ्य बीमा हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह



राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। स्वास्थ्य बीमा को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तहस-नहस एवं असंतुलित कर देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग सोचते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उसने वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू किया है। इन योजनाओं को लागू करने की जरूरत इसलिये सामने आयी है कि वृद्धों को आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा, बंधन माना जाने लगा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। अब जब स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाया गया है तो यह उम्मीद की जानी चाहिए कि खर्च को लेकर परिजनों का डर कम होगा। इस योजना का पूरा खाका सामने आना बाकी है। लेकिन यह सुनिश्चित तो करना ही होगा कि बीमा सुरक्षा कवच होने के बावजूद बुजुर्ग मुफ्त उपचार से वंचित न रह जाएं। खास तौर से सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को लेकर निजी अस्पतालों के रवैये को देखते हुए यह चिंता ज्यादा जरूरी हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में औसत आयु 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही औसत आयु में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अन्य रोग भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# जलझूलनी एकादशी पर ठाकुर जी निकले नगर भ्रमण को, श्रद्धालुओं को सड़को पर दिए दर्शन

## सामूहिक आरती व जल विहार के बाद पहुंचे मन्दिरो में, कल्याण जी महाराज ने नगर भ्रमण कर विजय सागर तालाब में की नोका विहार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर सभी मन्दिरो के ठाकुर जी सजे विमानो में विराज कर नगर भ्रमण कर आम जन को दर्शन दिए।

शनिवार को मालपुरा शहर में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर खवास जी का कटला स्थित श्री सीताराम जी महाराज के मन्दिर से मन्दिरो के ठाकुर जी की डोल यात्रा का जुलुस बेण्डबाजो व आम जन की रामधुनी के साथ रवाना हुआ। यह जुलुस शहर के सभी मुख्य मार्गो व बाजारो आजाद चोक, माणक चोक, अस्पताल रोड, गांधी पार्क, नवीन मण्डी, सुभाष सर्किल, महावीर मार्ग से होकर टोडा रोड होते हुए ट्रक स्टेण्ड से मैला मेदान पहुंचा।

मैला मैदान में सभी डोल में विराजे ठाकुर जी की सामूहिक आरती के बाद जल विहार करवाया गया। जुलुस में भारी संख्या में शहरवासी उमड़े। डोल यात्रा के जुलुस का बीच रास्ते में अनेक स्थानो पर तोरण द्वार से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलुस में शामिल धर्मप्रेमी लोगो के लिए स्वयंसेवी व धार्मिक संस्थाओ की ओर जलपान की व्यवस्था की गई। शहर के धर्मप्रेमी लोग नगर भ्रमण पर निकले ठाकुर जी के दर्शनो के लिए उमड़े व ठाकुर जी के डोल के नीचे से निकल कर धर्मलाभ प्राप्त किया। वहीं उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। परम्परा के अनुसार श्री कल्याण जी महाराज के डोल को नोका विहार करवाया गया। इस नौका विहार के अनुपम दृश्य को देखने के लिए हजारो श्रद्धालु तालाब के किनारे खड़े मौजुद रहे।

**पालिकाध्यक्ष ने अगवानी कर किया अभिनन्दन :** जलझूलनी एकादशी के अवसर पर मालपुरा शहर में निकली ठाकुर जी की डोल यात्रा के सुभाष सर्किल पहुंचने पर नगर की प्रथम महिला एवं पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने जुलुस में शामिल आम जन की अगवानी कर पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया।



## जलझूलनी एकादशी पर निकाली डोल यात्रा

**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की डोल यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ कमाया। डोल यात्रा से पूर्व मंदिर के पुजारियों ने भगवान की मूर्तियों का घृताभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत अभिषेक व जलाभिषेक किया। इसके बाद सजे-धजे विमानों में भगवान को श्रृंगारित कर विराजित किया गया। दोपहर 4 बजे भगवान चारभुजानाथ मंदिर, नृसिंह मंदिर, सुनारों का मंदिर, दर्जियों का मंदिर, भगवान सत्यनारायण मंदिर व लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित 11 मंदिरों से डोल यात्रा रवाना हुई। डोल यात्रा में महिलाएं भजन गाती हुई चल रही थी तो वहीं युवा डीजे पर चल रहे भजनों की धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। ठाकुरजी के सभी विमानों को लेकर श्रद्धालु मेला स्थल भरकुंआ तालाब पहुंचे जहां भगवान के विमानों को विराजित किया गया। इस दौरान भजन मंडलियों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। सूर्यास्त के पश्चात भगवान की सामुहिक आरती उतारी गई। मेला स्थल पर लगी खिलौने, गुब्बारे, मिठाईयां, चाट, पकोड़ी सहित कई खाद्य पदार्थों की दुकानों पर महिलाओं, बालकों एवं पुरुषों ने जमकर खरीददारी का लुत्फ उठाया। इसके बाद ठाकुरजी के विमान वापस निज मंदिर पहुंचे। मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान तैनात रहे। नगर पालिका द्वारा मेले में लोगों की सुविधाओं के लिए टेंट, पार्किंग, पेयजल व लाईट सहित संपूर्ण व्यवस्थएं की गई। इसी प्रकार सिरस व पराना गांव में शनिवार को जल झूलनी एकादशी के अवसर पर ठाकुर जी की डोली यात्रा निकाली गई। डोल यात्रा श्री चारभुजा नाथ मंदिर, लक्ष्मणजी के मंदिर, रघुनाथ जी मंदिर से सामूहिक रूप से रवाना होकर गणेश सरोवर पर पहुंची। जहा ठाकुर जी के डालो को विराजमान करवाने के बाद महा आरती का आयोजन हुआ।

# भाईचारे, प्रेम और साम्प्रदायिक सद्भावना की प्रतीक डोल यात्रा में सैकड़ो भक्तो ने लिया ठाकुरजी का आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** जलझूलनी एकादशी के अवसर पर ठाकुरजी को डोला में बैठाकर नगर भम्रण करवाकर जलविहार कराया गया। वर्षो चली आ रही परम्परा के अनुसार गाँव नटवाड़ा में ठाकुरजी के डोले के नीचे से निकलकर सैकड़ो भक्तो ने आशीर्वाद लिया गया । ठाकुरजी के दर्शन कर प्रसाद लिया गया । कस्बे के सीताराम जी, ठाकुर जी,राधा-कृष्ण, रधुनाथ जी मंदिर सहित अनेक मंदिरो से ठाकुरजी को नहला कर नए वस्त्र पहनाकर सुंदर सजी हुई पालकी में सवार कर भक्तों ने ठाकुर जी के डोले को कंधों पर उठा कर ठाकुर जी को सम्पूर्ण कस्बे का भ्रमण कराया तथा जिन महिलाओं ने अपने अपने घरों में लड्डू गोपाल जी की स्थापना की हुई है वह महिलाएं भी अपने अपने ठाकुर जी को लेकर शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। श्री श्याम सखा परिवार के द्वारा पुष्पवर्षा कर डोले का स्वागत किया। डोला शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्त नाचते हुए चल रहे थे। इससे पहले महिलाओं की ओर से विशेष पूजा अर्चना और भजन कीर्तन आदि कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। घंटे-घड़ियालों की ध्वनि के साथ ठाकुर जी की शोभायात्राओं से कस्बे में भक्ति का माहौल बन गया। एकादशी के अवसर पर निकाली गई डोल यात्रा आपसी भाईचारे, प्रेम और साम्प्रदायिक सद्भावना का प्रतीक बन गई थी। इस डोल यात्रा में शामिल सनातनी श्रद्धालु जहां लड्डू गोपाल जी के डोले को कंधे पर उठाए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे 7 श्रद्धालुओं द्वारा जलझूलनी एकादशी का ठाकुरजी को पवित्र सरोवर में स्नान कराकर एकादशी की कथा सुनाई। ऐसे में महिला श्रद्धालुओं द्वारा छोटे बच्चों को डोले के नीचे निकालकर प्रसाद ग्रहण किया।

# बिजली विभाग की एकीकृत जनसुनवाई में विधायक रामहाय वर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जमकर लगाई फटकार

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन के काम निश्चित समय सीमा में करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शनिवार को पंचायत समिति सभागार में निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसहाय वर्मा की अध्यक्षता में पहली बार बिजली विभाग की एकीकृत जनसुनवाई आयोजित की गई । इस दौरान विधायक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई उन्होंने कहा कि आम जन का कोई भी काम पेंडिंग नहीं रहना चाहिए ।आमजन के कार्य को समय पर नहीं करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों को रिश्वत देने की जरूरत नहीं है इस दौरान विधायक ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### कार्य की समय सीमा निश्चित करें

जनसुनवाई के दौरान विधायक के पास एक महिला रोने लग गई महिला ने बताया कि विभाग द्वारा उसके मकान में कनेक्शन नहीं किया जा रहा है इसके लिए वह विभाग के कई चक्कर लगा चुकी है लेकिन विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ,इसी दौरान भेरूलाल माली ने भी अपने मकान में कनेक्शन नहीं होने के कारण अपनी पीड़ा जाहिर की इस पर विधायक ने अधिकारियों को समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि आप किसी भी कार्य के लिए 5 दिन का अधिक समय ले लो लेकिन लोगों को बार-बार चक्कर लगाने के लिए मजबूर मत करो अन्यथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों की कोई भी सिफारिश नहीं सुनी जाएगी और उसको तत्काल उसके कार्य का फल दिया जाएगा । इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कान खोलकर सुन ले आगामी जनसुनवाई से पहले इन समस्याओं का समाधान हो जाना चाहिए ।विधायक ने कहा कि मैं अब हर माह जन सुनवाई करूंगा।

### जनहित के कार्य स्वत : ही करें अधिकारी

विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि जनहित के कार्य जैसे टूटे हुए पोल, ढीले तार, बीच रास्ते में लगे हुए पोल, विद्यालय, अस्पताल, छात्रावास, कॉलेज भवन के ऊपर से गुजरने वाली 11 के वी लाइनों को स्वत- ही हटा देवे इसमें ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की कहने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा कि लाईनों का रोडमैप मौके पर रास्ते के अनुसार होना चाहिए ऑफिस में बैठकर लाइनों का रोडमैप नहीं बनाना चाहिए।



### जनसुनवाई में बार-बार फॉल्ट की समस्या भी आई सामने

भाजपा पार्षद मैना सैनी ने जनसुनवाई में विधायक को अवगत करवाया कि दशहरा मैदान फीडर से वार्ड नंबर 7,8,9, 10, 11, 12 में विद्युत की सप्लाई की जाती है इस फीडर में बार-बार लाईन फाल्ट की समस्या आती है। इस संबंध में विधायक ने अधीक्षण अभियंता नंदकिशोर खींची से बात की तो उन्होंने बताया कि दशहरा मैदान फीडर पर लोड अधिक है इस फीडर को दो भागों में बांटा जाएगा इस समस्या का समाधान करीब दो माह में कर दिया जाएगा । इस अवसर पर प्रधान राम अवतार गुर्जर, अधीक्षण अभियंता टोंक मोहर सिंह मीणा, सहायक अभियंता ग्रामीण धनराज टाटावत, सहायक अभियंता शहर के सी माली, सहायक अभियंता पीपलू रविश कुमार स्वर्णकार, कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल, कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल, रामप्रसाद शर्मा, पार्षद नितिन छाबड़ा, चिरंजीलाल झापड़ी, सियाराम शर्मा, हनुमान रजवास, अरनिया मंडल महामंत्री बुद्धराम मीणा, देवराज मीणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नैतिक मूल्य में आ रही है गिरावट इसे रोकना हम सब की जिम्मेदारी है : विधायक रामसहाय वर्मा

## जयपुर प्रांत के तीन दिवसीय प्रांतीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** विद्या भारती संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के पांचजन्य सभागार में जयपुर प्रांत का प्रांतीय प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह मंत्री संतोषानंद, अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत मेहता, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष विद्या भारती संस्थान जयपुरडॉ. विजय गोयल, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सन्मति चंवरिया सहित अन्य अतिथियों ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विद्या भारती संस्थान का उद्देश्य राष्ट्र का निर्माण करना है। इसी उद्देश्य को लेकर विद्या भारती संस्थान पूरे देश में विद्यालयों का संचालन करते हुए भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्य में गिरावट आ रही है। इसको रोकने के लिए सभी को कार्य करना होगा। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में हमें राष्ट्र निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्या भारती संस्थान का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान हमें सामाजिक और शिक्षा के केंद्र को आगे बढ़ाना चाहिए। स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया व व्यवस्थापक योगेंद्र सिंहल ने बताया कि प्रबंध समिति कार्यकर्ता सम्मेलन में जयपुर प्रांत के 11 जिलों से करीब 350 से अधिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। सम्मेलन शुक्रवार की रात से शुरू होकर रविवार दोपहर तक चलेगा। सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर विद्या भारती संस्थान जयपुर के अध्यक्ष डॉ विजय गोयल, सह मंत्री विजयसिंह फौजदार, कार्यकारिणी सदस्य केसर सिंह नरूका, कोषाध्यक्ष राजेंद्रकुमार शर्मा, वेदप्रकाश कुर्मी, दिनेश बुन्देल, शंकरलाल सैनी, भारतीय शिक्षा प्रचार समिति टोंक जिला अध्यक्ष दिनेशकुमार शर्मा, जिला व्यवस्थापक निपुण सक्सेना, जिला सचिव दिनेशकुमार शर्मा, स्थानीय समिति कोषाध्यक्ष पदमचंद स्वामी व संरक्षक हनुमान जैन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सभी का तिलक लगाकर तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# क्या डिग्गी गढ़ में समलेंगिक विवाह हुआ हैं या फिर हुई है मेग्जीन के लिए शूटिंग

## क्षैत्र में बना भारी चर्चा का विषय, जांच के लिए मौके पर पहुंचे अधिकारियो ने नहीं माना समलैंगिक विवाह




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड के डिग्गी स्थित गढ़ पैलेस होटर में शनिवार को एक भव्य आयोजन हुआ जिसको लेकर चर्चा यह है कि यह आयोजन कोई समलेंगिक शादी समारोह है अथवा किसी मैग्जीन पत्रिका के लिए शूटिंग हुई है। मामला इस प्रकार है कि शनिवार को गढ़ पैलेस में एक भव्य शादी समारोह की तरह आयोजन हुआ। आयोजन स्थल पर लगे पोस्टरो में मोहित व एन्ड्रयू की शादी समारोह आयोजन होना दर्शा रहे थे। इस आयोजन को लेकर सुबह से ही डिग्गी सहित सम्पूर्ण क्षैत्र में काफी चर्चा रही। आयोजन स्थल पर मेहन्दी व हल्दी की रस्म होने सम्बन्धित पोस्टर लगे थे। जानकार सूत्रो की माने तो जोधपुर के मूल निवासी व हाल निवासी आस्ट्रेलिया मोहित व आस्ट्रेलिया निवासी एन्ड्रयू की शादी आयोजन होना दर्शाता है। गौरतलब है कि सुबह 11 बजे तक इन दोनो के इंस्टाग्राम पर दोनो की शादी होना व शादी से सम्बन्धित फोटोज होना साबित करते हैं कि समलेंगिक शादी हुई है। जब इस मामले की जोर शोर से चर्चा होने लगी तो मोहित व एन्ड्रयू के इंस्टाग्राम एकाउन्ट को लॉक कर दिया गया जो भी शक के दायरे में लाता है। वहीं यदि आयोजको की माने तो आयोजनो ने जानकारी दी है कि एक किसी मैग्जीन पत्रिका के लिए शूटिंग की जा रही है। जबकि मौके पर लगे मेहन्दी व हल्दी रस्म के पोस्टर सहित इंस्टाग्राम पर रिंग सेनेमनी व जोधपुर आर्य समाज के समक्ष उपस्थित दोनो की शादी होना साबित करते हैं। सामने यह भी आया है कि डिग्गी के गढ़ पैलेस में समलेंगिक शादी होने की शिकायत जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा को मिली। जिस पर जिला कलक्टर ने तुरन्त तहसीलदार को मौके पर पहुंच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

### इनका कहना है

इस बारे में मौके पर पहुंच कर जांच करने की जिम्मेदारी वहन करने वाले तहसीलदार राहुल पारीक का कहना है कि जिला कलक्टर से प्राप्त निर्देशो की पालना में वे स्वयं डिग्गी पुलिस के साथ गढ़ पैलेस डिग्गी पहुंच कर आयोजको व मौके पर मौजुद लोगो से पूछताछ की। जिसमें आयोजको की ओर से बताया गया कि समलैंगिक विवाह को लेकर मैग्जीन बनाई जा रही है। जिसकी शूटिंग थी न कि समलैंगिक विवाह था। मौके पर मौजुद लोगो से भी पूछताछ की गई जिन्होंने भी समलैंगिक शादी नहीं होना बताकर केवल शूटिंग ही माना है।

# शिवाड़ में बघेरे की दहशत में लोग

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे में स्थित देवगिरी पर्वत पर कई लोगो द्वारा पिछले 2-3 दिन से बघेरे को देखा जा रहा है ।

हालांकि पहले लोगो को इसका विश्वास नही हुआ लेकिन शुक्रवार शाम को कई लोगो ने करीब 6-30 बजे इसे शिव मंदिर के आगे स्टेशन रोड पर बने पहाड़ो के मकानों के पीछे इसकी मूमेंट देखी और सोशल मीडिया पर फ़ोटो भी चली । इसके बाद कई ग्रामीण मुख्य रास्ते मे खड़े रहे और अपने स्तर पर तलाशी भी की मगर घने पेड़ पौधों के बीच बघेरा गायब हो गया जिसके बाद से लोगो मे दहशत का माहौल है मगर प्रशासन द्वारा कोई रेस्क्यू ऑपरेशन नही किया गया जिससे कस्बे के देवगिरी पर्वत के आस पास बने मकानों में रहने वाले लोगो मे दहशत का माहौल है । वही इस मामले में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के रेंजर दीपक शर्मा से फ़ोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि उनके पास सूचना आ गई है रेस्क्यू का काम रणथंभौर फारेस्ट का है और स्टाफ को भेजने की बात कही । इसके साथ ही शनिवार दोपहर में 2 बजे के करीब देवगिरी पर्वत पर बने किले की दीवार पर से जाते हुए भी बघेरे को लोगो ने देखा ।





# राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय कोटपूतली बहरोड के जिला संगठन आयुक्त के आदेश अनुसार स्थानीय संघ कोटपूतली द्वारा पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहनपुरा में आयोजित हुआ। स्थानीय संघ कोटपूतली के ए डी सी ट्रेनिंग हंसराज यादव ने बताया कि शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक सुरेला ने झंडा रोहण कर किया। वहीं सचिव रामवीर यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न निजी व राजकीय विद्यालयों के 125 स्काउट व 25 गाइड ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर के संचालक प्यारेलाल महला के अनुसार स्काउट गाइड ने इस प्रशिक्षण शिविर में राज्य पुरस्कार अभिशंसा हेतु लॉग बुक तैयार करना, राज्य पुरस्कार का पाठ्यक्रम, प्राथमिक सहायता, पायनियरिंग ,कैंपिंग, हाइक, ऐस्टीमेशन ,अनुशासन, समय की पाबंदी, घर से बाहर रहकर जीवन कैसे जिया जाए इस तरह के अनेक विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सहायक शिविर संचालक सीताराम गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में अनेक अतिथियों अभिभावकों ने अवलोकन भी किया। वही स्काउट गाइड के बालक बालिकाओं ने पाठ्यक्रम के अनुसार बिरला मंदिर की हाइट भी की जहां बालक बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक आनंद प्राप्त किया। इस अवसर पर कमलेश कुम्हार, ख्यालीराम सैनी ,अतुल आर्य, संदीप जांगिड़, रोहिताश्व सैनी, मदन गुर्जर, हंसराज रावत, भारती यादव, किरणा जाट, अर्जुन सिंह जाट सहित अनेक दक्ष प्रशिक्षक और बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

# चोरी हुए इन्वर्टर, बैटरी व बाइक के साथ एक गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजगढ़ पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी हुए इन्वर्टर,बैटरी व बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। विगत दिनों राजगढ़ कस्बे के माली मौहल्ला स्थित पंकज व रवि भट्ट के मकान से ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। थानाधिकारी रामजीलाल मीना ने बताया कि 13 अगस्त 2024 को पंकज व रवि भट्ट ने रिर्पोट दी थी की उनका मकान माली मौहल्ला में स्थित है। जोकि बन्द पड़ा रहता है। मकान का किसी ने ताला तोड़कर मोटरसाइकिल व इन्वर्टर.बैटरी सहित अन्य सामान चोरी कर लिए। जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया। कार्यवाही के लिए टीम का गठन किया गया। गठित टीम को राजगढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर संदिग्ध लगा था। जिसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। कल मुखबिर से सूचना मिली की झंडू उर्फ राकेश जो हिस्ट्रीशीटर है। बसवा से राजगढ़ की तरफ आ रहा है। इस पर फैक्ट्री एरिया के समीप नाकाबंदी कर उसे चेक किया तो मुकदमे में चोरी हुई बाइक होना पाया गया। जिसे गिरफ्तार किया गया। वही आरोपी की इत्तला से इन्वर्टर व बैटरी को भी बरामद किया गया है। बाकी अन्य सामान की बरामदगी के लिए गहनता से पूछताछ कर रहे है। वही कस्बे में हुई चोरियों के सम्बंध व आरोपी के साथ शामिल अन्य लोगो के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी काफी मुकदमे दर्ज है।

# महाविद्यालय मे हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के रूप में मनाया। हिंदी दिवस के अवसर पर साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य अनुभा गुप्ता ने अतिथियों के साथ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभांरम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। विजय सिंह यादव ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उसके महत्व को समझाया। अनेक उदाहरणों के माध्यम से हिंदी की उपादेयता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सत्यवीर सिंह ने हिंदी के अतीत और वर्तमान राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को सामने रखा।डॉ सिंह ने आगे कहा कि हिंदी कभी सत्ता तथा साम्राज्य की भाषा नहीं रही। यह तो जन जन की भाषा रही है। हिंदी की समाहार और आत्मसातीकरण की प्रवृत्ति ने इसका सबसे अधिक विस्तार किया है। तकनीकी सहयोग देशराज यादव ने किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ शोभा जौहरी, कपूरचंद वर्मा, मुकेश कुमार अग्रवाल,नरेन्द्र कुमार मीणा,योगेश कुमार यादव, आलेख कौडिन्य, डॉ सुधीर कुमार यादव, डॉ प्रियंका चाहर तथा बड़ी संख्या विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# भव्य जागरण महोत्सव का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** दसलक्षण पर्व के उपलक्ष्य मे रविवार को श्री दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर हलवाईपाड़ा मे साय 7 बजे जैन संस्कृति रक्षा मंच द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया है ।मंत्री नरेंद्र जैन बड़जात्या ने बताया कि दसलक्षण पर्व के उपलक्ष्य मे साय 7:30 बजे बाल ब्रह्मचारी श्री रविन्द्र भईया द्वारा प्रवचन दिये जाएंगे व रात्रि 8 बजे जागरण का आयोजन किया जाएगा । इस जागरण मे विभिन्न संगीतकार अपने भजनो की प्रस्तुति देंगे । श्री चन्द्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर नसिया जी मे श्री सिद्धचक्र विधान का आयोजन बाल ब्रह्मचारी श्री रविन्द्र भईया के सानिध्य मे हर्षउल्लास पूर्वक चल रहा है ।

## ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# वर्तमान में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण है अति आवश्यक : विधायक हंसराज पटेल

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर शनिवार को ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कोटपूतली-बहरोड़ में जिला स्तरीय कार्यक्रम मॉडल तालाब के किनारे पीर बाबा के पास गोपालपुरा में आयोजित किया गया।राजस्थान जल महोत्सव 2024'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि जिस प्रकार कई वर्षों पूर्व ग्रामीण महिलाएं कोसों दूर से सिर पर मटकी रखकर पानी भरकर लाती थी और उसे सुरक्षित तरीके से रखकर उसका उपयोग करती थी, उसी प्रकार हमें भी आज के समय में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा नलों को खुला छोड़कर पानी को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए।

### जल के बिना जीवन नहीं है मुमकिन : जिला कलक्टर

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष प्रदेश सहित कोटपूतली-बहरोड़ जिले में बारिश अच्छी होने से जल संग्रहण की स्थिति अच्छी रही है। पूर्व में जल अभाव से ग्रसित रहने वाले राजस्थान राज्य के जलस्रोत इस वर्ष जल से सराबोर हैं। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने इन्द्रदेव का आभार व्यक्त करने एवं जलसंग्रहण व संरक्षण की जागरूकता हेतु ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' आयोजित करने का निर्णय लिया।उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं है इसलिए जल का संरक्षण अति आवश्यक है। हम सभी को जल को दूषित होने से बचाना चाहिए। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जल स्रोतो के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले में प्रत्येक ब्लॉक तथा प्रत्येक बांधों, तालाबों सहित ग्राम स्तर तक पूर्ण रूप से भरे हुए जलाशयों पर ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलश यात्रा निकाली एवं जल पूजन कर जल संरक्षण का लिया संकल्प राजस्थान जल महोत्सव 2024'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई तथा जिला कलक्टर ने मॉडल तालाब के किनारे जल पूजन किया एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए भगवान इन्द्रदेव का प्रदेश में भरपूर मात्रा में वर्षा जल प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया।जल संग्रहण व संरक्षण एवं स्वच्छता की दिलाई शपथ कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल




द्वारा जल का संरक्षण करने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर व्यर्थ नहीं बहाने तथा जल को प्रदूषित नहीं करने सहित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान एडीएम ओमप्रकाश साहारण, उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी, उपअधीक्षक राजेंद्र बुरड़क, तहसीलदार सौरभ गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार का जन चेतना अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जैसा की पूर्व विदित है, अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में डीग जिले की चेतना केंद्र से विस्तारित एवं स्थापित प्रज्ञा पीठ बाबैन में 14 नवंबर से 17 नवम्बर तक 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ प्रायोजित है ।जिसके लिए 7 सितंबर को अलवर भरतपुर उपजोन के वरिष्ठ गायत्री परिजनों के सानिध्य में शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश वंदनीय शैल दीदी के कर कमलों से प्राप्त किया गया।



पावन शक्ति कलश को बाबैन के समर्पित कार्यकर्ता लालसिंह जी की धर्मपत्नी द्वारा पूजन पूर्वक सिर पर धारण कर ग्राम परिक्रमा करते हुए संक्षिप्त कलश यात्रा व बैंड बाजे के साथ प्रज्ञा पीठ पर गायत्री माता के मंदिर में स्थापित किया गया। ग्राम परिक्रमा की इस यात्रा में मिशन के युग संगीत की धुन में महिलाओं के साथ साथ छोटे छोटे बच्चे भी झंडी लेकर भाव विभोर होकर थिरकते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में भरतपुर, डीग, कुम्हेर, अलवर, खेरली, हलेनाहेलक आदि स्थानों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रज्ञा पीठ पर कलश स्थापन के बाद श्री रवि सिंह इंदौलिया जी ने कलियुग में यज्ञ महिमा बताते हुए कहा कि जहां 108 कुण्डी यज्ञ हो जायए वह ग्राम तीर्थ बन जाता है। कार्यक्रम संयोजक श्री सुरेश पाराशर जी ने शक्ति कलश के सानिध्य में जप साधना का महत्व बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा व्योम में व्याप्त होकरए मानव की मलीनता को क्लीनता में बदलने का कार्य करेगी। यज्ञ समिति के समन्वयक श्री सुशील पाराशर जी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे इस कार्यक्रम के प्रति गांव के महिला पुरुषों के समर्पण और जोश खरोस को देखते हुए अपार खुशी हो रही हैएलेकिन कार्यक्रम की सफलता के लिए जोश के साथ अपना होश भी कायम रखना होगा। अंत में यज्ञ समिति के संरक्षक, भीष्म प्रतिज्ञ श्री श्याम सुंदर शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया और उदाहरण देकर बताया कि यह स्थान प्राचीन शिव शक्ति तत्व से ओतप्रोत है।

निश्चित ही 108 कुंडी यज्ञ के बाद यह स्थान चमत्कारिक होकर चमकेगा। सभी को प्रसाद देकर भावभीनी विदाई दी गई। बता दें कि 13 सितंबर को आज सुबह 8 बजे ग्राम हेलक में डॉक्टर महेश प्रजापत व श्री महेश गर्ग जी के अथक प्रयासों द्वारा एक साथ 24 घरों में 24 गायत्री परिजनों द्वारा घर घर गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत यज्ञ कराया गया। कार्यक्रम प्रभारी सुरेश पाराशर ने इसी तरह आगे भी घर-घर यज्ञ चलते रहने के लिए कार्य योजना बनाकर सभी को अवगत कराया।

# नालसा गरीबी का प्रभावी कार्यान्वयन से संबंधित कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) लक्ष्मणगढ़, जज गोपाल सैनी के निर्देश पर पंचायत समिति गोविंदगढ़ के सरस्वती कन्या मॉडर्न पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में नाल्सा गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएँ योजना,के तहत् गरीबी उन्मूलन हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी दी गई। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि शैक्षणिक ऋण योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृति,अनुप्रति कोचिंग, आपकी बेटी, अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं हेतु राज्य मैरिट कम मीन्स,मुख्य मंत्री उच्च,शिक्षा छात्रवृति योजनाओ कि विधिक जानकारी दी। साथ ही 28 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में भी जागरूक किया।इस दौरान प्रिंसिपल हनुमान सिंह,स्टाप रेखा बंसल,हरवीर सिंह,राहुल कसाना, बलराम,खुशबू मेहरा, रविता कुमारी,सुरेश चंद,आदि मौजूद रहे।

# अग्रवाल महिला मंडल की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** अग्रवाल महिला मंडल की बैठक अग्रसेन भवन मे कार्यवाहक अध्यक्षा लाजवंती देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे डांस कॉम्पीटिशन, एक मिनिट गेम, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। और सब की सहमति से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । बैठक मे कार्यवाहक महामंत्री जया बिरमीवाल एवं महिला सदस्य ईन्दु अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, दिप्ती बंसल, अल्का बंसल, बीना गोयल, मीनू बंसल, मृदुला गोयल, चंदा अग्रवाल, शीतल गोयल, शालू बंसल, रेणु जिंदल सहित अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# नेशनल अलवर फिजियोकोन 2024 के पहले दिन की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट एवं लॉड्र्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में 15 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल अलवर फिजियोकोन 2024 के पहले दिन की शुरुआत लॉड्र्स यूनिवर्सिटी परिसर में शनिवार को डायरेक्टर मनोज चाचान, वाइस चांसलर डॉ बीएस शर्मा, रजिस्ट्रार डॉ पंकज अरोड़ा, रिसर्च डायरेक्टर डॉ.स्नेह साइवाल की अध्यक्षता में गणेश वंदना के साथ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर की गई। अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट के जिला अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं साइंटिफिक्र सेशन के पदाधिकारियो का स्वागत किया साथ ही नेशनल फिजियोकोन 2024 के क्रमबद्ध कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।



अग्रवाल ने बताया कि 50 से अधिक शोध पत्रों को साइंटिफिक्र सेशन के लिए चुना गया है और इन शोध पत्रों को यूजीएपीजीए पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आज लॉर्डस यूनिवर्सिटी में साइंटिफिक्र सेशन के समानांतर दो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनका संचालन डॉ नेहा सैनी ने टैपिंग पर कार्यशाला के माध्यम से 100 से अधिक प्रतिभागियों के लिए प्रेजेंटेशन दिया वही डॉ कुंजू मिश्रा ने एसीएल रिहैबिलिटेशन पर प्रतिभागियों को कार्यशाला के माध्यम से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से कार्यशाला में सम्मिलित हो रहे फिजियोथैरेपिस्ट और विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग बना रहा। इस अवसर पर डॉ सतीश शर्माए डॉ संदीप सैनीएडॉ अनुराधा गोयलए डॉ पीयूष शर्माए डॉ अभिनव शर्माए डॉ अर्चित जोशी सहित फिजियोथैरेपिस्ट और मेडिकल स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। अलवर में आज जुटेंगे देश के विशेषज्ञ फिजियो:- ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में नेशनल फिजियोकोन 2024 दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन में रविवार 15 सितंबर को देश के 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट शामिल होंगे। अधिवेशन में मुख्य रूप से फिजियोथेरेपी विषय पर व्याख्यान होंगे तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल खेत में पहुंचकर ई-गिरदावरी प्रक्रिया को समझा

## खसरे और नक्शे से किया मिलान; अधिकारियों को दिए मॉनिटरिंग के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड (सुभाष यादव)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल स्वयं खेतों में पहुंची और ई-गिरदावरी की प्रक्रिया को समझा। बता दें कि किसान अब ऑनलाइन ऐप के जरिए खुद ई-गिरदावरी कर सकते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को इसके बारे में प्रशासन जानकारी दे और जागरूक करे। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल नीमराना उपखंड इलाके के खेतों में पहुंचीं। उन्होंने राज किसान गिरदावरी के माध्यम से हो रही ई-गिरदावरी का निरीक्षण किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों को ई-गिरदावरी की मॉनिटरिंग करने और प्राथमिकता से पूरा करवाने के निर्देश दिए। नीमराना में माढंण तहसील के गांव में किसानों के खेतों में पहुंचीं थीं। वहां ई-गिरदावरी प्रक्रिया को विस्तार से जाना। ई-गिरदावरी की खसरे एवं नक्शे से मिलान कर जांच की। जिला कलक्टर ने खेतों में फसल और खसरावार एंट्री की जानकारी ली और




निर्देश दिए और कहा कि न्यूनतम रूप से 5 फीसदी गिरदावरी कार्य किसानों के माध्यम से ई- गिरदावरी से करवाया जाना है। उन्होंने ई-गिरदावरी की प्रक्रिया का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारी पंकज बडगूजर, तहसीलदार एवं अन्य विभागीय अधिकारियों से ई-गिरदावरी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि फसल खरीफ संवत 2081 (वर्ष 2024) के तहत डिजीटल क्रॉप सर्वे (ई- गिरदावरी) के तहत ऑनलाईन गिरदावरी कार्य राज खसरा गिरदावरी एप के माध्यम से की जा रही है। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने विभिन्न मीटिंगों के माध्यम से कोटपूतली-बहरोड़ जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों को गिरदावरी का कार्य सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ संपादित करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि गिरदावरी कार्य के लिए इसके बारे में ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत को सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने गिरदावरी में दर्ज रकबा का मैदानी एवं रैंडम सत्यापन पटवारी, राजस्व निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार के माध्यम से करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अनुसार अधिकाधिक खसरों पर स्वयं किसानों के माध्यम से गिरदावरी करवाई जानी है। इसलिए किसानों को स्वयं भी अपने खेत में ऑनलाइन एप के माध्यम से गिरदावरी करने के लिए प्रेरित करें। राजस्व विभाग ने इसके लिए राज किसान एप शुरू किया है। किसानों को स्वयं गिरदावरी करने के लिए यह एप डाउनलोड करना होगा। किसान स्तर से की गई गिरदावरी के बाद शेष खसरों की गिरदावरी के लिए संबंधित पटवारी को वरीयता दी जाएगी। जिला कलक्टर ने पटवारियों की ओर से गिरदावरी किए जाने की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी गिरदावरी किए जाने की सूचना सभी किसानों को दें, ताकि कोई भी पात्र किसान फसल खराबे के मुआवजे से वंचित नहीं रहे।

**किसान एप से ऐसे कर सकते हैं ई-गिरदावरी,बेहद आसान है ई-गिरदावरी की प्रक्रिया :** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि ई-गिरदावरी की प्रक्रिया बेहद आसान है इसके लिए सबसे पहले काश्तकार अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर अपने जन आधार से लॉगिन करें। आधार से जुड़े मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। इससे वेरिफाइड होने के बाद एप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोड़ें पर क्लिक करना है। फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करें का ऑप्शन रहेगा। इन दोनों ऑप्शन में से खसरा सर्च कर क्लिक करने पर सिम्पल पेज खुलेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा।

# श्री सांवलिया सेठ मेले के दूसरे दिन चांदी के रथ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, हेलीकॉप्टर से की गई पुष्प वर्षा





बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़/निम्बाहेड़ा( नि.स. )**। जिले में मंडफिया स्थित श्रीकृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में भगवान सांवलिया सेठ के विशाल जलझूलनी एकादशी मेले के दूसरे दिन भगवान श्रीसांवलियाजी की बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान पूरा वातावरण सांवलिया सेठ के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा से भगवान का स्वागत किया। मेले के दूसरे दिन सोमवार को राजभोग आरती के बाद भगवान के बाल विग्रह को चांदी के रथ में बिराजमान किया गया। इस दौरान श्री सांवलिया सेठ की विशेष आरती की गई। परंपरागत वाद्य यंत्रों और ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और मंदिर परिसर में भगवान के साथ श्रद्धालुओं ने गुलाल भी खेली। बाद में भक्त रथ को खींचते हुवे मंदिर से बाहर लाए। शोभायात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान श्री सांवलियाजी मंदिर बोर्ड चेयरमैन भैरू लाल गुर्जर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार, बोर्ड सदस्य अशोक शर्मा, संजय मंडोवरा, भैरूलाल सोनी सहित भारी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे। रथयात्रा में राम दरबार, कृष्ण-सुदामा मिलन झांकी, राधा-कृष्ण झांकी, शिव परिवार झांकी महाकाल झांकी, बाहुबली हनुमान झांकी शेरावाली माँ की झांकी की भव्य प्रस्तुतियां दी गई। भगवान सांवलिया सेठ की रथ यात्रा करीब आठ घंटे तक चली। शाम को यह रथ यात्रा सांवलिया सरोवर घाट पहुंची जहां भगवान को जल स्नान कराया गया और भगवान की विशेष पूजा की गई। भगवान सांवलिया सेठ के मेले में लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मेले को लेकर प्रशासन की और से विशेष व्यवस्थाएं की गई है।

**रविवार को होगा समापन :** रविवार को मेले का समापन होगा। शाम को 7 बजे मेला ग्राउंड, मीरा रंग मंच स्टेज पर समापन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दिन दिव्यांगों को मोटोराईज्ड स्कूटी वितरण एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित होगा। साथ ही वीणा कैसेट्स द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## कवि सम्मेलन एवं भजन संध्या का आयोजन

श्री सांवलिया जी में लेकर पहले दिन रात्रि को कवि सम्मेलन एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवि सुरेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण सतन, विवेक पारीक, जॉनी बैरागी, भुवन मोहिनी, विष्णु सक्सेना, मुन्ना बैट्री, नवल सुधांशु, प्रवीण राही सहित कवियों ने श्रृंगार, हास्य, वीर रस की कविताएं पेश की। कवि सम्मेलन में मंच संचालन कवि अजातशत्रु ने किया। कवि सम्मेलन में सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, अतिरिक्त जिला कलक्टर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर भू अ सुरेंद्र सिंह पुरोहित, सांवरियाजी के मेला प्रभारी एडीएम विनोद मल्होत्रा, मंदिर मंडल के अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, कपासन प्रधान, भदेसर एसडीएम विजयेश कुमार पांड्या, तहसीलदार सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और मंदिर मंडल के सदस्य गण उपस्थित रहे।

## धार्मिक पर्वो को सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने हेतु कपासन में सीएलजी की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )**। धार्मिक पर्वों को सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने हेतु शुक्रवार सांय स्थानीय पुलिस थाना परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। जलझूलनी एकादशी,अन्नत चतुर्दशी,ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर सामुदायिक समन्वय समूह सीएलजी की बैठक का पुलिस थाना कपासन परिसर में पुलिस उपाधीक्षक अनिल सारण,पुलिस निरीक्षक रतनसिंह,नायब तहसीलदार राधाकिशन विजयवर्गीय की उपस्थिति में आयोजन किया गया।बैठक में अधिकारियों द्वारा सभी पर्वों को साम्प्रदायिक सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाते हुवे प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया।साथ ही बैठक में अन्नत चतुर्दशी पर निकलने वाली शोभायात्रा के मार्ग तथा समय पर चर्चा की गयी।अंजुमन कमेटी के सदर अशफाक हुसैन तुर्किया ने बताया कि नगर में चल रहे गणपति महोत्सव को लेकर जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व पर सोमवार को निकलने वाले जुलूस के मार्ग में परिवर्तन कर जुलूस मुख्य बाजार में नहीं निकालकर।मोमीन मोहल्ला से बस स्टैंड, पांचबत्ती चौराहा से दरगाह शरीफ जायेगा।बैठक में गत दिनों नगर क्षैत्र में हुई चोरियों की घटनाओं का शीघ्र राजफाश कराने में पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाहियों पर पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट किया गया।पुलिस उपाधीक्षक अनिल सारण, पुलिस निरीक्षक रतनसिंह ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर पुलिस उपनिरीक्षक लादूलाल सोलंकी,सहायक पुलिस उपनिरीक्षक सुभाष यादव, मुख्य आरक्षी लालाराम मीणा,कस्बा चौकी आरक्षी एवं सूचना अधिकारी जितेंद्र गुर्जर सहित दोनों समुदायों के सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## रामलला के साथ गणपति विराजमान के मोतीचूर के विशाल मोदक के लड्डू का भोग चढ़ा

### इस वर्ष कलकता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर की निर्मम हत्या पर विशेष संजीव झाकी अनंत चतुर्दशी जुलूस का आकर्षण होगा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )**। समाजसेवी डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी द्वारा रामपुरा कोतवाली के पीछे निजी निवास पर रामलला के साथ गणपति विराजमान की स्थापना कर रखी है जहा रोज पूजा अर्चना होती है आज 11 किलो के मोती चूर विशाल मोदक के लड्डू का भोग लगाया गया। समाज सेवी डॉ. सैनी , सुनील गहलोत, राकेश खींची, नरेंद्र मेघवाल, अजय सक्सेना, किशन अग्रवाल, गौरव तंवर, देवेंद्र सुमन, सोनू जैन, सौरव तंवर, नरेंद्र नागर, हनुमान प्रसाद, डॉ संजय गर्ग, गोपाल, घनश्याम बागड़ी , भव्य तंवर , मोनू मेघवाल, मुकेश मालव,अन्य सहयोगी जुटे हुए हैं।

## नवीन राजकीय महाविद्यालय राशमी में प्रवेश हेतु 21 सितं. तक आवेदन जमा करा सकेंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )**। नवीन राजकीय महाविद्यालय राशमी में प्रथम वर्ष कला में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 21 सितंबर 2024 तक ऑफलाइन आवेदन सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय कपासन में जमा करवा सकेंगे। अभ्यर्थियों की अंतरिम प्रवेशित एवं प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन 24 सितंबर 2024 को होगा।विद्यार्थियो की फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 28 सितंबर 2024 है।अंतिम प्रवेश सूची का प्रकाशन 30 सितंबर 2024 को होगा।वर्ग आवंटन एवं शिक्षण 1 अक्टूबर से प्रारंभ होगा।राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय को आवंटित विषय हिंदी,साहित्य,संस्कृत,समाजशास्त्र,अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान,इतिहास,भूगोल है।अभ्यर्थी अंग्रेजी साहित्य एवं समाजशास्त्र में से कोई एक विषय ले सकते हैं।

## जलझूलनी एकादशी पर्व को कपासन में श्रद्धालुओं ने व्रत उपवास सहित ठाकुरजी के बाल रूप को जल में झूला-झुलाकर मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )**। क्षेत्र में जलझुलनी एकादशी पर्व को श्रद्धालुओ द्वारा शनिवार को हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया।जिसमे विविध मंदिरो से आए ठाकुरजी के बेवाणों (राम रेवाड़ी) की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जानकारी अनुसार जलझूलनी एकादशी पर्व को क्षेत्र के ग्रामीण अंचल सहित नगर में हर्ष एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया।साथ ही भक्तों ने स्वैच्छिक व्रत एवं उपवास के साथ जलझूलनी एकादशी का लाभ प्राप्त किया।यहां नगर क्षैत्र के विभिन्न मंदिरों से बेवाण में विराजमान होकर पधारे ठाकुरजी जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।जिसमे श्रद्धालुओ द्वारा आकर्षक अखाड़ा प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।शोभायात्रा का कई स्थलो पर जयकारों के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।कतारबद्ध ठाकुरजी के बेवाण नगर के विशाल जलस्रोत राज राजेश्वर बड़ा तालाब पहुंचे।जहां बड़ी संख्या में भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा ठाकुरजी के बाल रूप को जल में झूला झुलाकर स्नान कराया गया।इसके बाद महाआरती कर श्रद्धालुओ में प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जलझूलनी एकादशी को परिवर्तीनी एकादशी एवं वामन एकादशी भी कहा जाता है मान्यता है की जन्माष्टमी के 18 दिन बाद भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को माता यशोदा ने श्री कृष्ण जन्म के बाद जलवा पूजन किया।उसी दिन को जलझूलनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है।इस दिन मंदिरों में भगवान के विग्रह को रथ में सवार कर उन्हें स्नान हेतु जलाशय ले जाया जाता है।भगवान के रथ की शोभायात्रा निकाली जाती है।साथ ही अधिकतर स्त्री पुरुष उपवास रखते हैं।जो भगवान की शोभायात्रा तथा डोल के दर्शन करने के बाद उपवास खोलकर व्रत पूर्ण करते हैं।

## शिक्षा विभागीय जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आगाज



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )**। शाला क्रीडा संगम कोटा महात्मा गांधी मल्टीपरपज विद्यालय में पहली बार शिक्षा विभागीय जिला स्तरीय हैंडबॉल अन्डर 17/19 वर्ष की प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। संयोजक चयन समिति एवं निर्णायक मंडल हैंडबॉल प्रशिक्षक नीता डांगी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 16 सितंबर से 20 सितंबर तक आयोजित होंगी। उन्होने बताया की भामाशाह डॉ. के.पी. सिंह चेयरमैन राजरानी ग्रुप के द्वारा प्रतियोगिता से पूर्व आज शाला क्रीड़ा संगम के हैण्डबाल खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरित की गई। डॉ के.पी. सिंह के द्वारा खेलों में राजकीय विद्यालय के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना, खेलों से जुड़े रहना आपकी विशेष पहल है, इस अवसर पर आपने कहा कि खेलों से आपका विशेष जुड़ाव है और स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने की दृष्टि से आप हमेशा खिलाड़ियों का सहयोग करते आए हैं । प्रतियोगिता के संयोजक एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मल्टीपरपज, गुमानपुरा के प्रधानाचार्य राहुल शर्मा जी ने इस कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत सम्मान किया साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए शाला क्रीडा संगम में आयोजित होने जा रही प्रतियोगिताओं के लिए भामाशाह डॉ सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया इस अवसर पर स्थानीय पार्षद और हैंडबॉल के जिला संघ के सचिव नरेश शर्मा ने भी प्रतियोगिता में पूर्ण सहयोग देते हुए खिलाड़ियों को शाला क्रीडा संगम में आयोजित होने जा रही प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शाला क्रीडा संगम के हैंडबॉल प्रशिक्षक नीता डांगी, अविनाश सिंह और अन्य खेल प्रशिक्षक साबिर हुसैन, शिमला गुर्जर , मुकेश, यशपाल शर्मा, परवेज , इंद्रजीत शर्मा, और जैफखान मंसूरी, तथा हैंडबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रहे। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय महावीर नगर प्रथम की प्रधानाचार्य मनिंदर कौर ने भी भामाशाह डॉ. सिंह का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। शाला क्रीडा संगम प्रभारी सुनील गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

## जल महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ने किया जल संरक्षण का आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )**। किशोर सागर तालाब के बारहदरी पर जिला स्तरीय जल महोत्सव का आयोजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि जल न केवल जीवन के लिए अपरिहार्य है, बल्कि यह प्रकृति की अमूल्य निधि है, जिसका विवेकपूर्ण उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और उन्हें प्रदूषण से बचाना संपूर्ण मानव जाति की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों से जुड़े जल स्त्रोतों के पूजन, वंदन, सम्मान और संरक्षण को रेखांकित करते हुए कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना हमारा कर्तव्य है।

कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने जल पूजन कर उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही, संभागीय आयुक्त श्रीमती उर्मिला राजोरिया ने उपस्थित जनसमूह को जल के संरक्षण, विवेकपूर्ण उपयोग और प्रदूषण से बचाने की शपथ दिलाई। कला जत्था द्वारा नाटक और नृत्य के माध्यम से जल के महत्व, उसके विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण से संबंधित जागरूकता संदेश को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर महापौर नगर निगम राजीव अग्रवाल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष कोटा दक्षिण विवेक राजवंशी ,जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ. अमृता दुहन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक त्यागी, आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर राजपाल सिंह, मुख्य अभियंता जल संसाधन (संभाग) राजेन्द्र कुमार पारीक, अधीक्षण अभियंता रोहिताश्व कुमार जैमिनी, जल बिरादरी के बृजेश विजयवर्गीय, जिला स्तर के अधिकारी, स्कूल के छात्र और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद के आईईसी समन्वयक रविंद्र श्रीवास्तव ने किया।

### राजस्थान जल महोत्सव 2024 का आगाज

## पंचायती राज मंत्री ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ, 280 लाख रुपए से होगा डोलियां तलब मे जल संरक्षण का कार्य

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )**। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज डोलिया ग्रामपंचायत मे आयोजित ब्लॉक स्तरीय राजस्थान जल महोत्सव मे ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आज प्रदेश के सभी बड़े जलाशयओ पर कलश यात्रा निकाल कर गंगा पूजन और जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। इसी क्रम मे रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के डोलियां ग्राम मे स्थित तलब पर पंचायत समिति लाडपुरा द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि हम पानी की कीमत समझे इसलिए ये महोत्सव मनाया जा रहा है। पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए हर हाल मे पानी बचाएं और पानी को व्यर्थ ना बहाए।

दिलावर ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की सपथ भी दिलवाई। एवं तलब मे जलनिधि की आरती पूजन कर ग्रामीणों को जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल को व्यर्थ नहीं बहाने का संदेश दिया। इस अवसर ग्रामीणों की मांग पर डोलियां तलब मे जल रिसाव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 280 लाख की डीपीआर बनाने के मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए और शीघ्र ही डीपीआर मंजूर करवाकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम मे सरपंच प्रेमराज चौधरी, सरपंच गिरधरपुरा नंदलाल मेघवाल, एसडीएम तेजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार योगिता कंवर, वाटरशेड की कनिष्ठ अभियंता दीसी नागर सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास से निकाली देव विमानों की शोभायात्रा

## देव विमान शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हैरतअंगेज करतबों ने मनमोह लिया

बढ़ता राजस्थान

**अन्ता ( शफीक मंसूरी )**। ढोल यात्रा ग्यारस का देव विमानो के साथ जुलुस निकाला गऐ ।जुलुस प्रमुख मंन्दिरो के देव विमान अजीतपुरा बालाजी की बगीची से कोटा बारां मुख्य मार्ग से होते हुये बमोरी खाड़ी पर जलवा पूजन किया गया ।जुलुस के साथ देव विमान की 2 दर्जन झांकियां निकाली गई जुलुस मे अखाड़े मे करतब दिखा ते चल रहे थे ।प्रशासन ने जुलुस मे निगरानी के लिए हर पॉइंट पर जवान लगा कर व्यवस्था कर रखी थी ।जुलुस के दौरान एसडीएम संजना जोशी तहसीलदार सुरेन्द्र गुर्जर नायब तहसीलदार धनराज गुर्जर अतिरिक्त पुलिस सोजी राम थानाधिकारी दिग्विजय सिंह सहित नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जाटव, कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार मालव, सफाई निरीक्षक रविंद्र पांचाल, भूमिका का प्रभारी जगदीश सुमन स्टोर प्रभारी दौलत राम कुशवाहा, अपनी सेवाए से रहे थे।

**हर्षोल्लास से निकाली देव विमानों की शोभायात्रा :** जलझूलनी एकादशी डोल ग्यारस पर शनिवार को विशाल जुलूस के साथ देव विमानों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई । दोपहर बाद से ही नगर की विभिन्न व्यायाम शालाओं के अखाड़े अजीतपुरा बालाजी की बगीची के यहां पहुंचना शुरू हो गए थे। सांय 4 बजे अजीतपुरा बालाजी की बगीची से जुलूस शुरू हुआ जो सीएडी चौराहा, सीसवाली चौराहा कोटा रोड़ होते हुए बालाजी मंदिर बमोरी पर सम्पन्न हुआ । वहीं जुलूस के साथ दर्जनों देव विमानों की शोभायात्रा निकाली गई, इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओ ने देव विमानों के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया वहीं कई महिलाओं ने ढोक देकर परिवार की खुशहाली की कामना की। सभी देव विमान परम्परा अनुसार बमोरी खाड़ी पर पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर जलवा पूजन किया गया ।

## बस्सी बांध में जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित जल संरक्षण के महत्व को समझने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )** । अच्छे मानसून की खुशी में राजस्थान जल महोत्सव-2024'' के तहत शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम बस्सी बांध पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्सी बांध पर चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, जिला कलक्टर आलोक रंजन, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, प्रधान देवेंद्र कंवर, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, पालका सरपंच की उपस्थिति में जलाशय की विधिवत पूजा की गई। जल महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि राजस्थान में बहुत अच्छी बारिश हुई है, जिससे ज्यादातर बाँध एवं जलाशय भर गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में जल महोत्सव का आयोजन करवाकर सभी को एक साथ बिठाया है। उन्होंने कहा कि बस्सी डेम, ओरई डेम सहित जिले के बड़े-बड़े डेम भर गए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अच्छी बारिश होने से फसल भी अच्छी हुई है और आने वाली फसले भी बहुत अच्छी होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत पलका एवं बस्सी में विकास की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# युवा कांग्रेस के जिला महासचिव बने कृष्णा सिकरवार

## भूपेंद्र सिंह को मिली राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान



**राजाखेड़ा/धौलपुर( नि.स. )।** राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा और जिला अध्यक्ष तरुण शर्मा की अनुशंसा पर राजाखेड़ा विधानसभा के गांव जसूपुरा निवासी कृष्णा सिकरवार को युवा कांग्रेस का जिला महासचिव बनाया गया है। सिकरवार कई वर्षों से पार्टी के लिए सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं। सिकरवार पूर्व में भी युवा कांग्रेस में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं। उन्होंने राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, बसेड़ी विधायक संजय जाटव, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया, जिला अध्यक्ष तरूण शर्मा, जिला प्रभारी शेलेन्द्र मीणा और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। इसी के साथ भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा राजाखेड़ा निवासी भूपेन्द्र सिंह राजपूत को राजस्थान यूथ कांग्रेस प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। भूपेंद्र इससे पहले जिला प्रवक्ता और सोशल मीडिया के प्रदेश सह संयोजक के रूप में सक्रियता से काम कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान युवा कांग्रेस सोशल मीडिया का प्रदेश संयोजक नियुक्त करने पर राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, सोशल मीडिया प्रमुख मनु जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, प्रदेश इंचार्ज मोहम्मद शाहिद, अरुणा महाजन, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया, यशवीर शूरा, सुधिंदर मूंड, सोशल मीडिया इंचार्ज मनीष भूमिहार, राहुल खान, अभिषेक सोमरा एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

# शहर में हुआ हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, राजभाषा बनने का सफ़र और राष्ट्रभाषा बनने में आने वाली बाधाओं पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** शनिवार को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शहर के किड्स पैराडाइज स्कूल में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी के महत्व पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील मित्तल ने की।

विद्यालय के हिंदी के व्याख्याता शशिकांत पाराशर ने हिंदी के राजभाषा बनने के सफर पर और उसे राष्ट्रभाषा बनने में आने वाली बाधाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला द्यजीव विज्ञान की व्याख्याता खुशबू तोमर ने बताया कि हिंदी हमारी माँ की तरह है जिसके साथ हम हमेशा एकदम सहज और सरल महसूस करते हैं। विद्यालय की ही अंग्रेजी की व्याख्याता कुसुम शर्मा ने मानव जीवन को सरलता से सफलता को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने के लिए बहुत ही शानदार कविता सुनाई विद्यालय के टीचर अखिल कौशिक,सतीश कुमार, तनु गर्ग,नीतू गर्ग,ममता मंगल, पूजा शर्मा,दिव्या गर्ग,राखी बघेल, राखी शिवहरे, पूनम वर्मा ने कार्यक्रम में बेहद प्रभावशाली ढंग से हिंदी दिवस के आयोजित करने की आवश्यकता और उपयोगिता पर अपने विचार रखे। प्रधानाचार्य सुनील मित्तल ने भी हिंदी प्रेम को देश प्रेम के रूप में प्रस्तुत करते हुए हिंदी भाषा को समर्पित कई स्वरचित हिंदी कविताएँ सुनाई।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मचकुंड सरोवर पर जल पूजन कर किया कुदरत का आभार

# वर्तमान में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण है अति आवश्यक : जिला कलक्टर

## 'राजस्थान जल महोत्सव 2024' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन





बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर शनिवार को ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' का आयोजन किया गया। इसी क्रम में धौलपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम तीर्थराज मचकुण्ड में आयोजित किया गया। राजस्थान जल महोत्सव 2024 के जिला स्तरीय कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा अच्छी वर्षा के लिए प्रकृति को धन्यवाद अर्पित करना चाहिए।

**वर्षों बाद अच्छी बारिश ने जीवित किए जल स्त्रोत :** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष प्रदेश सहित जिले में बारिश अच्छी होने से जल संग्रहण की स्थिति अच्छी रही है। पूर्व में जल अभाव से ग्रसित रहने वाले राजस्थान राज्य के जल स्त्रोत इस वर्ष जल से सराबोर हैं। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने प्रकृति का आभार व्यक्त करने एवं जल संग्रहण व संरक्षण की जागरूकता हेतु ''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद जिले में काफी अच्छी वर्षा हुई है जिससे कई जल स्त्रोत पुनर्जीवित हुए हैं। जल का संरक्षण अति आवश्यक है। हम सभी को जल को दूषित होने से बचाना चाहिए। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जलस्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने जल की महत्ता को बताते हुए इसके दुरूपयोग से जनजीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी तथा जल प्रदूषण को रोकने की अपील की।

### कलश पूजन एवं दीपदान कर जल संरक्षण का लिया संकल्प

''राजस्थान जल महोत्सव 2024'' के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा कलश पूजन एवं दीपदान किया गया। जिला कलक्टर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीर्थराज मचकुंड में जल पूजन किया एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रदेश में भरपूर मात्रा में वर्षा जल प्रदान करने के लिए प्रकृति का आभार प्रकट किया।

**लोकगीतों के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश :** कार्यक्रम के दौरान रोशन मस्ताना क्लब के कलाकारों द्वारा लोकगीतों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

**जल संग्रहण व संरक्षण एवं स्वच्छता की दिलाई शपथ :** कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर के द्वारा जल का संरक्षण करने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर व्यर्थ नहीं बहाने तथा जल को प्रदूषित नहीं करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सीईओ सुदर्शन सिहं तौमर, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश चन्द्र मीणा, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, विद्यार्थी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित रहे।

# मंदिरों के ठाकुर जी निकले नगर भ्रमण पर,जलझूलनी एकादशी पर हुआ आयोजन

## तुलसी वन में कराया गया ठाकुरजी को स्नान, महाआरती के बाद हुई वापसी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** देव जलझूलनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को शहर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुर जी नगर भ्रमण पर निकले। फूलों से सजी धजी पालकी में ठाकुर जी को नई पोशाक पहनाकर विराजमान किया गया। इसके बाद शंख झालरों की मधुर ध्वनि और जयकारों के बीच पालकियां को शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। अलग-अलग मंदिरों से निकली यह पालकी शहर के विभिन्न रास्तों से होती हुई गर्ल्स स्कूल के पास चौराहे पर जाकर एकत्रित हुई। जहां विभिन्न मंदिरों से आये ठाकुर जी का मिलन कराया गया। इसके बाद से यह सभी पालकी एक साथ तुलसी वन रोड होकर बामनी नदी ठाकुर मुरली मनोहर मंदिर पहुंची। जहां भगवान को जल विहार करवाया और सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर शहर में जगह-जगह ठाकुर जी का स्वागत किया गया। महिलाओ ने भोग प्रसादी चढ़ाई और दान दक्षिणा कर ठाकुरजी के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

### राजसी ठाठ बाट से निकली पालकियां

सवेरे से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में पालकियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। ठाकुरजी को नई पोशाक पहनाई गई। इसके बाद तीन बजे से राजसी ठाठ बाट से ये पालकियां रवाना हुई। जिनमे हर पालकी को युवा श्रद्धालु कंधों पर उठाए चल रहे थे और शंख झालर बजाए जा रहे थे। श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी को भोग चढ़ाया और जगह- जगह पुष्प वर्षा कर इनका स्वागत किया गया।

### इन मंदिरों से निकली पालकियां

बाड़ी शहर में करीब दो दर्जन से अधिक मंदिरो से ठाकुरजी की पालकी डोळे के रूप में निकाली गई जिसमे कोट पाड़ा स्थित भैरव मंदिर,चोबदार गली बटुक भैरव मंदिर,हथियापोर रामचंद्र मंदिर,मुरली मनोहर मंदिर,पुराना बाजार विट्ठलनाथ मंदिर,पटवारी मंदिर,राधा बिहारी मंदिर के साथ मुरली जी के मंदिर से यह पालकी निकाली गई। जिनको तुलसीवन स्थित बामनी नदी में स्नान कराया गया और महाआरती हुई।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बस का इंतजार कर रही बुजुर्ग महिला को कुचला


बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आदर्श नगर थाना इलाके में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बस का इंतजार कर रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया है और वहीं एक युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि रोड किनारे खड़े होकर दोनों घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दोनों को टक्कर मारते हुए निकल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया और वहीं घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस मामले की जांच सड़क दुर्घटना थाना (पूर्व) कर रही है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर स्कॉर्पियो और चालक की तलाश कर रही है। हेड कांस्टेबल भगवान सिंह ने बताया कि हादसे में लक्ष्मीनारायण पुरी रामगंज निवासी चौथी देवी (60) पत्नी लक्ष्मीनारायण सैनी की मौत हो गई और वहीं घायल रवि बंजारा (18) निवासी लक्ष्मीनारायण पुरी रामगंज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# मूसलाधार बारिश से कई आशियाने धराशायी

## बटेश्वर खुर्द गांव में पांच परिवार बेघर, प्रशासन से मुआवजे की मांग





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू सर्मा )।** बाड़ी उपखंड के बसेड़ी रोड स्थित बटेश्वर खुर्द गांव में गुरुवार की रात हुई मूसलधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। इस बारिश के चलते मजदूर तबके के परिवारों के पांच मकान धराशायी हो गए हैं। गनीमत यह रही कि जब ये इमारतें गिरीं, उस समय कोई भी अंदर मौजूद नहीं था, अन्यथा जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली है। पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सहायता की मांग की है। वरिष्ठ अधिवक्ता जगन लाल जाटव ने बताया कि बसेड़ी रोड पर बटेश्वर खुर्द गांव के नेनइया की ढाणी में कुदरत का यह कहर बरपा है। गुरुवार की रात मूसलधार बारिश के दौरान गांव के मजदूर तबके के पांच घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। इन घरों में रखा सारा सामान, कपड़े, अनाज आदि मलबे और पत्थरों के नीचे दबकर खराब हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के हल्का पटवारी दीपक गौड़ और तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। जिन परिवारों को यह नुकसान हुआ है, वे सभी मजदूर तबके के हैं और मुश्किल से मजदूरी करके अपनी गृहस्थी चला रहे हैं। ऐसे में उन्हें तत्काल मदद की आवश्यकता है। गांव के बुजुर्ग मुरारी लाल जाटव ने बताया कि यह गांव सड़क किनारे बसा हुआ है, जहां मजदूर तबके के लोग निवास करते हैं। सभी दलित हैं और उनके कच्चे-पक्के मकान बने हुए हैं। गुरुवार की रात की तेज बारिश ने गांव के पांच घर गिरा दिए, जिससे रखा सारा सामान खराब हो गया है। कुछ परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं और उन्होंने प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर परिवार को शरण दी है। प्रशासन ने अभी तक उनकी मदद के लिए कोई प्रयास नहीं किया है।

**बारिश से हुआ इन परिवारों को नुकसान :** भारी बारिश के चलते बटेश्वर खुर्द गांव के विमल पुत्र रमेश जाटव, राजकुमार पुत्र रमेश जाटव और अशोक पुत्र रमेश जाटव के तीन घर पूरी तरह से धराशायी हो गए हैं। पास में विष्णु पुत्र रामदयाल जाटव का मकान भी गिरा है, जिससे काफी नुकसान हुआ है। प्रह्लाद पुत्र रामवीर जाटव का एक कमरा और छप्पर भी पूरी तरह से धराशायी हो गया है।

**प्रशासन से मुआवजे की मांग :** प्राकृतिक आपदा के इस हादसे को लेकर पीड़ित परिवारों ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और उपखंड प्रशासन से मदद की मांग की है। पीड़ित परिवारों ने रिपोर्ट दी है कि घरों में रखे सामान, अनाज और इलेक्ट्रॉनिक आइटमों के पूरी तरह खराब हो गए हैं। हर परिवार पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## धौलपुर ने अजमेर को 9 विकेट से हराया

# भरतपुर के साथ होगा फाइनल मुकाबला, सेनीफाइनल की दूसरी पारी में मिला 97 रन का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित 16 वर्षीय राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए सेमीफाइनल में धौलपुर की टीम ने अजमेर को 9 विकेट से हराया। अजमेर को हराकर धौलपुर की टीम फाइनल में पहुंच गई है। फाइनल में धौलपुर का भरतपुर से मुकाबला होगा।

धौलपुर टीम के कोच दुष्यंत त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को जयपुर से अरावली क्रिकेट ग्राउंड पर हुए सेमीफाइनल मैच में अजमेर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें अजमेर अपनी पहली पारी में 41 ओवर में 65 रन पर ही ऑल आउट हो गई। वहीं धौलपुर की ओर से नवीन और तरुण ने 3-3 विकेट लिए। जिसके बाद धौलपुर की पहली पारी 39.3 ओवर में 96 रन पर ऑल आउट हुई। जिसमें रजत की 37 रन की पारी की बदौलत टीम अच्छी स्थिति पर पहुंची। अजमेर की ओर से भारत देवासी ने 4 और अनुराग लखन ने 3 विकेट लिए। सेमीफाइनल मैच की दूसरी पारी में अजमेर की टीम 126 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरी पारी खेलने के बाद अजमेर ने धौलपुर को जीतने के लिए 97 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धौलपुर की टीम से तेजस्मय सिंह की 33 रन और रजत बघेल के 60 रन की शानदार पारी के दम पर धौलपुर ने आसानी से अजमेर को 9 विकेट से हरा दिया। सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद धौलपुर में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। तीन दिवसीय फाइनल मैच धौलपुर और भरतपुर के बीच 14 सितंबर से खेला जाएगा। धौलपुर के फाइनल में पहुंचने पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुमेंद्र तिवारी ने सभी खिलाड़ियों और कोच दुष्यंत त्यागी और सुरजीत सिंह को बधाई दी। भारतीय टीम के सितारे दीपक चाहर और राहुल चाहर ने भी धौलपुर की टीम को बधाई दी है।

# गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व चार एएनसी करवाया जाना आवश्यक- डॉ. मीणा

## स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिले भर में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, विशेषकर गर्भावस्था के दौरान होने वाले संक्रमणों और जटिलाओं की शीघ्र पहचान व इलाज के लिए बॉर्न हैल्थी कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषकर, गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं की शीघ्र पहचान एवं इलाज के लिए सुचारू रूप से प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।

जिले की सभी स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम को एएनसी सेवाओं का सुदृढीकरण के प्रशिक्षण का आयोजन डेवलपमेंट पार्टनर जपाइगो द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व कम-से-कम चार एएनसी करवाया जाना आवश्यक है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के खून की जांच, यूरिन, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी की जांच की जाती है। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के दौरान भी विशेष जांच की जाती है। इस दौरान आरसीएचओ डॉ0 शिवकुमार शर्मा ने कहा की बॉर्न हेल्थी कार्यक्रम 2017 से 2022 तक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। कार्यक्रम की सफलता एवं प्राप्त अच्छे परिणामों को ध्यान में रखते हुए द्वितीय चरण में यह कार्यक्रम वर्ष 2022 तक यह नौ जिलों धौलपुर, भरतपुर, अलवर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, बीकानेर, चूरू, पाबी एवं व्यावर प्रत्येक में संचालित किया जा रहा है। आ ए0एन0 सी0 का प्रशिक्षण ए0 एन0 एम0 कर्मियों को दी जाती है जिससे वह नयी दिशा-निर्देशों के प्रति अपडेट रहें। उन्होंने बताया, बच्चे और माँ को टीकाकरण और एएनसी जांच के बाद आशा सहयोगिनी को सात दिन तक फालो-अप करना होता है। एचआईवी और सिफलिस की जाँच श्वास केंद्र पर हो पाए, उसके लिए सभी ए.एन.एम- की थर्मल फ्लास्क दिया गया है। डीपीओ शशांक वशिष्ठ ने बताया यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय है जिसमें सम्पूर्ण एएनसी की ट्रेनिंग दी जाती है। जपाइगो से राज्य प्रतिनिधिडॉ0 अनुपमा आर्या ने गर्भ का आकलन और पेट की जांच के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसवपूर्व सामूहिक देखभाल के तहत प्रसव काल और पोषण पर चर्चा की जाएगी।

# लगातार बारिश से बिगड़ी बिजली व्यवस्था

## पेयजल आपूर्ति भी बाधित, धनोरा रोड इलाके में घरों में घुसा पानी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** बाड़ी क्षेत्र में पिछले 36 घंटे से हो रही तेज बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। बारिश के कारण पिछले 20 घंटे से शहर की बिजली आपूर्ति बाधित है। ऐसे में बिजली नहीं आने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। डिस्कॉम के अधिकारी लगातार बिजली आपूर्ति के बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं।

डिस्कॉम के एक्सईएन मुनीराम विश्नोई ने बताया कि लगातार बारिश के चलते बुधवार की रात को 33 केवी लाइन फॉल्ट हो गई थी। जिसे लगातार बारिश के चलते रात में सही नहीं किया जा सका। सुबह 33 केवी लाइन को सही कर कर बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया। लेकिन 11 केवी लाइन में फाल्ट आ गया। ऐसे में 11 केवी लाइन के फाल्ट को देखने के बाद उसे ठीक किया जा रहा है।

**जलदाय विभाग को नहीं मिली सप्लाई, आपूर्ति बाधित :** दूसरी ओर जलदाय विभाग को बिजली आपूर्ति नहीं मिलने के चलते पानी को पंप नहीं किया जा सका। ऐसे में पेयजल टंकियां में पानी नहीं भर सका। इसके चलते बुधवार की शाम से शहर के घरों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी है। ऐसे में गुरुवार को भी सुबह और शाम आपूर्ति नहीं की गई है। जिसके चलते लोगों के घरों में पानी की किल्लत पैदा हो गई है। बिजली बाधित होने से विभिन्न कंपनियों की नेटवर्क सेवा भी बाधित हुई है। ऐसे में मोबाइल में नेटवर्क नहीं आ रहे और इंटरनेट भी बंद हो गया।



**धनोरा रोड पर घरों में घुसा पानी :** शहर के धनोरा रोड पर कुशवाहा बस्ती में पानी भराव हुआ है। जहां एक घर के चारों ओर पानी भरने से 16 लोग फंस गए। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। जिन्होंने घर में फंसे 16 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। गिरदावर हितेंद्र व्यास ने बताया कि इनके लिए राजकीय प्राथमिक स्कूल में व्यवस्था की है।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिली ग्रामीणों से : आवास पर जाते समय भारी बारिश वाले इलाकों में रुकीं, भोजन के पैकेट दिए

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में हुई भारी बारिश के बाद शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे रामसागर बांध किनारे ग्रामीण क्षेत्र में पहुंची और अपनी गाड़ी रोककर ग्रामीण महिलाओं से बात की साथ मे ग्रामीणों को खाने के पैकेट भी वितरित किए। सहेड़ी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच नत्थी धोबी ने बताया कि पूर्व सीएम अपने आवास पर जाते समय ग्रामीणों के बीच में रुकी थी। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से बातचीत भी की। उन्होंने जानकारी ली की बारिश से कितना नुकसान हुआ है साथ ही आश्वस्त किया कि वह सभी के साथ हैं। राज्य सरकार अपने स्तर पर बारिश से हुए नुकसान की आकलन के साथ लोगों की मदद के लिए प्रयास कर रही है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने इस दौरान कांसोटी खेड़ा और कल्याणपुरा गांव के लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने उन्हें बताया कि इस बार बारिश से बहुत नुकसान हुआ है। पूरी फसल तबाह हो गई है।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्री सुधासागर स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

## कराटे, शतरंज, बैडमिंटन, मुक्केबाज़ी एवं तीरंदाजी में हुआ छह विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन

बढ़ता राजस्थान








**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** यहां सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विभिन्न मुकाबलों में शानदार सफलता का परचम लहराया है। सत्रह वर्ष आयुवर्ग की कराटे व बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में स्कूल के विद्यार्थी विशाल मीणा व अपूर्वा त्रिपाठी जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर रहे हैं। सत्रह व चौदह वर्ष आयु वर्ग की कराटे, शतरंज, बैडमिंटन, मुक्केबाज़ी एवं तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में स्कूल के कुल छह विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बलबूते राज्य स्तर पर चयनित हुए हैं। श्री सुधासागर स्कूल के प्रधानाचार्य एस एन खंडेलवाल ने बताया कि कक्षा सात के छात्र विशाल मीणा पुत्र मानसिंह मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोर में आयोजित जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता सत्रह वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वह सत्रह सितम्बर से जेवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झोटवाड़ा, जयपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होगा।

इसी प्रकार कक्षा दस की छात्रा अपूर्वा त्रिपाठी पुत्री चंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने आन एकेडमी, केकड़ी में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता छात्रा सत्रह वर्ष आयु वर्ग में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में कक्षा नौ के छात्र वेदान्त गेरोटिया पुत्र गजानंद गेरोटिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ये दोनों खिलाड़ी सत्रह सितंबर से महारानी ब्रज कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, झालावाड़ में होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल की कक्षा आठ में अध्ययनरत छात्रा आस्था त्रिपाठी पुत्री चंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने आन एकेडमी, केकड़ी में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता छात्रा चौदह वर्ष आयु वर्ग में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अब यह छात्रा सत्रह सितंबर से रॉकवुड हाई स्कूल, उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। कक्षा नौ की छात्रा इशिता मेघवंशी पुत्री हेमराज बलाई ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रांहेडा में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता छात्रा सत्रह वर्ष आयु वर्ग में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अब इशिता 19 सितम्बर से रामपुरा, कोटा में आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसी प्रकार कक्षा छह के छात्र आर्यव शर्मा पुत्र मुरलीधर शर्मा ने मिश्रीलाल दुबे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केकड़ी में में आयोजित तीरंदाज़ी प्रतियोगिता चौदह वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह छात्र इसी स्कूल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा। इसी प्रकार कक्षा छह के छात्र हार्दिक साहू पुत्र रामजस तेली ने भी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गुजरवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय मुक्केबाज़ी 32 से 34 किलो भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इन उपलब्धियों पर श्री सुधासागर स्कूल के अध्यक्ष संजय कटारिया, सचिव आनन्द सोनी, निदेशक अजय जैन, उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा व शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण गुर्जर ने विद्यार्थियों को बधाई दी व राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

## भारतीय सांस्कृतिक निधि का क्विज कॉम्पीटिशन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** इन्टैक ब्यावर अध्याय का क्विज कॉम्पीटिशन फाइनल राउण्ड शनिवार 14 सितम्बर 2024 को आदर्श विद्या मंदिर परिसर सभागार ब्यावर में सम्पन्न हुआ जिसमें सेन्ट्रल अकादमी अजमेर रोड़ ब्यावर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय क्विज कॉम्पीटिशन में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर बी.एल.गोठी पब्लिक सीनियर स्कूल रही तथा तृतीय स्थान पर बांगड पब्लिक सीनियर स्कूल रास की टीम को चुना गया। इन्टैक ब्यावर अध्याय के कन्वीनर रामप्रसाद कुमावत ने जानकारी देते हुये बताया कि इस क्विज कॉम्पीटिशन के प्रथम लिखित प्रश्नोत्तरी राउण्ड में कुल इकतीस स्कूलों की 248 टीमों ने भाग लिया जिनमें से टॉप टेन टीम के बीच सेकण्ड राउण्ड परीक्षा के बाद पांच टीम का फाइनल राउण्ड केलिए चयन किया गया। इन टीम को पांच राउण्ड की प्रश्नोत्तरी में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में सेन्ट्रल अकादमी स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा सेजल सांखला व सिमरनप्रीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बी एल गोठी स्कूल की सेजल सोनी व आनन्दसिंह छाबड़ा की टीम द्वितीय तथा बांगड़ पब्लिक स्कूल रास की टीम के सिद्धार्थ तिवारी व सुन्दरम भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता के मास्टर एन्कर प्रधानाचार्य मानसिंह चौहान ने बताया कि इन्टैक की सहयोगी संस्था हेक्स के निर्देशानुसार पांच राउण्ड में प्रश्न पूछे गये जिनमें (1) भारतीय संस्कृति राउण्ड (2) महापुरुष राउण्ड (3) राजस्थान राउण्ड (4) ब्यावर जिले की धरोहर राउण्ड (5) दृश्य-श्रव्य राउण्ड, काफी रोमांचक रहे। टीम के बीच अंत तक कड़ी प्रतिस्पर्धा बनी रही। क्विज कॉम्पीटिशन में दो अतिरिक्त राउण्ड भी खेले गये जिनमें रेपिड फायर राउण्ड तथा लाइव एक्सपेरिमेंट राउण्ड में तो टीम के बीच और अधिक रोमांचक स्कोरिंग हो गई।

प्रतियोगिता में दर्शक दीर्घा से भी सवाल-जवाब कर कॉम्पीटीशन की रोचकता को परवान चढ़ा दिया प्रतियोगिता में उप प्रधानाचार्य नेमीचंद टेलर, डॉ एम एल शर्मा, त्रिभुवन नारायण सिंह, अरुण मंगल, जेपी शर्मा सक्रिय सहयोगी रहे। कार्यक्रम में संस्था के अर्जुन सांखला, पारस पंच, जगदीश चारण, मदन मोहन मोदी, अशोक कोठारी, रमेश यादव, कल्पना भटनागर, सत्यनारायण अग्रवाल, नारायण लाल कुमावत, गोविन्द परिहार, सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, छात्र-छात्राये तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 68वी जिला स्तरीय 14 वर्ष छात्र वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** सापंदा रोड स्थित श्री सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल के तत्त्वावधान में शिक्षा विभाग के अंतर्गत 14 वर्षीय छात्र वर्ग की 68वीं जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आज रविवार से शुरू होने जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह सवा दस बजे स्कूल परिसर में समारोहपूर्वक किया जाएगा। क्रीड़ा प्रतियोगिता के संयोजक एस एन खंडेलवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी, केकड़ी गोविन्द नारायण शर्मा होंगे, जबकि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा और राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी के प्राचार्य पीयूष कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता संस्था के सचिव आनन्द सोनी करेंगे। उन्होनें बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच स्कूल के उपप्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा और शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण गुर्जर के मार्गदर्शन व शिक्षा विभाग के खेल प्रभारियों की देखरेख में अजमेर रोड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी के मैदान में सम्पन्न कराए जाएंगे।

## दिव्यांग महाराज को स्कूटी भेंट की



बढ़ता राजस्थान

**परबतसर ( नि.स. )।** शनिवार को संत शिरोमणि दादू दयाल महाराज की गद्दी पर विराजमान अंतर्राष्ट्रीय मुख्य दादू पीठ के आचार्य श्री श्री 1008 ओमप्रकाश दास महाराज व नसीराबाद के विधायक रामस्वरूप लांबा के सानिध्य में दादू धाम नारायणा में दिव्यांग गोपाल महाराज को निशुल्क स्कूटी भेंट की। जिसमें जन्मभूमि सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र सेन, हमारे अपने ग्रुप के सदस्य नरेंद्र सिंह खोखर परबतसर, समाजसेवी संजय चाँदीवाल , मनोज देगड़ा, सरपंच खेजड़ावास सोहन सेपट, चन्द्रकांता सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम चौधरी सहित सहयोग करने वाले सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## दशहरा मैदान में दिखेगी सांस्कृतिक विरासत व आधुनिकता की झलक

### पुनर्विकास व फेज-2 के निर्माण को लेकर बिरला ने दिए अधिकारियों को निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** ऐतिहासिक दशहरा मैदान में पुनर्विकास के बाद यहां सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिकता की झलक देखने को मिलेगी। शनिवार को दशहरा मैदान का निरीक्षण करने पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ने जिला प्रशासन, केडीए व नगर निगम के अधिकारियों को दशहरा मैदान के पुनर्विकास के साथ फेज -2 के निर्माण के सम्बन्ध में नए सिरे से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बिरला ने कहा कि निगम दशहरा मैदान को केवल मेले तक सीमित न रखें।

साल भर हर तरह के कार्यक्रमों में उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पुनर्विकास की योजना बनाएं। दिल्ली के भारत मंडपन की तर्ज पर पूरे मैदान का विकास हो ताकि ऐतिहासिक दशहरा मैदान की भव्यता और सांस्कृतिक महत्व बरकरार रहे, साथ ही निगम की आय में भी वृद्धि हो सके। दशहरा मैदान के दूसरे हिस्से में भी स्मार्ट सिटी मिशन के तहत काम होगा। यहां 4000 लोगों की क्षमता के मल्टीपरपज हॉल के निर्माण पर विचार किया गया। हॉल को इस तरह डिजाइन किया जाएगा जिसके कार्यक्रम और संख्या के अनुसार ही इसका उपयोग हो सके। इस दौरान विधायक संदीप शर्मा, महापौर राजीव अग्रवाल, मेला समिति के अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, जिला कलक्टर रविंद्र गोस्वामी, सिटी एसपी अमृता दुहान, केडीए सचिव कुशल कोठारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**श्रीराम रंगमंच पर बनेगा एम्फीथिएटर :** दशहरा मैदान के साथ श्रीराम रंगमंच का भी पुनर्विकास किया जाएगा। बिरला ने श्रीराम रंगमंच पर होने वाली रामलीला को आकर्षक बनाने के लिए यहां थीम आधारित विकास के निर्देश दिए। रामलीला के अलावा अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के लिए यहां एम्पीथिएटर बनेगा। आधुनिक ग्रीन रूम के साथ दर्शकों के बैठने के लिए भी माकूल व्यवस्था की जाएगी।

**रिवर फ्रंट का हो प्रचार-प्रसार :** स्पीकर बिरला ने अधिकारियों के साथ रिवर फ्रंट का भी दौरा किया। रिवर फ्रंट के रखरखाव और पर्यटकों की कमी के कारण केडीए को हो रहे आर्थिक नुकसान को लेकर बिरला ने अधिकारियों को व्यापाक प्रचार-प्रचार की योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं, देसी-विदेशी पर्यटकों को यहां आएंगे तभी इसके निर्माण का उद्देश्य पूरा हो पाएगा।

#### सड़कों की दशा सुधारें

बिरला ने अधिकारियों को त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए बारिश में जर्जर हो चुकी सड़कों को समयसीमा में सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय बनाकर योजना बनाएं, इसके बाद ही धरातल पर शुरू करें। अलग-अलग विभागों के कामों के लिए बार-बार सड़कों को खोदने प्रवृत्ति बंद हो ताकि न जनता के धन की बर्बादी न ही उन्हें असुविधा हो।

#### 1500 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए शहर में करीब 1500 नए सीसीटीवी कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। शहर के प्रमुख स्थलों की लाइव निगरानी की जाएगी। बिरला ने सिटी एसपी को एक विशेष दल गठित करने के भी निर्देश दिए, इसके लिए जल्द ही कोटा पुलिस को नए दो-पहिया वाहन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त साइबर थाने को अपग्रेड करने के लिए यहां आवश्यक संस्थानों से लैस बनाया जाएगा।

## "राजस्थान जल महोत्सव 2024" हुआ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर शनिवार को "राजस्थान जल महोत्सव 2024" का आयोजन किया गया। ब्यावर में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत के आतिथ्य में आयोजित हुआ। "राजस्थान जल महोत्सव 2024" के जिला स्तरीय कार्यक्रम को जिला कलेक्टर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें आज के समय में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा नलों को खुला छोड़कर पानी को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं है इसलिए जल का संरक्षण अति आवश्यक है। हम सभी को जल को दूषित होने से बचाना चाहिए। इस अवसर पर विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष प्रदेश सहित ब्यावर जिले में बारिश अच्छी होने से जल संग्रहण की स्थिति अच्छी रही है। पूर्व में जल अभाव से ग्रसित रहने वाले राजस्थान राज्य के जलस्रोत इस वर्ष जल से सराबोर हैं। इसी के मध्यनजर राज्य सरकार ने इन्द्रदेव का आभार व्यक्त करने एवं जलसंग्रहण व संरक्षण की जागरूकता हेतु "राजस्थान जल महोत्सव 2024" आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जलस्रोतो के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की। जिला कलक्टर, विधायक ने तालाब के किनारे जल पूजन किया एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए भगवान इन्द्रदेव का प्रदेश में भरपूर मात्रा में वर्षा जल प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर, विधायक सहित अन्य अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना की गई। अतिथियों द्वारा जल का संरक्षण करने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग कर व्यर्थ नहीं बहाने तथा जल को प्रदूषित नहीं करने सहित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। विगत 12 वर्षों बाद जवाजा तालाब में पानी की आवक पूर्ण भराव तक हुई। उक्त जलाशय का जलाभिषेक करते हुए उपस्थित अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। राजस्थान प्रदेश में औसत वर्षा से ज्यादा वर्षा होने पर पानी की आवक अच्छी हुई इसी के तहत राजस्थान जल महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। महोत्सव में नौकायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे।

## कोठी चौक नवयुवक मंडल की आकर्षक ध्वजयात्रा को देखने उमड़े शहरवासी




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** कोठी चौक नवयुवक मंडल द्वारा शुक्रवार रात्रि में नासिक की ढोल की थाप पर तेज़ा जी महाराज की ध्वज यात्रा बाज़ारों में आकर्षण का केन्द्र रहा। इसी के साथ डीजे की धुन पर पुष्कर से आयीं नृत्यांगनाओ के लोकनृत्य देखने के लिए जाम लग गया। कोठी चौक से रवाना होने से पूर्व तेजा धोली ध्वजा की विधि विधान से पूजा की गई एवम् तेजा जी महाराज की ज्योत प्रज्वलित कर जयकारे के उद्धघोष किये गये। ध्वज यात्रा का आकर्षण का केन्द्र रहे नासिक की तर्ज़ पर ब्यावर के ही कलाकारों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया आकर्षक ढोल बैंड। इसके लिए विशेष तौर से महाराष्ट्र से स्थाई रूप से ढोल मंगाये गये। इस बैंड के लिए कुछ बालिकाओं को भी प्रशिक्षित किया है। ढोल ओर ताशों के अनुठी ध्वनि के साथ ध्वज यात्रा को देखने के लिए मेला लग गया। माहेश्वरी भवन चौराहे पर पहुँचने पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र प्रजापति, प्रकाश जोशी, शुभम माहेश्वरी, गिरधारी पंवार, सुभाष पारीख, दानेश्वर मुलचंदानी, दिनेश, सोनू ने ध्वज वाहक गौतम मेवाडा, भँवरसिंह चौहान का पीला परचम पहना कर स्वागत किया गया।

## केकड़ी के तेजा मेले में सजा तेजा दरबार, पगड़ी बंधन का मुख्य समारोह हुआ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** यहां नगर परिषद की ओर से आयोजित तेजा मेले के अंतर्गत परिषद के रंगमंच पर मुख्य तेजा दरबार एवं पगड़ी बंधन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर अजमेर सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मदनगोपाल चौधरी मुख्य अतिथि रहे, जबकि भाजपा जिला मंत्री रामकिशन गुर्जर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलराज मेहरचन्दानी, पूर्व पालिका अध्यक्ष किशनलाल डसाणियां, जनसंघ कार्यकर्ता छीतरमल जेतवाल के प्रतिनिधि सोमप्रकाश साहू, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश विजय, भाजपा नेता रामदेव माली, किसान संघ के रामेश्वर प्रसाद शर्मा, पूर्व पार्षद बन्नालाल चौधरी, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश चौधरी बड़ा गुवाड़ा, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष अनिल राठी व गंगाराम चौधरी समारोह में अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वीर तेजाजी ने परमार्थ के कार्यों में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

**साफा बंधवा कर किया अभिनंदन :** समारोह में अतिथियों व पार्षदों ने केकड़ी क्षेत्र के विभिन्न गांवों से यहां तेजाजी महाराज के मुख्य थान पर झण्डा व बिन्दोरी लेकर आये ग्रामीणों व मंदिरों के पुजारियों का साफा बंधवा कर अभिनंदन किया। तेजा दशमी के अवसर पर वीर तेजाजी के मुख्य थान पर ध्वजारोहण किया गया और विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्साहपूर्वक बिंदोलियां निकाली, जिसमें ग्रामीणों ने अल्गोजे व ढोलक-मंजीरे बजाकर मधुर स्वर लहरियों से मेले का वातावरण सरस बना दिया। समारोह में तेजा मेला के दौरान आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में विजेता व उपविजेता रही टीमों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# चेहरे पर लगाएं केसर और मुल्तानी मिट्टी से बना फेस पैक दूर होंगी त्वचा की कई समस्याएं

केसर बहुत ही महंगा मसाला है। इसका इस्तेमाल ज्यादातर मीठे पकवानों को बनाने के लिए किया जाता है। यह जितना खाने का स्वाद बढ़ाता है, उतना ही स्किन के लिए फायदेमंद हैं। केसर के गुणों को देखते हुए आज कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट को बनाने में केसर का इस्तेमाल किया जाता है। यह त्वचा संबंधित कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। वहीं, भारत में गर्मियों में होने वाली स्किन प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए प्रचुर मात्रा में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। मुल्तानी मिट्टी के पोषक तत्व चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल निकालकर पिंपल्स, एक्ने और मुंहासों से छुटकारा दिलाता है। अब जरा सोचिए जो 2 चीजें अलग-अलग स्किन को इतना फायदा पहुंचाती हैं, वो जब एक साथ मिलेगी, तो आपकी स्किन पर कितना पॉजिटिव इफेक्ट डालेंगी।



## चेहरे पर कैसे लगाएं मुल्तानी मिट्टी और केसर

चेहरे मुल्तानी मिट्टी और केसर का इस्तेमाल फेस स्क्रब और फेस पैक के तौर पर किया जा सकता है। इसके अलावा आप क्लींजर के तौर पर भी मुल्तानी मिट्टी और केसर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## कैसे बनाएं केसर और मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक

**सामग्री की लिस्ट :**

- केसर के आधे- 2 से 4 रेशे
- मुल्तानी मिट्टी- 2 चम्मच
- शहद- 1 चम्मच
- गुलाब जल- 2 चम्मच

## बनाने का तरीका

- सबसे पहले गुलाब जल में केसर के धागों को भिगो दें।
- इसके बाद एक बाउल में मुल्तानी मिट्टी और शहद मिलाएं।
- इस मिश्रण में गुलाब जल और केसर का पानी डालें।
- इस मिश्रण को मिलाते वक्त ध्यान रहे कि इसमें गांठ न हों।
- चेहरे पर इस्तेमाल करने के लिए आपका फेस पैक तैयार हो चुका है।
- एक आम फेस पैक की तरह आप चेहरे पर इसे लगाएं।
- 10 से 15 मिनट के बाद जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे को धो लें।
- स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए इस फेस पैक का इस्तेमाल सप्ताह में 2 बार करें।

## स्किन से एक्सेस ऑयल हटाने में मददगार

एक्सपर्ट का कहना है, मुल्तानी मिट्टी गर्मी के मौसम में त्वचा पर जमा होने वाले एक्सेस ऑयल को हटाने में मदद करता है। जिसकी वजह से चेहरे पर पिंपल्स और एक्ने की समस्या नहीं होती है। जिन लोगों की स्किन ऑयली है, उनके लिए यह फेस पैक बहुत फायदेमंद साबित होता है।

## रंगत को निखारता है

केसर से बना फेस पैक चेहरे पर लगाने से यह स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है, जिसकी वजह से डेड सेल्स कम होते हैं और रंगत में निखार आता है।

## डार्क सर्कल ठीक करे

लॉन्ग स्क्रीन टाइमिंग की वजह से इन दिनों लोगों को डार्क सर्कल की प्रॉब्लम बहुत ज्यादा होती है। डार्क सर्कल की प्रॉब्लम से केसर छुटकारा दिलाने में मदद करता है। केसर अपने औषधीय गुण से आंख के नीचे के डार्क सर्कल को कम करता है।

# शरीर में दिखने वाले ये अनजाने कारण हैं हार्ट अटैक का संकेत, क्या हैं बचने के उपाय

मौजूदा वक्त में कई व्यक्ति किसी न किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जुझते रहते है। कई बढ़ती उम्र के कारण बीमार हो जाते है तो कई को अचानक कोई बीमारी घेर लेती है। इन्हीं सब बीमारियों में से एक घातक बीमारी हार्ट अटैक है। जैसा कि हम जानते है कि हार्ट अर्थात दिल हमारे शरीर का एक अभिन्न अंग है। इसके बिना कोई भी इंसान अपनी जीवन की परिकल्पना नहीं कर सकता है। आजकल ऐसे कई रोग है जो इंसान कि जान तुरंत ले लेता है।

## नींद में कमी आना

अगर आप प्रतिदिन पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे है, जिसके कारण आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होते जा रहा है। ऐसी स्थिति में आपको दिल का दौरा पड़ने की संभावनाएं बढ़ जाती है। एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने ये बताया कि जो लोग आमतौर पर रात में 6 घंटे से कम सोते हैं, उन्हें दिल का दौरा पड़ने की संभावना सामन्य व्यक्ति से दोगुनी हो जाती है। कम नींद की वजह से इंसान कि रक्त की गति भी बढ़ जाती है। जो दिल के स्वास्थय के लिए अच्छा नहीं माना जाता है।

## सांस फूलना या सांस लेने में परेशानी आना

अगर किसी व्यक्ति को अचानक या हल्के-फुल्के काम से सांस लेने में दिक्कत आने लगे या सांस फूलने लगे तो उसे समझ लेना चाहिए कि उसका दिल सही से काम नहीं कर रहा है। शरीर में आने वाले ये बदलाव हार्ट अटैक के सीधे लक्षण को दिखाता है।

## चक्कर आना या घबराहट महसूस करना

इंसान का दिल जैसे-जैसे कमजोर होने लगता है, वह सही से इंसान के पुरे शरीर में रक्त का संचार नही कर पाता है। जिसकी वजह से व्यक्ति के दिमाग में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन नही मिल पाता है। इसी कारण इंसान को चक्कर आने की स्थिति पैदा हो जाती है। उसे हर छोटी से छोटी बात को लेकर घबराहट होने लगती है। इंसान के ये बदलाव हार्ट अटैक के गंभीर लक्षणों को दर्शाता है।

## धड़कनो मे तेजी व अधिक पसीना आना

कई बार इंसान को अचानक तेज पसीना आने लगता है। जबकि पसीना आने का कारण न तो शारीरिक श्रम होता है और न ही तेज गर्मी। इस तरह की कमजोरी हमारी दिल के कमजोरी को दर्शाता है। और ये हार्ट अटैक के लक्षण भी माने जाते हैं। कई बार हमारी दिल की धड़कनें काफी तेज या बहुत धीमी हो जाती है। यह भी हमारी दिल कि कमजोरियों को दर्शाती है। हमे ऐसा महसूस होता है जैसे हमारा दिल सिकुड़ रहा है।

इस कारण हमें तेज घबराहट भी होने लगती है। इस तरह के लक्षण को हमें कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये हार्ट अटैक के प्रभावी लक्षण माने जाते हैं। हार्ट अटैक भी अन्य बीमारियों कि तरह एक बीमारी है। अगर हम इसके लक्षणों पर सही से ध्यान दें तो हम इस जानलेवा बीमारी से समय रहते पार पा सकते है और ठीक हो सकते है।

## शरीर के किसी भाग में सूजन

हमारा दिल शरीर के सभी अंगों में रक्त पहुंचाने का कार्य करता है। ऐसे में जब हमें हार्ट संबंधी दिक्कतें आती है तो दिल को शरीर के सभी भाग में रक्त पहुंचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। जिसके कारण शरीर में सही तरह से रक्त का संचार नही हो पाता है। जिस-जिस भाग में रक्त का संचार सही से नहीं हो पाता है शरीर के उस भाग में सूजन आ जाती है। ये सूजन हार्ट अटैक आने के पहले के लक्षण को बताता है।



# इन तरीकों से कम करें कैलोरी इनटेक, वेट लॉस में मिलेगी मदद



वर्तमान समय में मोटापा एक गंभीर समस्या बन चुका है। आजकल हर दूसरा व्यक्ति अपने बढ़े हुए वजन से परेशान है। वजन कम करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। लेकिन कई बार डाइटिंग करने और घंटों जिम में पसीना बहाने के बाद भी वजन कम नहीं होता है। दरअसल, वजन कम करने के लिए कैलोरी इनटेक पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम दिनभर में जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज्यादा कैलोरी बर्न करना वेट लॉस के लिए जरूरी माना जाता है। कैलोरी इनटेक कम होने पर शरीर फैट को एनर्जी में बदलकर उसका इस्तेमाल करता है। इससे शरीर का वजन कम होने लगता है। कई लोग कैलोरी इनटेक को कम करने के लिए बहुत कम खाना शुरू कर देते हैं या मील स्किप करने लगते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा कम कैलोरी लेने से आपको कमजोरी महसूस हो सकती है।

## डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं

अगर आप अपने कैलोरी इनटेक को कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाएं। प्रोटीन खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और आप ज्यादा खाने से बच जाते हैं। प्रोटीन मेटाबॉलिक रेट को भी बढ़ाता है, जिससे एक्स्ट्रा कैलोरी और फैट को बर्न करने में मदद मिलती है।

## पानी पिएं

कैलोरी इनटेक को कम करने का सबसे आसान तरीका पानी पीना है। शरीर में पानी की कमी होने पर व्यक्ति को बार-बार भूख का एहसास होता है। ऐसे में हम ज्यादा खाना खा लेते हैं, जिससे वजन बढ़ने लगता है। इसलिए आपको भरपूर मात्रा में पानी पीने की कोशिश करनी चाहिए। खासतौर पर, खाना खाने से आधे घंटे पहले एक से दो गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और आप ओवरईटिंग से बच जाएंगे।

## छोटी प्लेट में खाना खाएं

आपको यह पढ़कर भले ही हैरानी हो, लेकिन छोटी प्लेट में खाना खाकर भी आप कैलोरी इनटेक को कम कर सकते हैं। दरअसल, जब हम बड़ी प्लेट में खाना खाते हैं, तो पोर्शन साइज भी अपने आप बढ़ जाता है।

# क्या आपके पेट से भी आती है गुड़गुड़ की आवाज? इसकी वजह और बचाव के तरीके

असल में पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के पीछे कुछ वजहें होती हैं। जिनमें से मुख्य हैं- भूख लगना, हाज़मा सही ना होना और तेज मसालेदार खाने का सेवन करना। आज के इस आर्टिकल के माध्यम से हम समझने की कोशिश करेंगे कि पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ के क्या कारण हैं और हम कैसे इससे निजात पा सकते हैं।

**खाना पचाने में मदद करना :** जी हां, पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ का सम्बन्ध पाचन क्रिया से भी है। दरअसल,खाने के हमारी छोटी आंत में पहुंचते ही, शरीर से एंजाइम्स निकलने शुरू हो जाते हैं, जिनकी सहायता से खाना पचाने में मदद मिलती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान गैस और पचे हुए खाने का मूवमेंट डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में होता है, फलस्वरूप हमें पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ सुनाई देती है।



**भूख लगने पर :** आपने महसूस किया होगा कि भूख लगने पर अक्सर हमारे पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आती है। इसके पीछे की मुख्य वजह है शरीर द्वारा एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण। दरअसल, खाना पचाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए शरीर एसिड्स और एंजाइम्स का निर्माण करता है और पेट चूंकि खाली होता है तो इसमें से रह-रहकर आवाज़ आनी शुरू हो जाती है। ख़ास कर तब तक, जब तक की आप कुछ खा नहीं लेते।

**पानी पिएं :** पेट से आने वाली गुड़गुड़ाने की आवाज़ को शांत करने का सबसे आसान उपाय है पानी पीना। जी हां, आपने भले ही खाना खा लिया हो या आप भूखे पेट हों दोनों ही मामलों में पानी पीना आपके लिए फायदे का सौदा है। दिन भर में यदि आप उचित मात्रा में पानी पीते हैं, तो आपको पेट की इस समस्या से काफी हद तक आराम मिल जाएगा।



**खली पेट नहीं रहें :** कोशिश करें कि दिन में थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ ना कुछ जरूर खाएं। खाली पेट नहीं रहें, इससे आपके पेट में गैस बनेगी जिसके चलते पेट से गुड़गुड़ की आवाज़ आनी शुरू हो सकती है।

**चबा-चबा के खाएं :** खाना हमेशा चबा-चबा के खाएं इससे आपकी पाचन क्रिया आसान होगी और आपने जो कुछ भी खाया है, उसे पचा पाना शरीर के लिए भी आसान होगा। इससे आपका पेट भी ठीक रहेगा और गैस आदि की दिक्कतों के साथ ही पेट से आने वाली आवाज़ भी काफी हद तक शांत हो जाएगी।

**एसिडिक और तेज मसाले वाले खाने से बचें :** एसिडिक और तेज मसाले वाला खाना यदि आप नियमित रूप से खा रहे हैं तो इससे बचें। यह ना सिर्फ आपको गैस संबंधी दिक्कत से दो-चार करवाएगा, बल्कि पेट की अन्य गंभीर समस्या भी ऐसे खाने से हो सकती हैं। ऐसे में यदि आप पेट से आने वाली गुड़गुड़ की आवाज़ से पीड़ित हैं तो ऐसे खाने को सीमित मात्रा में और कभी-कभार ही खाएं।


**शांत रहे :** कुछ तनावपूर्ण स्थितियों में जैसे कि नौकरी के लिए साक्षात्कार, कार्य और इंटरव्यू, या टेस्ट के दौरान पेट का गड़गड़ाना अधिक हो सकता है। इसका कारण यह है कि पेट चाहे भरा हो या खाली इस के बावजूद, चिंता की कारण आंतो की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। तनावग्रस्त होने से पाचन धीमा हो जाता है और अपच की समस्या होने लगती है, इसलिए पेट से आवाज आती है। ऐसे में गहरी साँस लेकर या प्राणायाम कर, चिंता और तनाव के स्तर को कम कर सकते हैं।

# अनचाहे बालों से छुटकारा पाना है, आपके लिए हेयर रिमूविंग के कुछ खास प्रचलित तरीके

अधिकांश महिलाओं के 30 प्रतिशत और पुरुषों के 90 प्रतिशत शरीर पर बाल होते हैं। इनमें भौंह, सीना, कमर, प्यूबिक एरिया, अंडरआर्म्स, चेहरे, हाथ, पैरों आदि पर प्रमुखता से बाल पाए जाते हैं। अक्सर लोगों की इच्छा होती है कि इनमें से कुछ जगहों के बाल हटा दियें जाएं। जिससे उनकी त्वचा साफ-सुथरी दिख सके। हालांकि, खुशी की बात ये है कि कई तकनीकों की मदद से अब अनचाहे बालों से छुटकारा पाने की प्रक्रिया बहुत आसान हो गई है। इनमें से सबसे प्रचलित और आसान तरीकों के विषय में आज हम चर्चा करेंगे।

**प्लकिंग :** ट्वीज़र की मदद से बालों को खींचकर निकाला जाता है। यह खासकर आईब्रो के बालों को शेप करने के लिए उपयोग किया जाता है। यह बालों को हटाने का बेहद सस्ता विकल्प है। साथ ही इसकी मदद से हटाए गए बाल वापस आने में कुछ महीनों का वक्त लेते हैं। इसलिए ये तरीका बेहद प्रचलित और कारगर है। लेकिन ज्यादा प्लकिंग से निशान पड़ने और छोटे-छोटे बालों के उगने की समस्या भी हो जाती है। आज कल बाजार में हाई टेक एपिलैप्टर उपलब्ध हैं। जिनमें इलेक्ट्रिक करेंट का उपयोग होता है और यह बालों से जल्द छुटकारा दिला देते हैं।

**थ्रेडिंग :** इस तकनीक से सबसे ज्यादा ब्यूटी पार्लर और सैलून में बालों को रिमूव किया जाता है। इस तकनीक से महिलाओं के चेहरे के छोटे-बालों को आसानी से हटाया जा सकता है। इसमें दो धागों को घुमाकर बालों को हटाया जाता है। थ्रेडिंग के बाद वापस बाल आने में 4 से 5 हफ्तों का समय लगता है।एशिया और मिडिल ईस्ट की महिलाएं खास तौर पर थ्रेडिंग का उपयोग करती हैं। जबकि एक अध्ययन में पाया गया है कि थ्रेडिंग से त्वचा चिकनी और साफ रहती है। अमेरिका में तो यह आमतौर पर भौंहों के बाल साफ़ करने के लिए इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है।



**वैक्सिंग :** यह भी सबसे प्रचलित तरीकों से में एक है। वैक्सिंग में पिघली मोम को उस जगह पर लगाया जाता है और फिर उसपर कपड़ा या कॉटन स्ट्रिप लगा कर जोर से खींच दिया जाता है। इससे भी बाल जड़ से निकल जाते हैं और वापस आने में इन्हें तकरीबन एक महीने का समय लगता है। यदि आप स्वयं करते हैं, तो अपने बालों को बढ़ने की दिशा में मोम फैलाएं। अपने लैशेस, कान, निपल्स और जननांगों को साफ करें।

**लेज़र हेयर रिमूवल :** यह हाई टेक तरीका आजकल काफी प्रचलन में है। इससे बालों से हमेशा के लिए तो छुटकारा नहीं मिलता लेकिन फिर भी प्लकिंग, थ्रेडिंग या वैक्सिंग की अपेक्षा इससे लंबे समय तक बाल दोबारा उगने में वक्त लगता है। इससे लाइट बीम के माध्यम से बालों पिघल जाते हैं और हेयर फॉलिकल नष्ट कर दिए जाते हैं। हालांकि, यह तरीका थोड़ा महंगा होता है। पूरे शरीर के बाल हटाने में कम से कम 6 से 7 सत्र लगते हैं। इसे साल में कम से कम दो बार करवाना पड़ता है। यह हमेशा के लिए इलाज नहीं है। दूसरी बात समय के साथ वापस उगने वाले बाल आमतौर पर पतले और महीन होते हैं।

**शेविंग :** अगर मीटिंग, शादी या किसी फंक्शन में अचानक जाना हो और आपके पास पार्लर जाने का टाइम नहीं तो शेविंग से झटपट बालों से छुटकारा पाया जा सकता है। मार्केट में कई तरह के रेज़र उपलब्ध हैं, जो कि महिला और पुरुष दोनों के लिए अनचाहे बाल हटाने के लिए बेहद कारगर साबित होते हैं। हालांकि, इससे बाल जड़ तक हट नहीं पाते। इसलिए एक दो दिन में दोबारा उनकी ग्रोथ दिखने लगती है। आजकल बाजार में कुछ कंपनी ने इलेक्ट्रिक व डिस्पोजेबल रेज़र भी निकालें हैं। जो कि महिला और पुरुष दोनों की जरूरतों के हिसाब से अलग-अलग आते हैं।

## इलेक्ट्रोलिसिस

हेयर रिमूवल में यही एक तरीका है जो कि परमानेंट माना जा सकता है। इसमें हेयर फॉलिकल को इलेक्ट्रिक करेंट से हटा दिया जाता है। यह ट्रीटमेंट महंगा होता है। इस प्रक्रिया के दौरान काफी दर्द भी होता है। इसे करवाने में समय लगता है, भले ही आप इसे बालों वाली छोटी जगह पर ही क्यों ना करवाएं। कई ट्रांसजेंडर लोग इसके प्रभावी, स्थायी परिणामों के कारण इस तकनीक का चुनाव करते हैं। लेकिन यह महंगी है। यदि आप ऐसी कोई तकनीक अपनाना चाहते हैं तो किसी अच्छे एक्सपर्ट से राय लेना उचित है।

## कान-नाक के बाल

आपकी नाक के बाल या कुछ आदमियों में कान में भी बाल होते हैं, जो कि किसी भी प्रकार के जीवाणुओं या धूल के कणों को नष्ट करने के लिए होते हैं। हालांकि बाल अधिक उम्र में ही आपको खास परेशान करते हैं। इन बालों से छुटकारा पाने का सबसे सुरक्षित तरीका है गोल किनारों वाली कम तेज कैंची जो खासकर नाक के बाल काटने के लिए ही बनाई गई है या इलेक्ट्रिक ट्रिमर व कान के बाल के लिए डिट्टो। कानों के लिए आप, महंगा जरुर है, लेकिन स्थायी इलेक्ट्रोलिसिस का विकल्प भी चुन सकते हैं।

# त्वचा हेल्दी बनाए रखने के लिए कौन सा विटामिन है आपके लिए ज्यादा फायदेमंद, विटामिन सी या विटामिन ई

आपकी त्वचा को उचित पोषण की आवश्यकता होती है। स्वाभाविक रूप से चमकती त्वचा के लिए आपको विभिन्न कारकों का ध्यान रखना चाहिए। आहार से लेकर पर्यावरणीय तथ्यों तक कई कारक हैं जो आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। सही पोषक तत्व आपकी त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करेंगे और आपको निर्दोष त्वचा देंगे। कई विटामिन आपकी त्वचा के लिए अद्भुत काम करते हैं और आपको कई त्वचा मुद्दों से लड़ने में मदद करते हैं। आप मुँहासे, संक्रमण, काले धब्बे, शुष्क त्वचा, उम्र बढ़ने के संकेत और सही विटामिन के साथ कई तरह की त्वचा के मुद्दों से लड़ सकते हैं। विटामिन सी और ई दो आवश्यक विटामिन हैं जो आपको विभिन्न त्वचा मुद्दों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त करने के लिए आप इन दोनों को मिला सकते हैं।



**त्वचा के लिए विटामिन सी :** विटामिन सी आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विटामिन आपकी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए वरदान है। विटामिन सी आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने में आपकी मदद करता है। यह एन डिटॉक्सीफिकेशन में मदद करता है जिसके परिणामस्वरूप त्वचा में चमक आती है। विटामिन सी भी त्वचा टोन को बढ़ावा देता है और रंजकता और लालिमा को कम करता है। यह कोलेजन उत्पादन को भी बढ़ावा देता है। विटामिन सी आपको जवां त्वचा देगा। यह डार्क स्पॉट्स को भी कम करता है। मुख्य रूप से खट्टे खाद्य पदार्थों में विटामिन सी के कई खाद्य स्त्रोत हैं। आप इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को लाभ प्रदान करेंगे। आप अपने चेहरे पर विटामिन सी सीरम भी लगा सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन ई :** विटामिन ई आपकी त्वचा के लिए एक और अद्भुत विटामिन है। यह बालों के स्वास्थ्य को बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। विटामिन ई सेल फ़ंक्शन और त्वचा स्वास्थ्य का समर्थन करता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। विटामिन ई यूवी नुकसान को कम करने में भी मदद कर सकता है। आप विटामिन ई की मदद से उम्र बढ़ने के संकेतों से भी लड़ सकते हैं। आप अपने आहार में विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। विटामिन ई के कुछ खाद्य स्त्रोतों में शामिल हैं- बादाम, सूरजमुखी के बीज, मूंगफली, हेज़लनट्स, गेहूं के बीज, सोयाबीन का तेल और कई और। विटामिन ई की खुराक भी आसानी से उपलब्ध है। आप आवेदन के लिए विटामिन ई कैप्सूल से अर्क का उपयोग कर सकते हैं।

**त्वचा के लिए विटामिन सी और ई: कैसे उपयोग करें :** आप आवेदन के लिए विटामिन सी और ई सीरम को मिला सकते हैं। विभिन्न त्वचा मुद्दों से लड़ने के लिए विटामिन सी और ई सप्लीमेंट के अर्क को अलग-अलग फेस पैक या किचन सामग्री में मिलाया जा सकता है।

## शुरू होने से पहले विवादों में फिल्म 'बॉर्डर 2'

### फाइनेंसर भरत शाह ने जारी किया नोटिस खुद को फिल्म के वर्ल्ड राइट्स का कंट्रोलर बताया



सनी देओल की अगली फिल्म बॉर्डर 2 शुरू होने से पहले ही विवादों में है। यह फिल्म 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' का सीक्वल है। अब उस फिल्म से जुड़े रहे फिल्म फाइनेंसर और डिस्ट्रीब्यूटर भरत शाह ने 'बॉर्डर 2' के मेकर्स को पब्लिक नोटिस जारी किया है। फिल्म के पहले पार्ट को लेकर पहले ही कोर्ट में केस चल रहा है। भरत शाह और जेपी के बीच हो गए थे मतभेद इस नोटिस के जरिए वकील अजय खटलावाला और लिटिल एंड कंपनी के पार्टनर ने बताया कि उनके क्लाएंट भरत शाह और बीना भरत शाह फिल्म 'बॉर्डर' के वर्ल्ड राइट्स के कंट्रोलर हैं। उन्होंने फिल्म के निर्देशक और निर्माता जेपी दत्ता के साथ समझौता किया था कि वो इस वॉर फिल्म को फाइनेंस करेंगे, लेकिन दोनों पार्टीज के बीच मतभेद हो गए। हालांकि, इससे पहले यह तय हुआ था कि फिल्म का जो भी रेवेन्यू होगा उसको आधा-आधा बांटा जाएगा। इतना ही नहीं जेपी दत्ता को फिल्म पर लग रहे पैसों की जानकारी भी भरत शाह को देनी थी। 2014 में भी बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया था इस नोटिस में कहा गया कि जेपी दत्ता ने भरत शाह और बीना भरत शाह को कभी कोई जानकारी नहीं दी और फिल्म की फाइनेंशियल कंडीशन और प्रॉफिट्स के बारे में भी इन्फॉर्म नहीं किया। ऐसे में अब भरत शाह और बीना भरत शाह ने भारतीय फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर्स काउंसिल में जेपी दत्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इससे पहले 2014 में उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट का भी रुख किया था। यह मामला अब सिविल कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया है। सनी, वरुण और दिलजीत नजर आएंगे साथ सनी देओल और जेपी दत्ता ने हाल ही में साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर के सीक्वल 'बॉर्डर 2' की अनाउंसमेंट की है। फिल्म में पहले सनी के साथ आयुष्मान खुराना नजर आने वाले थे पर अब उनकी जगह वरुण धवन ने ले ली है। 23 जनवरी 2026 में होगी रिलीज सनी और वरुण के अलावा फिल्म में दिलजीत दोसांझ भी दिखाई देंगे। मेकर्स जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारियों पर जुटे हुए हैं। यह 23 जनवरी 2026 में थिएटर्स में रिलीज होगी। इसे गुलशन कुमार, टी-सीरीज और जेपी दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना गर्व की बात, प्रतीक गांधी संग काम कर मिली खास प्रेरणा, कंधार हाईजैक से बटोरी सुर्खियां : पत्रलेखा

एक्ट्रेस पत्रलेखा हाल ही में अपनी वेब सीरीज आईसी-814 कंधार हाईजैक की रिलीज के बाद सुर्खियों में हैं। इसके बाद, वह अपनी अगली फिल्म महात्मा फुले की तैयारी कर रही हैं, जो अगले साल रिलीज होगी। इस बायोपिक में वह सावित्रीबाई फुले का किरदार निभा रही हैं।





**फिल्म फूले की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इस बायोपिक में काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?**

अनुभव बहुत अलग और खास था। यह फिल्म महात्मा फुले पर आधारित एक बायोपिक है। इसमें सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है। फिल्म में एक्टिंग स्टाइल्स, पर्सनालिटीज और एक्टर्स सभी अलग थे। प्रतीक गांधी जैसे शानदार कलाकार के साथ काम करना बेहद खास था। महात्मा फुले और सावित्रीबाई रिफॉर्मर्स थे, उनका सोचने का तरीका हमारे आज के समाज से कहीं आगे था। उन्होंने देश, बच्चों और खासकर लड़कियों के लिए जो काम किया, वह बहुत प्रेरणादायक है। इस फिल्म से मुझे बहुत ताकत मिली।

**आपको सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाने का मौका मिला, कैसा लगा?**

यह मेरे लिए गर्व का पल था। जब मैंने अपनी मां को बताया कि मुझे सावित्रीबाई फुले का रोल मिला है, तो वह सबसे ज्यादा खुश हुईं। यह किरदार निभाना मेरे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके बारे में हम बचपन से पढ़ते आ रहे हैं। इस किरदार के बारे में काफी कुछ लिखा गया है, लेकिन पर्सनालिटी को समझना अलग बात है। आनंद सर, जो हमारे डायरेक्टर हैं, उन्होंने बहुत ही सादगी और प्यार से स्क्रिप्ट लिखी। हमने रीडिंग और रिसर्च के लिए काफी समय लगाया। पूरी टीम के साथ बैठकर हर पहलू पर गहराई से विचार किया। स्क्रिप्ट इतनी अच्छी तरह से लिखी गई थी कि काम बहुत आसान हो गया।

**शूटिंग का शेड्यूल कैसा था?**

फिल्म का शेड्यूल दो महीने का था, और यह काफी कंटिन्यूअस था। हमने भोर, पूना और सतारा जैसी जगहों पर शूटिंग की। हर सीन को बहुत मेहनत और प्यार से फिल्माया गया।

**इस फिल्म से क्या मैसेज देना चाहती हैं?**




सबसे बड़ा संदेश यह है कि सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले की कहानी हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। महाराष्ट्र और गोवा में लोग उन्हें जानते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि नॉर्थ ईस्ट या तमिलनाडु के बच्चे उनके बारे में जानते हैं। यह इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मैं चाहती हूं कि यह हर बच्चे तक पहुंचे। उन्होंने जो विज़न देखा, वह आज भी हमारे समाज को आगे ले जा सकता है, खासकर महिलाओं के लिए।

**अब बात करते हैं आपके वेब सीरीज कंधार हाईजैक की। जब यह प्रोजेक्ट आपके पास आया, तो आपका पहला रिएक्शन क्या था?**

दरअसल, मुझे यह प्रोजेक्ट ऑफर नहीं हुआ था। मुझे पता चला कि अनुभव सिन्हा सर इस सीरीज पर काम कर रहे हैं। मैंने उन्हें कॉल किया और उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की। मैं हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थी। मैंने उन्हें बताया कि मुझे इस शो का हिस्सा बनना है। छह-सात महीने तक मैं उन्हें कॉल करती रही। आखिरकार उन्होंने मुझे बुलाया और कहा- यह रोल है और यह स्क्रिप्ट है, पढ़ लो। स्क्रिप्ट 200 पन्नों की थी, लेकिन इतनी अच्छी तरह से लिखी थी कि हमने इसे बहुत जल्दी खत्म कर दिया।

**यह सीरीज एक रियल लाइफ इंसिडेंट पर आधारित कहानी है। इस तरह के किरदार के लिए तैयारी करना कितना चैलेंजिंग होता है?**

यह काफी चैलेंजिंग होता है, खासकर लेखन के स्तर पर। राइटर्स को बहुत रिसर्च करनी पड़ती है। एक्टर का काम थोड़ा आसान हो जाता है क्योंकि फाइनल स्क्रिप्ट मिल जाती है और आप साइड बाय साइड अपना रिसर्च करते रहते हैं। मैंने यूट्यूब पर काफी वीडियो देखे और बहुत सारी डॉक्युमेंट्रीज़ भी देखीं। लेकिन आप चाहे कितना भी होमवर्क कर लें, जब तक आप सेट पर नहीं पहुंचते, तब तक वह वाइब आपको सही अनुभव नहीं देती। सेट पर आपके को-ऐक्टर्स, कॉस्ट्यूम और स्पेस ही आपको सही मायने में किरदार में उतार देते हैं।

**इस रियल लाइफ घटना के बारे में रिसर्च करते हुए आपको कैसा महसूस हुआ? क्या कोई खास इमोशन था जो आपसे जुड़ गया?**

यह हमारे देश के इतिहास के सबसे काले पलों में से एक था। जिसने भी इस घटना के बारे में सुना, वह हिल गया। फ्लाइट में बैठे लोग जो कुछ झेल रहे थे, वो बहुत ही दर्दनाक था। फ्लाइट एक क्लस्ट्रोफोबिक स्पेस होती है, और उसमें 7 दिन बैठना बहुत मुश्किल था। खाना नहीं था, टॉयलेट्स ओवरफ्लो कर रहे थे। यह एक ऐसा घाव है जो शायद कभी भर नहीं सकता।

### विजय वर्मा के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

बहुत ही अच्छा। मैं विजय को कई सालों से जानती हूं। हमने पहले भी साथ काम किया था, लेकिन उस प्रोजेक्ट में मुझे रोल नहीं मिला। फिर हमने कल्चर नाम की वेब सीरीज में साथ काम किया। विजय बहुत अच्छे दोस्त हैं और उनका करियर देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। कंधार हाईजैक में हमारे साथ में कुछ सीन थे, और उनके साथ काम करना हमेशा से बहुत सहज और मजेदार रहा है।

## स्त्री 2 के मेकर अमर कौशिक बोले- मैंने कभी सोचा नहीं था कि फिल्म को ऐसा रिस्पॉन्स मिलेगा, अब दबाव महसूस कर रहा

अरुणाचल के अंदरूनी इलाके में पले-बढ़े अमर कौशिक को फिल्मों का चस्का बचपन से लग गया था, मगर उन्होंने ये कभी नहीं सोचा था कि बड़े होकर वे बॉलिवुड को न केवल एक नया जॉनर देंगे बल्कि बॉक्स ऑफिस पर धमाल भी मचाएंगे। हम बात कर रहे हैं स्त्री 2 के फिल्मकार अमर कौशिक की। स्त्री और भेड़िया जैसी फिल्में बना चुके अमर की स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्ड वाइड 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। उनसे एक खास बातचीत।

**आपके पिता एक फॉरेस्ट ऑफिसर रहे और मां स्कूल टीचर, तो सिनेमा से तो उनका कोई ताल्लुक नहीं था, आपके भीतर सिनेमा की ललक कैसे जगी?**

सच कहूं तो मेरे सिनेमा के शुरुआती चरण में उन्हीं का योगदान रहा। उन्होंने बचपन में मुझे वीसीआर (विडियो कैसेट रिकॉर्डर) लाकर दे दिया था। हम अरुणाचल में रहते थे, तो वहां अक्सर लाइट नहीं रहती थी, मगर मेरे पिता तो राशन लेने जाते समय मार्केट से 4 कैसेट जरूर लेकर आते थे। हम जब एक फिल्म लगाते तो उसे खत्म होने में चार -पांच दिन लग जाते थे, क्योंकि लाइट बार-बार आती-जाती रहती थी। मैंने प्यार किया और खून भरी मांग जैसी फिल्मों की यादें आज भी जेहन में हैं। बचपन की तमाम फिल्मों को देखने का श्रेय पिता को जाता है। दूसरी तरफ मेरी मां टीचर थीं, तो वे मुझे बहुत ही दिलचस्प कहानियां पढ़ कर सुनाया करती थीं। उन्हें पढ़ने का बहुत शौक था। उनके पास किताबों का जखीरा था। जब बिजली नहीं होती थी, तब मां से कहानियां सुनता और जब इलेक्ट्रिसिटी आ जाती, तो वीसीआर पर फिल्में देखता। इस तरह सिनेमा और कहानियों में में मेरी रुचि मेरे माता-पिता के कारण ही जगी।

**क्या ये सच है कि आपकी शॉर्ट पहली फिल्म आबा आपकी मां का कहानी पर आधारित थी?**

जी बिल्कुल। मास मीडिया कम्युनिकेशन की पढ़ाई करने के बाद मैं मुंबई आ गया। मैं एक लंबे अरसे तक सहायक निर्देशक रहा। मैं आमिर में निर्देशक



राजकुमार गुप्ता का सहायक निर्देशक था और आगे चलकर मैंने नो वन किल्ड जेसिका और घनचक्कर में को-डायरेक्टर का काम किया। ये बात उन दिनों की है, जब यू ट्यूब पर शॉर्ट फिल्मों का दौर चल रहा था। उन दिनों मम्मी भी मेरे पास मुंबई आई थीं। बातों -बातों में मम्मी अरुणाचल की बचपन की बातें सुनाने लगीं। उसी पर मुझे लगा कि ये बहुत दिलचस्प बात है और मैंने मां की कही बातों पर एक शॉर्ट फिल्म बनाने की सोची। मेरे पास बजट नहीं था। मैंने अपने निर्देशक दोस्त राजकुमार गुप्ता और विपुल दीक्षित से पैसे उधार लिए। अरुणाचल जाकर वहां के स्टूडेंट्स को इकट्ठा किया। उनके साथ मिलकर काम किया। एकआंटी से खाना बनवाया। मैंने वहां के ऐसे एक्टर्स लिए जिन्होंने कभी कैमरा फेस नहीं किया था। मैंने एक 80 साल की दादी, 85 साल के दादाजी और 1 पोती को ढूंढा और इनके साथ फिल्म बना कर उसे एडिट किया। जब मैंने ये फिल्म लोगों को दिखाई, तो उन्हें बहुत पसंद आई। मेरी फिल्म आबा को टोरंटो सहित 67 फेस्टिवल्स में दिखाया गया। अब लोगों को पता चल गया था कि चलो कम से कम इसे कहानी कहना तो आता है।

**आपकी फिल्म स्त्री 2 की बात करूं, तो उसने बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बारिश कर दी। क्या ऐसी उम्मीद की थी?**

नहीं ऐसा सोचा तो नही था। सच कहूं, आपके ये बोलते-बोलते मैंने टचवुड भी कह दिया। मैंने तो कभी सोचा नहीं था कि फिल्म को ऐसा रिस्पॉन्स मिलेगा, मगर इतना तय था कि लोगों को मजा आएगा। पिछले 6 सालों से मैं जहां भी जाता था, लोग बस एक ही सवाल की रट लगाते थे कि स्त्री 2 कब आ रही है, तो एक प्रेशर भी बना रहता था। मगर फिर मैंने उस प्रेशर को प्रेशर की तरह न लेकर एक एनर्जी की तरह लिखना शुरू कर दिया। अब फिल्म रिलीज हो गई है और जिस तरह लोगों का प्यार मिल रहा है, वो बहुत अभिभूत करने वाला है। सच कहूं, तो अब दबाव यह है कि अगला क्या बनाऊंगा? मगर मैंने सोचा है कि कुछ नया ही बनाऊंगा।

**हॉरर फिल्मों का हमेशा से एक खास दर्शक वर्ग रहा है, मगर आप तो हॉरर-कॉमिडी जैसा नया जॉनर ले आए?**

हॉरर-कॉमिडी लेकर आना कोई सोची -समझी रणनीति नहीं थी। मुझे निर्देशक के रूप में अपनी पहली फीचर फिल्म बनानी थी। मगर मेरे अंदर कॉमिडी का एक तड़का हमेशा से रहा है। करियर के शुरुआती दौर में भी जब मैं असिस्टेंट था, तब भी हंसी-मजाक वाले दृश्यों में निर्देशक मुझे आगे कर दिया करते थे। मुझे लगता है कि एक दर्शक के रूप में मुझे हंसी-मजाक वाला सिनेमा ही अच्छा लगता है। जब मैं स्त्री बना रहा था,तब लोगों का कहना था कि मुझे हॉरर फिल्म से अपने करियर की शुरुआत नहीं करनी चाहिए, मगर हॉरर के अंदर ह्यूमर मुझमें अपने आप आया। वो किरदार अपने आप आते चले गए। कभी ऐसा प्लान नहीं किया था कि हॉरर-कॉमिडी जैसा कोई नया जॉनर बना रहा हूं। लोगों ने बोल -बोल कर ये नाम दे दिया। मेरा तो बस यही था क ह्यूमर के साथ कोई कहानी बनानी है।

**आपके साथ अन्य दो फिल्में खेल खेल में और वेदा में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम जैसे बड़े स्टार्स थे, मगर उन फिल्मों की तुलना में आपकी फिल्म को मिली जोरदार प्रतिक्रिया के बारे में क्या कहेंगे?**

मैं समझता हूं कि हमारे साथ आई दोनों फिल्में अच्छी थी, मगर हमारी फिल्मों को लोगों ने क्यों इतना सराहा इसका जवाब नहीं है हमारे पास। ये तो ऑडियंस ही जाने। अगर दर्शक हमारे काबू में होता, तो हम हर शुक्रवार को पैसे उड़ा रहे होते। जहां तक बड़े स्टार्स की बात है, तो अक्षय कुमार तो हमारी फिल्म में भी हैं। असल में हम सभी मेकर्स की यही सोच थी कि 15 अगस्त का वीकेंड काफी बड़ा है और सभी को मौका मिल सकता है। मैं तो 13-14 अगस्त तक फिल्म डिलीवर करने के काम में लगा हुआ था। मुझे तो पता ही नहीं था कि बाहरी दुनिया में क्या हो रहा है?

**स्त्री 2 में आप भेड़िया के वरुण धवन और नए एडिशन के रूप में अक्षय कुमार को भी ले आए, अब आगे हॉरर-कॉमिडी यूनिवर्स में नया क्या होगा?**

मैं तो बस यही चाहता हूं कि लोग थिएटर जाने के लिए मिन्नतें करें। मुझे अपना बचपन याद है न कि किसी फिल्म को देखने की ललक कितनी होती थी कि बस देखनी है, तो देखनी है। मैं चाहता हूं कि वो चाहत लोगों में फिर से जगे। टिकट्स ब्लैक हों। वैसा माहौल फिर से आ जाए, तो मजा आ जाए। मैं लोगों को खुशी देने वाली फिल्में बनाना चाहता हूं। जहां तक हॉरर-कॉमिडी के यूनिवर्स की बात है, तो मैं खुद एक्साइटेड हूं कि क्या बनाऊंगा ? हो सकता है, इसमें अब तक के सारे कलाकार हों या नहीं भी हों अथवा कोई नया एडिशन भी हो। मगर इतना तय है कि मैं जबरदस्ती किसी कलाकार को ठूसूंगा नहीं।

## ये मेरा मुल्क है, मेरे बाप का मुल्क है और मेरी आजादी कोई नहीं छीन सकता : सुधीर मिश्रा

इस रात की सुबह नहीं, धारावी, हजारों ख्वाहिशें जैसी फिल्मों से इंडस्ट्री को समृद्ध करने वाले निर्देशक सुधीर मिश्रा हिंदी सिनेमा का एक सशक्त हस्ताक्षर रहे हैं। इन दिनों वह अपनी वेब सीरीज तनाव 2 को लेकर चर्चा में हैं।

**आपको सिनेमा बनाते हुए चार दशक हो गए। इस दौरान फिल्मों की दुनिया सिंगल स्क्रीन से मल्टीप्लेक्स और अब ओटीटी तक कई स्तर पर बदली है। आप इस बदलते दौर के साथ कदमताल करने के लिए खुद को कैसे री-इंवेंट करते हैं?**

वो फितरत होती है। मैं मैथमेटिशियन (गणितज्ञ) का बेटा हूं तो मेरी जिंदगी की ट्रेनिंग ही ऐसी है कि मेरे लिए हर चीज प्रोबेबिलिटी यानी संभावना है कि कभी भी कुछ भी हो सकता है। कोई भी चीज आपके कंट्रोल में नहीं है। आपको दुनिया की इसी हलचल में एग्जिस्ट करना है, जहां कुछ ना कुछ होता रहेगा। नई-नई चीजें आएंगी। बस थोड़ा पढ़े-लिखे होने का फायदा ये होता है कि जो आगे होने वाला होता है, आपको उसका थोड़ा इल्म होता है। जैसे, दुनिया अब्‌द्ध की तरफ जाएगी और अगले पांच-दस साल में तबाही मच जाएगी। सिनेमा ही री-इन्वेंट हो जाएगा। अब जबलपुर, जमशेदपुर में बैठा लड़का फिल्म बनाएगा और सीधे कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंच जाएगा, क्योंकि वह वहां बैठे हुए भी दुनिया, जो कि बेस्ट टीचर है, उससे कनेक्टेड है। वह किसी टीचर पर निर्भर नहीं रहेगा। यह एक बदलाव है और अगर आपको सर्वाइव करना है तो इससे कदमताल करने के अलावा कोई चारा ही नहीं है। आपने कभी हिरण को अजगर के मुंह से निकलने के लिए छटपटाते हुए देखा है? वही बात है। मैं झटपटाता हूं और भाग के निकल लेता हूं क्योंकि मैं सर्वाइव करना चाहता हूं। मैं फिल्में बनाना चाहता हूं। मैं रिटायर नहीं होना चाहता। मैं मरना ही नहीं चाहता। मरूंगा, लेकिन मैं चाहता नहीं हूं। मैं चाहता हूं कि मेरी एक आंख खुली रहे और महाभारत के संजय की तरह कोई बताता रहे कि दुनिया में क्या हो रहा है (हंसते हैं)।



**आपकी फिल्म धारावी हो या सीरीज तनाव, उनमें शहर भी एक अहम किरदार होता है। सीरीज के लिए कश्मीर में शूट का अनुभव कैसा रहा? क्या कुछ मुश्किलें भी आईं?**

मुझे तो कश्मीर जितनी खूबसूरत और आसान जगह शूटिंग के लिए मिली ही नहीं। मैं हाल ही में लखनऊ-कानपुर जैसे इलाकों में शूट कर रहा था, जहां का मैं खुद हूं, वहां ज्यादा तकलीफ होती है। कश्मीर में कम होती है। कश्मीर में वैसे भी कोई तकलीफ हो तो आप शाम को पहाड़ पर घूमने निकल जाए, बस सारी दिक्कत खत्म हो जाती है। वो जगह ही आपको तनावमुक्त कर देती है। वहां के लोग कमाल हैं, खानपान कमाल है, मुझे तो बहुत अच्छा लगा।

**यह सीरीज चर्चित इजराइली ड्रामा फौदा का रीमेक है। एक अडाप्टेशन, जिसे पहले कोई बना चुका है, उसे दोबारा रचने में क्या आकर्षण होता है? क्या आपके सामने एक ढांचा है, कहानी पहले से हिट है तो एक सहूलियत रहती है?**

अभी मैं एक सीरीज समर 77 पर काम कर रहा हूं जो बिल्कुल ही ओरिजिनल है। उसे हमने ही लिखा है, जो यथार्थ पर आधारित है। सच कहूं तो मुझे अडाप्टेशन कभी-कभी ज्यादा मुश्किल लगता है। जो चीज बन चुकी है, उसे फिर से अपने माहौल में नए सिरे से ढालना, वो भी उसी कहानी की सीमाओं में, कभी-कभी मुश्किल खेल हो जाता है। जबकि, ओरिजिनल में आपको पूरी आजादी होती है कि आप जहां चाहो, बह जाओ। यहां सीमाओं के अंदर खेल करना होता है पर कुछ आसानी भी होती है कि प्लॉट लगभग एक ही होता है।

## बेटे को घर छोड़ना मुश्किल, पर करियर से भी प्यार है मां बनने के बाद सबकुछ बदल जाता है : अनीता हसनंदानी

बेटे को छोड़कर शूटिंग पर जाने का मॉम गिल्ट (अपराधबोध) तो हमेशा रहेगा, पर मुझे अपने करियर से भी प्यार है। मैं उसमें भी आगे बढ़ना चाहती हूं... यह कहना है, काव्यांजलि, ये है मोहब्बतें और नागिन जैसे टीवी सीरियल्स में अपनी अदाकारी की छाप छोड़ने वाली एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी का। अनीता, बेटे आरव के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर थीं। अब हाल ही में वह सीरियल सुमन इंदौरी में देविका की नेगेटिव भूमिका के साथ स्क्रीन पर लौटी हैं। ऐसे में, पर्दे पर अपने किरदार के साथ-साथ वह ऑफस्क्रीन कामकाजी मां की नई जिम्मेदारी भी निभा रही हैं। काम और मां के दायित्व के बीच तालमेल के बारे मेंअनीता हसनंदानी बताती हैं, चूंकि आरव चार साल का होने वाला है तो मैं बात करके उसे समझाती हूं कि मैं काम पर जा रही हूं। शाम को वापस आ जाऊंगी और वह समझने लगा है। फिर भी मैं दिन में चार-पांच बार उसे फेसटाइम करती हूं। यह सुनिश्चित करती हूं कि मेरी मम्मी या हस्बैंड उसके साथ रहें।

**अनीता ने कहा- मॉम गिल्ट को कभी नहीं जाएगा :** मुझे ऐसा लग रहा था कि ये मॉम गिल्ट तो कभी नहीं जाएगा। मैं बच्चे को छोड़कर जाने के लिए मेंटली शायद कभी तैयार नहीं हो पाऊंगी, लेकिन मैं अपने करियर से भी प्यार करती हूं। मैं अपना करियर भी आगे बढ़ाना चाहती हूं। इसलिए, जब मुझे सुमन इंदौरी में इतना पावरफुल, पैरलल लीड का ऑफर मिला तो मुझे लगा कि यह चांस



लेना चाहिए। मुझे वह काम करना चाहिए जिससे मुझे प्यार है और जब आरव बड़ा हो जाएगा तो उसे मुझ पर गर्व होगा कि मम्मा आपने अच्छा किया।

**काम पर वापसी को लेकर कंफ्यूज थी :** इस ब्रेक के दौरान अनीता एक्टिंग को मिस करती थीं? यह पूछने पर वह कहती हैं, मिला-जुला अहसास रहता था। कभी लगता है कि अच्छा हुआ कि काम नहीं कर रही हूं, अपने बच्चे को पूरा वक्त दे पा रही हूं। फिर कभी लगता है कि मैं अपनी जिंदगी के साथ क्या कर रही हूं, मुझे काम करना है। असल में, एक बार जब आप मां बन जाती हैं, सब कुछ बदल जाता है। कभी मुझे खुशी होती थी कि चलो मैं घर पर हूं, मगर कई दिन ऐसे होते थे, जब लगता था कि मुझे वापस काम करना है। इसलिए, मैंने बीच-बीच में शोज किए, फिर नहीं किए, क्योंकि मैं भी कंफ्यूज थी कि मुझे करना क्या है, लेकिन अब जब आरव चार साल का हो गया है तो मुझे भी आत्मविश्वास आया कि मैं उससे फेसटाइम पर बात कर सकती हूं। उसे किसी ने डांट दिया तो वह मुझे बता सकता है कि नैनी ने ये कहा, तो मुझे यह भरोसा आ गया कि मैं काम कर सकती हूं।

**पर्दे पर अनीता को देख बेटा आरव ऐसे करता है रिएक्ट :** आरव पर्दे पर अनीता को देखकर कैसे रिएक्ट करते हैं? यह पूछने पर वह बताती हैं, मैं उसे नॉर्मल प्रोमो ही दिखाती हूं। शो के एक सीन में मेरे चेहरे पर कीचड़ उछलता है तो वो रोने लगता है, इसलिए मैं ज्यादा नहीं दिखाती हूं, मगर उसे पता है कि मैं एक्टर हूं।

**टीवी में इमेज तोड़ना मुश्किल :** ये है मोहब्बतें की शगुन और नागिन की विशाखा के बाद अनीता सुमन इंदौरी में भी नेगेटिव रोल ही कर रही हैं। इस टाइप कास्टिंग के लिए टीवी इंडस्ट्री की सोच को जिम्मेदार करार देने वाली अनीता कहती हैं, टीवी की सोच ही ऐसी है। एक बार नेगेटिव रोल कर लो तो मेकर्स को यह कन्वींस करना बहुत मुश्किल होता है कि मैं और कैरेक्टर भी निभा सकती हूं। ऐसे में, मैं किस-किस को कन्वींस करती बैठूं। यहां एक बार जो दिमाग में बैठ जाता है कि वो नेगेटिव अच्छा करती हैं, उसमें फिट बैठती हैं तो वैसे ही रोल मिलते हैं। आपने एक बार जो निभा दिया, उसे बदल पाना बहुत मुश्किल होता है।

**इस शो में अलग है अनीता का रोल :** अनीता कहती हैं, हालांकि, इस शो में रोल भले नेगेटिव है, पर बहुत मजबूत है, परफॉर्मेंस ओरिएंटेड है, इसलिए मेरे लिए एक्साइटिंग है।

लगन के साथ किए गए हर काम का अंजाम सफलता होती है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# पीएम आवास में गाय ने बछिया को जन्म दिया

## मोदी ने दीपज्योति नाम रखा; वीडियो शेयर कर लिखा- इसके माथे पर ज्योति का चिह्न

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में एक गाय ने बछिया को जन्म दिया है। पीएम मोदी ने शनिवार (14 सितंबर) को ट्वीटर पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बछिया को दुलार करते हुए अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। कैप्शन में उन्होंने लिखा, हमारे शास्त्रों में कहा गया है- गाव: सर्वसुख प्रदा:। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।

# एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश, सेना का अधिकारी घायल

## एक हफ्ते में ऐसी दूसरी घटना; सेना ने बारामूला में तीन आतंकी ढेर किए



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) के पास घुसपैठ कर रहे आतंकियों से मुठभेड़ में सेना का एक अधिकारी घायल हो गया। यह मुठभेड़ नौशेरा सेक्टर के कलाल इलाके में हुई। पिछले एक हफ्ते में घुसपैठ का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 9 सितंबर को इस सेक्टर के लाम इलाके में एलओसी के पास भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादी मारे गए थे। उधर सेना ने बारामूला में तीन आतंकी मारे गिराए हैं। किश्तवाड़ में कल दो जवान शहीद हुए थे। दो अन्य घायल हैं। दोनों जगहों पर सेना और पुलिस जॉइंट ऑपरेशन चला रही है।

# हिमाचल का बेटा जम्मू-कश्मीर में शहीद : आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़

बढ़ता राजस्थान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला से ताल्लुक रखने वाले सिपाही अरविंद सिंह (27) जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ से 45 किलोमीटर दूर छात्रु इलाके में शहीद हो गए हैं। आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में अरविंद के अलावा एक अन्य सिपाही भी शहीद हुआ है। अरविंद हमीरपुर के हथोल (घनेटा) गांव का निवासी था। अरविंद के बलिदान होने की सूचना मिलते ही पैतृक गांव में मातम छा गया है। छात्रू इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के कुल दो जवान शहीद हो गए। इसके अलावा मुठभेड़ में दो अन्य गंभीर घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के कमान अस्पताल पहुंचाया गया है। बलिदानी जवानों की पहचान व्हाइट नाइट कोर के नायब सूबेदार विपिन कुमार व सिपाही अरविंद सिंह के रूप में हुई है। अरविंद हमीरपुर जिला के हथोल गांव का निवासी है। धनेटा के साथ लगने वाले इस इलाके में यह सूचना मिलते ही शोक की लहर छा गई है। शहीद का पार्थिव शरीर आज शाम तक पालमपुर पहुंचेगा और राजकीय सम्मान के साथ रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में प्रशासन और सरकार अरविंद के परिवार के साथ है। अंतिम संस्कार में पूरा जिला प्रशासन शिरकत करेगा।

# योगी ने कहा-ज्ञानवापी ही साक्षात विश्वनाथ हैं : दुर्भाग्य से लोग उसे मस्जिद कह रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

**गोरखपुर ( एजेंसी )।** सीएम योगी ने वाराणसी की ज्ञानवापी को साक्षात विश्वनाथ बताया। कहा-ज्ञानवापी ही साक्षात विश्वनाथ हैं। ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। गोरखपुर में हिंदी दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने आदि शंकर की कहानी सुनाई। कहा- आदि शंकर ने जिस ज्ञानवापी के लिए साधना की.. दुर्भाग्य से उस ज्ञानवापी को लोग मस्जिद कहते हैं। यह पहली बार नहीं है जब सीएम योगी ने ज्ञानवापी पर बयान दिया। पिछले साल जुलाई में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था- अगर ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो विवाद होगा। उन्होंने कहा था-त्रिशूल मसज्दि के अंदर क्या कर रहा है। हमने तो नहीं रखे न। ज्योतिर्लिंग हैं, देव प्रतमिाए हैं। पूरी दीवारें चिल्ला-चिल्ला के क्या कह रही हैं। मुझे लगता है कि मुस्लमि समाज की ओर से यह प्रस्ताव आना चाहिए कि ऐतहािसकि गलती हुई है। हिंदी दिवस पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में अयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा- याद करिए, केरल में जन्मा एक संन्यासी आदि शंकर के रूप में भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना करता है।

# जापान-यात्रा से लौटे सीएम भजनलाल, पहनाई 21 किलो की माला

## बीजेपी प्रदेश कार्यालय को सजाया; गोठवाल बोले- राईजिंग राजस्थान को देश-विदेश से मिल रहे सहयोग से विपक्ष बौखलाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राईजिंग राजस्थान समिट के लिए जापान गए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जापान और साउथ कोरिया के दौरे से आज वापस लौट आए हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भारतीय जनता पार्टी की ओर से भव्य स्वागत कार्यक्रम बीजेपी मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

बीजेपी मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले पहले बीजेपी नेता-कार्यकर्ता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जयपुर एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया, इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेंगे।

### बीजेपी नेताओं ने लिया था तैयारियों का जायजा

बता दें कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत के लिए शुक्रवार को तैयारियां पूरी कर ली गई थी। शुक्रवार को भव्य स्वागत की तैयारियों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया।



### पीएम मोदी की कुरुक्षेत्र में एक चुनावी रैली

# मुझे तीसरी बार भेजा दिल्ली, हरियाणा में भी लगेगी जीत की हैट्रिक : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के लोगों से आगामी राज्य चुनावों में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने का आह्वान किया। कुरुक्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि हरियाणा में फिर से बीजेपी की सरकार बनाने में मदद करें। देश के बुजुर्गों को दी गई गारंटी, मोदी ने पूरी कर दी है। मैं हरियाणा के सभी भाइयों-बहनों से कहूंगा कि आप अपने बाल-बच्चों का ध्यान रखिए, आपके माता-पिता की चिंता आपका ये बेटा, आपका ये भाई कर रहा है। हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे सेवा भाव से काम कर रही है। बीते वर्षों में हरियाणा निवेश के मामले में, कमाई के मामले में देश के टॉप राज्यों में पहुंचा है। मुझे इस बात का गर्व होता है। हमने कांग्रेस की सरकार का वो दौर देखा है... विकास का पैसा सिर्फ एक जिले तक सीमित रह जाता था। इतना ही नहीं, वो पैसा किस-किस के जेब में जाता था, इसको भी हरियाणा का बच्चा-बच्चा जानता है। भाजपा ने पूरे हरियाणा को विकास की धारा से जोड़ा है।



भाजपा सरकार के आने से पहले यहां आधे घरों में नल कनेक्शन नहीं था। आज हरियाणा करीब-करीब शत प्रतिशत नल से जल वाला राज्य बन रहा है। जनता की परेशानी से, जनता की समस्याओं से कांग्रेस को कभी कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी देश में और कोई नहीं है। कांग्रेस किसानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती है... उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाती है। सच्चाई ये है कि ये झूठ के अलावा कुछ नहीं है। अगर कांग्रेस में दम है, तो वो कर्नाटक और तेलंगाना में अपनी किसान योजनाएं क्यों नहीं लागू करती कर्नाटक और तेलंगाना में विकास के सारे काम ठप्प हैं। कांग्रेस पार्टी की एक ही नीति है- चुनाव जीतने के लिए जनता का खजाना खाली करो। इसी तरह आप पंजाब की हालत देखिए... क्या कर दी है।

ये लोग एमएसपी को लेकर कितना शोर मचाते हैं, जबकि हमारा हरियाणा देश का वो राज्य है, जो 24 फसलें एमएसपी पर खरीदता है। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं वो लोग कर्नाटक और तेलंगाना में कितनी फसलें एमएसपी पर खरीदते हैं वहां किसानों को कितना एमएसपी देते हैं? भाजपा की केंद्र सरकार ने किसान का बोझ अपने ऊपर लेने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। कर्मचारियों की हितैषी भाजपा सरकार नई पेंशन स्कीम लेकर आई है। इसमें कर्मचारियों के लिए निश्चित पेंशन की गारंटी है। इस नई पेंशन स्कीम का व्यापक स्वागत हुआ है, सरकारी कर्मचारियों ने इस पर खुशी जताई है। कांग्रेस ने किसानों के साथ ही हमेशा देश की रक्षा करने वाले जवानों को भी धोखा दिया है।

# केजरीवाल पत्नी के साथ हनुमान मंदिर पहुंचे

## 177 दिन के बाद रिहा हुए थे, पटाखे जलाने वालों पर एफआईआर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह क्नॉट प्लेस के हनुमान मंदिर पहुंचे। दिल्ली ष्टरूके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी पहुंचे।

मंदिर पहुंचकर केजरीवाल ने पत्नी के साथ भगवान हनुमान को जल चढ़ाया। पुजारी ने उन्हें एक गदा देकर चुन्नी उढ़ाई। पूजा के बाद अरविंद केजरीवाल राजघाट जाएंगे। वे महात्मा गांधी के समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

शराब नीति केस में जमानत मिलने के बाद मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने भी इसी हनुमान मंदिर में बजरंग बली की पूजा की थी। अंतरिम जमानत के बाद 2 जून को सरेंडर करने से पहले भी केजरीवाल ने इसी मंदिर में बजरंग बली के दर्शन किए थे।

उधर, बुधवार को 177 दिन बाद जेल से बाहर आने पर तिहाड़ के बाहर आतिशबाजी हुई थी। इसे लेकर दिल्ली के सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज की गई है। दरअसल, दिल्ली में प्रदूषण के चलते 1 जनवरी 2025 तक पटाखे जलाने पर बैन है।

रिहाई के बाद केजरीवाल बोले- सच्चा था इसलिए भगवान ने साथ दिया अरविंद केजरीवाल 13 सितंबर को शाम करीब 6.15 बजे तिहाड़ जेल से बाहर आए। बाहर आने के बाद उन्होंने कहा- मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है। मेरा जीवन देश के लिए समर्पित है। इन लोगों को लगा कि मुझे जेल में डालकर मेरा हौसला तोड़ देंगे।

# कांग्रेस का सेबी चेयरपर्सन पर नया आरोप

## माधबी बुच का लिस्टेड सिक्योरिटीज और फॉरेन फंड्स में निवेश, यह सेबी कोड का उल्लंघन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस स्पोक्सपर्सन पवन खेड़ा ने एक बार फिर मार्केट रेगुलेटर सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच पर आरोप लगाए हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि माधबी पुरी बुच ने लिस्टेड सिक्योरिटीज और फॉरेन फंड्स में निवेश कर सेबी कोड का उल्लंघन किया है। कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने भी माधबी पर यही आरोप लगाए हैं। पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, माधबी बुच ने होल-टाइम मेंबर और सेबी चेयरपर्सन के रूप में 2017 से 2023 के बीच 36.9 करोड़ रुपए की वैल्यू का लिस्टेड सिक्योरिटीज में ट्रेड किया है। यह बोर्ड के मेंबर के लिए हितों के टकराव पर सेबी के कोड यानी संहिता (2008) की धारा-6 का उल्लंघन है।

### माधबी के पास फॉरेन एसेट्स भी थे

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया है कि 2017 से 2021 के बीच माधबी बुच के पास फॉरेन एसेट्स भी थे। इनमें अमेरिका में वैनगार्ड टोटल स्टॉक मार्केट ईटीएफ, क्रय़ इनोवेशन ईटीएफ, ग्लोबल एक्स स्न्स्ष्ट्व चाइना कंज्यूमर और इन्वेस्को चाइना टेक्नोलॉजी ईटीएफ में निवेश शामिल हैं।

### सेबी चेयरपर्सन चाइना के फंडों में निवेश कर रहीं, यह चिंताजनक

कांग्रेस ने प्रेस रिलीज में कहा, यह जानना अत्यंत चिंताजनक है कि सेबी चेयरपर्सन माधबी बुच चाइना के फंडों में निवेश कर रही हैं। हमारे कुछ सवाल हैं- पहली बार उन्होंने अपने फॉरेन एसेट्स की घोषणा कब की थी और सरकार की किस एजेंसी के सामने की थी? क्या यह सच है कि माधबी बुच अगोरा पार्टनर्स पीटीई (सिंगापुर) में सक्रिय रूप से शामिल थीं, क्योंकि बैंक अकाउंट पर उनके साइन थे?



### एक दिन पहले बुच ने अगोरा एडवाइजरी के संबंध में दी थी सफाई

एक दिन पहले माधबी बुच और उनके पति धवल बुच ने अगोरा एडवाइजरी के संबंध में बयान जारी कर सफाई दी थी। बुच ने स्पष्ट किया था कि सेबी में शामिल होने के बाद उन्होंने कभी भी कंसल्टेंसी फर्म या हाल के आरोपों में नामित किसी भी बिजनेस ग्रुप से जुड़ी किसी भी फाइल को नहीं देखा है। माधबी बुच और धवल बुच ने रेंटल इनकम को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर भी सफाई दी थी। शुक्रवार को एक डीटेल्ड स्टेटमेंट में बुच ने कहा था, %यह आरोप न केवल अपमानजनक, झूठा और परेशान करने वाला है, बल्कि स्पष्ट रूप से गलत भावना से भरा और प्रेरित है।

दरअसल, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार (7 सितंबर) को आरोप लगाया था कि मुंबई में बुच दंपती ने अपने एक लग्जरी अपार्टमेंट को फार्मा कंपनी वॉकहार्ट को रेंट पर दिया।

# प्रधानमंत्री को वंशवाद के बजाय जम्मू-कश्मीर में बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए : उमर अब्दुल्ला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्हें वंशवाद की राजनीति का मुद्दा उठाने के बजाय जम्मू-कश्मीर में 'बिगड़ती' सुरक्षा स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले दिन में डोडा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक वंशवाद ने क्षेत्र को नष्ट कर दिया है और नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# पृथ्वी को मिला 10 मीटर का नया मिनी चांद : 2 महीने धरती के चक्कर लगाएकर सूरज की तरफ लौटेगा


बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पृथ्वी को करीब ढाई महीने के लिए एक छोटा चांद मिला है। यह उसकी गुरुत्वाकर्षण शक्ति को और बेहतर तरह से समझने में मदद करेगा। यह चांद असल में एक एस्टेरॉयड है, जिसका नाम 2024 पीटी5 है। यह 9 सितंबर से अर्थ की ऑर्बिट में घूम रहा है और अगले 77 दिन यानी 25 नवंबर तक ऐसा करता रहेगा।

दरअसल, यह एस्टेरॉयड चांद की तरह पृथ्वी के चक्कर लगा रहा है, इसलिए इसे मिनी मून नाम दिया गया है। पृथ्वी पर 7 अगस्त को एक एस्टेरॉयड खोजा गया था, जिसका डायमीटर लगभग 10 मीटर है। बेहद कम स्पीड होने की वजह से अगले दो महीने में यह एस्टेरॉयड पृथ्वी का एक चक्कर भी पूरा नहीं कर पाएगा।

### पृथ्वी की ग्रैविटी से सूर्य की ऑर्बिट में लौटेगा एस्टेरॉयड

25 नवंबर के बाद 2024 पीटी5 एस्टेरॉयड पृथ्वी की ग्रैविटी से आजाद होकर सूर्य की ऑर्बिट में लौट जाएगा। दरअसल, सूरज के चक्कर लगाते-लगाते यह एस्टेरॉयड धरती के करीब पहुंच चुका है। इस वजह से यह ग्रैविटेशनल फोर्स से खिंचकर पृथ्वी के चक्कर लगाने लगा है। 25 नवंबर के बाद यह धरती से दूर हो जाएगा और इस पर ग्रैविटी का असर भी खत्म हो जाएगा। तब यह वापस सूरज की ऑर्बिट में लौट जाएगा। वैसे तो पहले भी कई एस्टेरॉयड धरती के चक्कर लगा चुके है, लेकिन 2024 पीटी5 इतना धुंधला होगा कि इसे आंखों या दूरबीनों से नहीं देखा जा सकेगा। इसे सिर्फ 22 मैग्निट्यूड वाले एडवांस ऑब्जरवेटरी से देखा जा सकेगा । हार्वर्ड और स्मिथसोनियन की एस्टेरॉयड रिसर्चर फेडेरिका स्पोटो का कहना है कि 2024 पीटी5 से उन अंतरिक्ष




के एस्टेरॉयड के बारे में जानकारी मिलेगी, जिनमें वे भी शामिल हैं जो कभी-कभी पृथ्वी से टकराती हैं।